राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 29 अप्रैल 2026
वर्ष 07, अंक 204, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

जिला क्षय रोग अधिकारी कई महीनों से ड्यूटी से चल रहे गायब...02

कानपुर में पत्नी की हत्या का खुलासाः शराब के ऋकोड ने खोला राज....11

# सबरीमाला मंदिर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने वकील को क्यों लगाई फटकार?

» केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित अन्य संप्रदायों के धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है

» मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान नौ जजों की बेंच ने एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय की दलीलों से नाखुश दिखे. दरअसल, उपाध्याय की दलील मामले से इतर थी. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई है



केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित अन्य संप्रदायों के धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला मामले की सुनवाई से इतर दलीलें देने के लिए एक वकील को फटकार लगाई है. दरअसल, सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई थी। इस दौरान केंद्र सरकार ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं. सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान नौ जजों की बेंच ने एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय से कई बार कहा कि वे अपनी दलीलें विचाराधीन मुद्दों तक ही सीमित रखें।

अपनी दलीलों के दौरान, उपाध्याय ने तर्क दिया कि धर्म पंथ से श्रेष्ठ है, क्योंकि धर्म संघर्षों का स्रोत है. उन्होंने कहा कि पिछले 2000 वर्षों में सांप्रदायिक संघर्षों के कारण भारत 25 टुकड़ों में विभाजित हुआ और पिछले 200 वर्षों में भारत 7 देशों में विभाजित हुआ। हर क्रिया की प्रतिक्रिया होती है, इस बात पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि पीठ को अपने फैसले के परिणामों पर विचार करना होगा।

एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय से कई बार कहा, क्या अगले 25 वर्षों में हम चीन, सिंगापुर या जापान जैसे वैज्ञानिक रूप से एकीकृत देश बनेंगे, या पाकिस्तान, अफगानिस्तान या बांग्लादेश जैसे देश बन जाएंगे? उनके अनुसार, अनुच्छेद 25 और 26 अत्यंत प्रतिबंधात्मक तरीके से लिखे गए हैं और उन्होंने दावा किया कि अनुच्छेद 25 के तहत धर्म का प्रचार करने का अधिकार कुछ पश्चिमी संविधानों में भी मान्यता प्राप्त नहीं है, जिनसे भारतीय संविधान ने कुछ पहलुओं को अपनाया है।

**बहस के दौरान उपाध्याय ने किया डॉ. अंबेडकर का जिक्र**

सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मामले की सुनवाई के दौरान उपाध्याय ने यह भी कहा कि संस्कृत में अंग्रेजी से अधिक अक्षर हैं और दावा किया कि डॉ. अंबेडकर ने इसे राजभाषा बनाने के लिए एक विधेयक पेश किया था. उन्होंने कहा कि अंग्रेजी में 'संविधान' के लिए कोई उपयुक्त शब्द नहीं है. उनके अनुसार, इसका कारण अंग्रेजी भाषा की सीमा है, जिसमें केवल 26 अक्षर हैं जबकि संस्कृत में 52 अक्षर हैं. उन्होंने आगे कहा कि इसलिए, जब हम अंग्रेजी में शब्दों का अनुवाद करते हैं, तो यह बहुत मुश्किल हो जाता है.' उन्होंने यह भी कहा कि धर्म के लिए भी अंग्रेजी में कोई सटीक शब्द नहीं है. उन्होंने बताया कि उन्होंने प्राथमिक विद्यालय की शिक्षा में धर्म को शामिल करने के लिए एक जनहित याचिका दायर की है।

**वकील की दलीलों पर जस्टिस महादेवन ने जताई नाराजगी**

उन्होंने आगे कहा कि न्यायाधीशों को 'महामहिम' कहकर संबोधित करने की परंपरा 'पंच परमेश्वर' की परंपरा से आई है. फिर उन्होंने तर्क दिया कि सभी धर्म समान नहीं हैं. उन्होंने पीठ के समक्ष रामायण, विष्णु पुराण और भगवद् गीता की प्रतियां प्रदर्शित करते हुए कहा कि इनमें से किसी भी ग्रंथ में यह नहीं लिखा है कि इनका पालन न करने वाला व्यक्ति नरक में जाएगा. इस पर न्यायमूर्ति महादेवन ने हस्तक्षेप करते हुए कहा, 'आप हम सभी के द्वारा चर्चा किए जा रहे विषय से भटक रहे हैं. आपने कहा कि संस्कृत में 52 अक्षर हैं; इसी प्रकार, तमिल में 247 अक्षर हैं. इन सब विषयों में न जाएं. मुद्दे पर ही ध्यान केंद्रित करें. एक तरह से कोर्ट ने वकील को फटकार लगाई है।

# डिजिटल अरेस्ट पर कैसे लगेगी लगाम? सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सौंपी रिपोर्ट

डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर सरकार सख्त हो गई है. डिजिटल अरेस्ट मामलों पर सॉलिसिटर जनरल ने स्ट में रिपोर्ट जमा की है। इस रिपोर्ट में केंद्र सरकार ने मामले में उठाए गए कदमों की जानकारी कोर्ट को दी है। केंद्र ने 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी के मामलों को सीबीआई को सौंपने की बात कही और आर बी.आई की ओर से मुआवजा ढांचा तैयार करने समेत अन्य तमाम कदम भी सुझाए. इस विस्तृत रिपोर्ट में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अब तक उठाए गए कदमों और आगे उठाए जाने वाले कदमों के बारे जानकारी दी है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की ओर से दाखिल इस रिपोर्ट में दूरसंचार कंपनियों, बैंकों और डिजिटल प्लेटफार्म की जवाबदेही तय करने समेत ठगी रोकने के लिए ठोस कानूनी व तकनीकी कदम सुझाए गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की ओर से दाखिल इस रिपोर्ट में दूरसंचार कंपनियों, बैंकों और डिजिटल प्लेटफार्म की जवाबदेही तय करने समेत ठगी रोकने के लिए ठोस कानूनी व तकनीकी कदम सुझाए गए हैं। सर्वोच्च अदालत में यह रिपोर्ट गत 9 फरवरी को जारी किए गए निर्देशों के अनुपालन में पेश की गई है, जिसमें तमाम एजेंसियों के बीच कोऑर्डिनेशन बढ़ाने, साइबर फ्रॉड की पहचान मजबूत करने और पीड़ितों के मुआवजे के ढांचे पर काम करने की जानकारी अदालत को दी गई है।

**बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन सिस्टम होगा लागू**

आई4सी की रिपोर्ट में सबसे जरूरी प्रस्ताव



बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन सिस्टम यानी बीआईवीएस को लागू करने का है. इसके जरिए देश के हरेक शख्स को जारी किया गया सिम कार्ड रियल टाइम में ट्रैक किया जा सकेगा। दूरसंचार विभाग को तीन महीने में नियम अधिसूचित करने को कहा गया है। छह महीने में तकनीकी सिस्टम को लागू करने की योजना भी है। सरकार का मकसद है कि दिसंबर 2026 तक पूरे देश में क्रॉस ऑपरेटर सिम मॉनिटरिंग सिस्टम को लागू किया जाए। साथ ही कोई अगर विभिन्न कंपनियों से कई सिम लेने की गतिविधि पर रोक लगाने के लिए प्राइमरी सिम से अनुमित का प्रस्ताव भी रखा गया है।

यानी की आपका एक मुख्य नंबर होगा, जिसके बाद नया सिम उससे लिंक रहेगा और संबंधित व्यक्ति का पता अलग होने पर भी पूरी जानकारी मुख्य नंबर से मिल जाएगी. आई4सी की रिपोर्ट में साफ किया गया है कि सिम जारी करने वाले पीओएस यानी प्वाइंट ऑफ सेल एजेंटों की जिम्मेदारी सीधे टेलीकॉम कंपनियों पर होगी. फर्जी सिम जारी होने पर कंपनियों की जवाबदेही तय होगी।

पीओएस एजेंटों की पहचान और ट्रैकिंग मजबूत करने के लिए यह निर्देश दिए गए हैं. सिम सप्लाई चेन का पूरा डेटा डिजिटल इंटैलिजेंस प्लेटफार्म पर अनिवार्य किया जाएगा. साथ ही कंपनियों को AI आधारित सिस्टम से संदिग्ध कॉल पैटर्न और सिम उपयोग की निगरानी बढ़ाने को भी कहा गया है।

**व्हाट्सऐप के लिए भी उठाए जा रहे कई कदम**

यह रिपोर्ट सीलकवर में एसजी तुषार मेहता द्वारा दाखिल की गई है. डिजिटल अरेस्ट के जरिए ठगी में व्हाट्सऐप या अन्य सोशल नेटवर्किंग ऐप के दुरुपयोग को लेकर भी सरकार ने सख्त रुख अपनाने की जानकारी दी है. रिपोर्ट के मुताबिक व्हाट्सऐप ने सरकार को उठाए गए कई अहम कदम और यूजर्स के डेटा को सुरक्षित करने के संबंध में जानकारी दी है, जिससे कोर्ट को अवगत कराया गया है। इसमें व्हाट्सऐप में डिलीट किए गए अकाउंट का डेटा 180 दिनों तक सुरक्षित रखा जाना. फर्जी डिवाइस आईडी को ब्लॉक करने की व्यवस्था विकसित करना, संदिग्ध कॉल या मैसेज पर यूजर्स को अलर्ट भेजा जाना और पुलिस या एजेंसियों को दुरुपयोग रोकने के लिए एआई सिस्टम को मजबूत करना शामिल है. इसके अलावा सिम बाइंडिंग फीचर लागू करने पर भी काम चल रहा है जिसे अगले छह माह के भीतर लागू करने की योजना है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### भीषण गर्मी में खराब पड़े वॉटर कूलर और हैंडपंप सही कराने उठाई आवाज

**कोंच(जालौन)**- भीषण गर्मी में खराब पड़े हैंडपंप और वॉटर कूलर ठीक कराए जाने की मांग उठाते हुए कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष ने एसडीएम को ज्ञापन दिया है। सोमवार को एसडीएम ज्योति सिंह को ज्ञापन देते हुए कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर पुरोहित ललिया ने बताया नगर में चंदकुआं, स्टेट बैंक, कान्हा गौशाला हाटा, पुराने सरकारी अस्पताल परिसर सहित अन्य स्थानों पर लगे अधिकांश वॉटर कूलर खराब पड़े हुए हैं और कुछेक वॉटर कूलर पानी दे भी रहे हैं, वह गर्म पानी दे रहे हैं। नगर के तमाम स्थानों पर लगे सरकारी हैंडपंप भी खराब पड़े हुए हैं जिससे भीषण गर्मी में आमजन को शीतल पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ललिया ने ज्ञापन में कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ रखे जाने के लिए जिलाधिकारी ने गत दिनों पूर्व संबंधित विभागों को निर्देशित भी किया था लेकिन कोंच नगर में जिलाधिकारी के निर्देशों की खुली अवहेलना की जा रही है। ललिया ने व्याप्त पेयजल समस्या को लेकर नगर पालिका सहित संबंधित विभागों को लापरवाह मानते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### अनुपमा जायसवाल से मिले दोनों डिप्टी सीएम, शीघ्र स्वस्थ होने की कामना



**लखनऊ।** प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य एवं भाजपा के महामंत्री, संगठन धर्मपाल मंगलवार शाम मेदांता अस्पताल में भर्ती पूर्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं बहराइच सदर से विधायक अनुपमा जायसवाल से मिलने पहुंचे। दोनों डिप्टी सीएम ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। डिप्टी सीएम ने कहा कि मातृ शक्ति के हक एवं सम्मान की रक्षा के लिए विधायक अनुपमा जायसवाल सदैव संघर्षशील रहतीं हैं। विधायक अनुपमा जायसवाल हाल में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान पुतला जलाते समय आग की चपेट में आने से झुलस गई थीं।

## जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने कार्ति चिदंबरम केस से खुद को किया अलग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दिल्ली हाई कोर्ट की जज जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम की याचिका पर मंगलवार (28 अप्रैल) को सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। इस याचिका में व्हिस्की की ड्यूटी-फ्री बिक्री पर प्रतिबंध के मामले में एक शराब कंपनी की कथित रूप से मदद करने को लेकर कांग्रेस नेता के खिलाफ दर्ज केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की FIR रद्द किए जाने का अनुरोध किया गया है। जज ने कहा, 'इसे किसी अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए।' अब मामले को 21 जुलाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। कार्ति ने मामले को रद्द करने का अनुरोध करते हुए हाई कोर्ट में आरोप लगाया है कि 1 जनवरी, 2025 को 'अवैध' FIR दर्ज की गई। इसे दर्ज करने में काफी देरी हुई तथा यह दुर्भावनापूर्ण, राजनीतिक प्रतिशोध और बदले की कार्रवाई से प्रेरित है।

**क्या है पूरा मामला?**

याचिका में आरोप लगाया गया है, 'यह FIR दर्ज करने में काफी देरी हुई है, क्योंकि आरोप 2004-2010 की अवधि से जुड़े हैं, जबकि संबंधित FIR 2025 में यानी 20 साल बाद दर्ज की गई।' वकील अक्षत गुप्ता के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि सक्षम अधिकारी की पूर्व मंजूरी लिए बिना अज्ञात लोक सेवकों के खिलाफ ऋढ्ढक्र दर्ज की गई, इसलिए इसे दर्ज किया जाना गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कोई पूछताछ या जांच भी अवैध है। अधिकारियों ने पिछले साल 9 जनवरी को कहा था कि सीबीआई ने भारतीय पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) द्वारा व्हिस्की की ड्यूटी-फ्री बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध के मामले में डियाजियो स्कॉटलैंड को कथित रूप से राहत दिलाने को लेकर कार्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



**अरविंद केजरीवाल ने खोला मोर्चा**

इस बीच, आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली हाई कोर्ट की जज स्वर्ण कांता शर्मा को मंगलवार को पत्र लिखकर कहा कि वह भी आबकारी मामले में उनकी अदालत में पेश नहीं होंगे। इससे एक दिन पहले, पार्टी प्रमुख एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने भी जस्टिस शर्मा को पत्र लिखकर कहा था कि आबकारी मामले में वह न तो व्यक्तिगत रूप से और न ही वकील के माध्यम से उनके समक्ष पेश होंगे।

सिसोदिया ने पत्र में लिखा कि उन्हें न्याय की उम्मीद नहीं है। सत्याग्रह के अलावा उनके पास कोई रास्ता नहीं बचा है। वहीं, केजरीवाल ने जस्टिस शर्मा से मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने की अपील की थी। लेकिन उन्होंने केजरीवाल की याचिका 20 अप्रैल को खारिज कर दी थी जिसके बाद AAP नेता ने सोमवार को उन्हें पत्र लिखा था।

## इंजीनियर रशीद को बड़ी राहत, हाई कोर्ट ने दी एक सप्ताह की अंतरिम जमानत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** टेरर फंडिंग मामले में आरोपित इंजीनियर रशीद को मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने एक सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी। श्रीनगर में वेंटिलेटर पर भर्ती बीमार पिता से मिलने के लिए राहत देते हुए न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह व न्यायमूर्ति मधु जैन की पीठ ने कहा कि रशीद इस दौरान या तो घर पर रहेंगें या फिर अस्तपाल में रहेंगें जहां उनके पिता का इलाज चल रहा है। गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत टेरर फंडिंग के मामले में इंजीनियर रशीद पिछले छह साल से ज्यादा समय से न्यायिक हिरासत में हैं।

**पिता की बीमारी का किया जिक्र**

रशीद की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन ने उनके पिता की बिगड़ती सेहत का जिक्र करते हुए अंतरिम जमानत देने की अपील की। उन्होंने कहा कि उनके मुवक्किल के पिता अपनी जिंदगी के आखिरी पड़ाव पर हैं और उन्हें एक मेडिकल प्रोसीजर के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हरिहरन ने यह भी बताया कि रशीद को इससे पहले जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करने के लिए जमानत दी गई थी।

**एनआईए ने विरोध में रखे ये पक्ष**

वहीं, अंतरिम जमानत की याचिका का विरोध करते हुए एनआईए की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने तर्क दिया कि मुकदमे के दौरान एक गवाह पहले ही अपने बयान से पलट चुका है। हालांकि, हरिहरन ने कहा कि गवाह ने एनआईए द्वारा उत्पीड़न किए जाने का आरोप लगाया था। वहीं, सिद्धार्थ लूथरा ने जवाब में कहा कि गवाह से जुड़े कुछ पहलुओं को कोर्ट के सामने एक सीलबंद लिफाफे में रखा गया है। हालांकि, पीठ ने दस्तावेज की गोपनीयता पर सवाल उठाते हुए पीठ ने पूछा कि इसमें गोपनीय क्या है? पीठ ने पूछा कि आप इसे क्यों नहीं बता सकते? अदालत को नहीं लगता कि इसमें कुछ भी गोपनीय है। इस पर एनआईए ने रिपोर्ट के कुछ हिस्सों को वापस ले लिया और उसे रशीद के वकील को सौंप दिया। एनआईए ने कहा कि रशीद को केवल कस्टडी पैरोल ही दी जानी चाहिए। हालांकि, कोर्ट ने इस अनुरोध से सहमति नहीं जताई। रशीद ने 2024 के लोकसभा चुनावों में बारामूला लोकसभा सीट जीत दर्ज की थी और मार्च 2022 में ट्रायल कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता और यूएपीए की अलग-अलग धाराओं में आपराधिक साजिश, देश के विरुद्ध युद्ध छेड़ने और टेरर फंडिंग के तहत आरोप तय किए थे। आरोप तय करने के खिलाफ रशीद की अपील याचिका हाई कोर्ट में लंबित है।



### यूपी में थानाध्यक्ष पर क्यों लगा 2000 रुपये का जुर्माना?

**लखनऊ।** एक अपराधिक मामले में साक्षी निरीक्षक को जमानती वारंट का नियमानुसार तामिला न कराने पर अपर सत्र न्यायाधीश रविंद्र प्रसाद गुप्ता ने थानाध्यक्ष पारा पर 2000 रुपए का हर्जाना लगाया है, साथ ही निर्देश दिया है कि वह आगामी 21 मई 2026 तक हर्जाना जमा कर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। स्पष्टीकरण तथा हर्जाना न देने पर थानाध्यक्ष पारा के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। पत्रावली के अनुसार वाद की सुनवाई के दौरान अभियुक्त शिवम उर्फ शुभम त्रिवेदी न्यायालय में उपस्थित था, परंतु अभियोजन की ओर से कोई भी साक्षी पेश नहीं किया गया, जिससे वाद की कार्यवाही आगे नहीं बढ़ पाई। न्यायालय ने पत्रावली का अवलोकन किया तो पता चला कि मामले के साक्षी रमेश चंद्र पांडे पिछली आठ तिथियों से न्यायालय के समक्ष साक्ष्य के लिए उपस्थित नहीं हो रहे हैं। अभियोजन ने बताया गया कि साक्षी वर्तमान में हरदोई में निरीक्षक के पद पर तैनात हैं। साक्षी निरीक्षक के विरुद्ध पूर्व में जमानती वारंट भी जारी किया जा चुका है। जिसका तामिला थाना पारा द्वारा नियमानुसार न कराकर केवल सम्मन सेल के द्वारा भेजा गया है। न्यायालय ने कड़ी टिप्पणी करते हुए अपने आदेश में कहा कि थानाध्यक्ष पारा की तरफ से पिछले आठ अवसरों से लगातार किसी भी साक्षी को न्यायालय में पेश नहीं किया गया है, जिससे यह प्रतीत होता है कि उनके द्वारा न्यायालय के आदेशों की अनदेखी की जा रही है।

## सहमति से शारीरिक संबंध रेप नहीं... आरोपी की याचिका पर इलाहाबाद हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

» इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है. कोर्ट ने कहा कि बालिगों के बीच सहमति से लंबे समय तक चले संबंध को बलात्कार नहीं माना जा सकता. एक रेप केस में आरोपी को अग्रिम जमानत देते हुए कोर्ट ने यह टिप्पणी की. कोर्ट ने FIR और पीड़िता के बयान में विरोधाभास पाया।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रेप केस में एक आरोपी की अग्रिम याचिका पर मंगलवार (28 फरवरी) को सुनवाई की. इस दौरान कोर्ट ने एक बड़ी टिप्पणी की. कोर्ट ने कहा कि बालिगों के बीच सहमति से लंबे समय तक चलने वाला शारीरिक संबंध बलात्कार नहीं हो सकता है. कोर्ट ने इस केस में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर करते हुए यह आदेश दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट में जस्टिस राजीव लोचन शुक्ला की सिंगल बेंच ने आरोपी को सशर्त अग्रिम जमानत देते हुए कहा कि वो पुलिस जांच में सहयोग करेगा. इस मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं, जिसके बाद कोर्ट ने यह टिप्पणी की।

**एच सी से अग्रिम जमानत देने की मांग**

जानकारी के मुताबिक आरोपी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा तब खटखटाया जब मामले में कथित पीड़िता ने उसके खिलाफ बीएनएस की अलग-अलग धाराओं के तहत एफ आईआर दर्ज कराई. आरोपी याचिकाकर्ता ने आजमगढ़ के सिधारी थाने में बीएनएस की धारा 64, 115(2) और 351(3) के तहत एफ आईआर दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल करते हुए कोर्ट से अग्रिम जमानत देने की मांग की थी।

**'रेप केस में फर्जी तरीके से फंसाया गया'**

सुनवाई के दौरान याची के वकील ने कोर्ट ने दलील देते हुए कहा कि याची को बलात्कार केस में फर्जी तरीके से फंसाया गया है. उन्होंने कोर्ट में अपनी सारी दलीलें रखीं. कोर्ट ने सभी तथ्यों के आधार पर माना कि सहमति से बालिगों के बीच लंबे समय से चले आ रहे फिजिकल रिलेशन को बलात्कार नहीं माना जा सकता है.

**बयान और एफ आईआर में अलग-अलग बात**

पीड़ित जो एक विधवा है और उसका 15 साल का बेटा है उसने बीएनएसएस की धारा 173(4) के तहत एक अर्जी के आधार पर याची के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई है. बीएनएस की धारा 183 के तहत दर्ज किया गया बयान एफ आईआर में बताई गई कहानी से बिल्कुल अलग है. धारा 183 के तहत दर्ज बयान में आपसी सहमति से संबंध दिखाया गया है और याचिकाकर्ता के खिलाफ बीएनएस की धारा 64(1) के तहत कोई अपराध नहीं बनता है. वहीं याची का कोई क्रिमिनल इतिहास नहीं है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि मामले में महिला ने दावा किया कि उसने 2022 से याचिकाकर्ता से बात करना शुरू किया था. हालांकि कोर्ट में सरकार की तरफ से अग्रिम जमानत याचिका का विरोध किया गया. कहा गया कि याची इस मामले में अकेला नामजद आरोपी है. उसने पीड़िता का फायदा उठाते हुए बंदूक की नोक पर उसके साथ रेप किया।



**'सहमति से शारीरिक संबंध रेप नहीं'**

सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि ऋढ्ढक्रमें यह नहीं बताया गया कि पीड़िता और याचिकाकर्ता के बीच सहमति से रिश्ता था. बीएनएसएस 183 के तहत दर्ज बयान में पीड़िता का दावा है कि उसने साल 2022 से याची से फोन पर बात करना शुरू कर दिया था और उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाए थे. वह लगभग 35 साल की विधवा है जिसका एक 15 साल का बेटा है. सभी तथ्यों के आधार पर कोर्ट ने माना कि सहमति से बालिगों के बीच लंबे समय से चले आ रहे फिजिकल रिलेशन को रेप नहीं कहा जा सकता।

कोर्ट ने कहा कि जहां तक इस घटना का सवाल है जिसमें याची के बारे में कहा गया है कि उसने बंदूक की नोक पर पीड़िता के साथ रेप किया. कोर्ट की राय में यह बीएनएसएस की धारा 183के तहत दर्ज बयान में बताई गई कहानी से मेल नहीं खाती. कोर्ट ने माना कि बीएनएसएस की धारा 183 के तहत दर्ज बयान में याची और पीड़िता के प्रेम संबंध का पता चलता है। मेडिकल जांच के दौरान भी डॉक्टर को दिए गए बयान में पीड़िता और याचिकाकर्ता के 2024 से रिश्ते में होने की बात कही गई है।

**अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर**

याची की पत्नी ने भी पीड़िता को फ़ोन करके बताया कि याची के कई रिश्ते रहे है जिसके बाद उसने याची से संपर्क बंद कर दिया और उसके बाद अक्टूबर 2025 को याची ने पीड़िता के साथ रेप किया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि बीएनएसएस की धारा 173(4) के तहत एक आवेदन के आधार पर दर्ज की गई एफ आईआर में इन डिटेल्स का न होना कोर्ट की राय में प्रथम दृष्टया पूरी प्रॉसिक्यूशन कहानी पर शक पैदा करता है। याची का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है. कोर्ट ने मामले के सभी तथ्यों और हालात को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ता की अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर कर ली।

## संक्षिप्त खबरें

### नदी में मिला 50 वर्षीय व्यक्ति का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी



**बस्ती।** बस्ती जिले में पुलिस की लापरवाही से घट रही है क्षेत्र में घटनाएं ताजा मामला घूमने निकले व्यक्ति की नदी में तैरता हुआ सो मिला कोतवाली थाना क्षेत्र के मूड़घाट स्थित कुंवानों नदी में मंगलवार सुबह एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मुरलीजोत गांव निवासी गंगा राम पुत्र बरसाती के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गंगा राम मंगलवार सुबह करीब 8 बजे घर से निकले थे, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने तलाश शुरू की। करीब एक घंटे तक खोजबीन के बाद परिजन कुंवानों नदी किनारे पहुंचे, जहां मछुआरों ने पानी में एक शव तैरता हुआ देखा। शव को बाहर निकाला गया तो परिजनों ने उसकी पहचान गंगा राम के रूप में की, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।= घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

### अवर अभियंता पर सहकर्मियों का दिनदहाड़े हमला

#### बलरामपुर में बाढ़ खण्ड कार्यालय में CCTV कनेक्शन पहले ही कटा


**बलरामपुर** के बाढ़ खण्ड कार्यालय में अवर अभियंता अरुण कुमार पर उनके ही विभाग के कर्मचारियों ने हमला कर दिया। यह घटना बीते शुक्रवार दोपहर करीब 1:15 बजे अधिशासी अभियंता कार्यालय में हुई, जब परियोजना संबंधी विषयों पर बैठक चल रही थी। अवर अभियंता अरुण कुमार, पुत्र शम्भू नाथ, निवासी अतरौली, सलेमपुर, देवरिया, वर्तमान में बाढ़ खण्ड बलरामपुर में कार्यरत हैं। घटना के दौरान वे अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। तभी प्रारूपकार राजेश कुमार अपने साथियों विकास माथुर, पंकज, अनिल कुमार मिश्रा और अन्य कर्मचारियों के साथ वहां पहुंचे और उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज की, मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। कार्यालय में मौजूद अन्य अधिकारियों ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला, जिसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद अधिशासी अभियंता ने राजेश कुमार से हमले का कारण पूछा। राजेश कुमार ने बताया कि 20 अप्रैल को जिलाधिकारी कार्यालय में चपरासी अमित कुमार और अशोक कुमार ने उन्हें सूचित किया था कि अरुण कुमार ने उनके बारे में अपशब्द कहे थे। इसी बात को लेकर यह विवाद हुआ।इस घटना से जुड़ा एक महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है। अधिशासी अभियंता कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरे का कनेक्शन घटना से पहले ही बाहर से काट दिया गया था। इससे आशंका जताई जा रही है कि यह हमला पूर्व नियोजित था। पीड़ित अवर अभियंता की शिकायत पर कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है और पूरे मामले की जांच जारी है।

### सिद्धार्थनगर में नेशनल हाईवे पर बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले से सोने का लॉकेट छीना

**सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर सोमवार शाम एक महिला से झपटमारी की घटना प्रकाश में आया है। बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश मुंह बांधकर आए और महिला के गले से सोने का लॉकेट छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, ग्राम सेमरियावां निवासी उर्मिला पत्नी विजय कुमार सोमवार की शाम पैदल घर जा रही थी। वह कंचनपुर-चिल्हिया मार्ग पर कपिया चौराहा के पास पहुंची ही थीं कि पीछे से आए मोटर साइकिल सवार दो युवकों ने अचानक झपट्टा मार दिया। बदमाशों ने महिला के गले से सोने का लॉकेट तोड़ लिया और तेज रफ्तार से धनगढ़ा की ओर भाग निकले। घटना के समय महिला ने शोर मचाया, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। वारदात मुख्य सड़क पर होने से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। इस मामले में चिल्हिया थाने में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 304(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

# जिला क्षय रोग अधिकारी कई महीनों से ड्यूटी से चल रहे गायब

- मीडिया पड़ताल में डा0 ए0 के 0 गुप्ता के मनमानी ड्यूटी की खुली पोल
- कई महीनो से क्लीनिक ओपीडी की नही कट रही पर्ची
- ओपीडी की पर्ची न करने से इलाज करने के लिए अस्पताल परिसर में इधर-उधर भटक रहे मरीज




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती-** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना टीवी मुक्त प्रदेश का दावा जिला टीवी चिकित्सालय पूरी तरह से फेल दिखाई पा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी बस्ती डा0 ए के गुप्ता (डिप्टी सीएमओ) कई महीनो से ड्यूटी से गायब चल रहे हैं ड्यूटी से गायब रहने के कारण क्लीनिक ओपीडी में पर्ची नहीं कट रही है और ओपीडी की पर्ची न कटने के कारण क्लीनिक ओपीडी में मरीजों का इलाज नही हो पा रहा है। क्षय रोग से ग्रसित मरीज इलाज के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। ओपीडी का पर्चा कमरा नंबर 08 में कटती है। क्लीनिक ओपीडी कमरा नंबर 03 चलती है जहां पर दोनों कमरों में ताला लटक रहा है। क्लीनिक ओपीडी से संबंधित अन्य कार्य कमरा नंबर 04,05,06,09,10,11,12 व 18 से संचालित होती है। मीडिया टीम की जांच पड़ताल में पता चला कि डा0 ए0 के 0 गुप्ता ड्यूटी से गायब चल रहे हैं और लगभग 06 महीने से न तो ओपीडी की पर्ची कट रही है और न ही 06 महीनों से ओपीडी क्लिनिक चल रहा है। जिला क्षय रोग के रोगियों के लिए बलगम व खून से संबंधित सभी जांच मुफ्त में होता है और एक्स रे भी मुफ्त होता है। ओपीडी क्लिनिक में लगभग 13 कर्मचारियों की तैनाती है जिसमें से कुछ कर्मचारियों की डियूटी कैंप में प्रतिदिन लगी रहती है और कुछ कर्मचारी अस्पताल परिसर में रहते हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी की लापरवाही से ओपीडी क्लिनिक की स्थित बहुत दयनीय हो गई है। कड़ाके की गर्मी के मौसम में भी मरीजों के पीने के लिए स्वच्छ जल की व्यवस्था नहीं है। शौचालय की भी स्थिति दयनीय है। मीडिया पड़ताल में टीबी अस्पताल में कई डॉक्टर ड्यूटी से गायब थे डॉक्टरों की गैर मौजूदगी में मरीज इलाज करने के लिए इधर उधर भटकते दिखे। डा0 आर0 के0 वर्मा भी ड्यूटी से गायब मिले।

सूत्रों की माने तो जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 ए0 के 0 गुप्ता डिप्टी सीएमओ के पद भी कार्यरत हैं। डिप्टी सीएमओ के पद का भौकाल बना कर डियूटी से गायब रहने में सफल है और ओपीडी क्लीनिक पूरी धराशाई हो गई है।

सूत्रों के अनुसार डा0 ए 0 के 0 गुप्ता अंबेडकर नगर जिले में मालीपुर दोस्तपुर के निकट गुप्ता डायग्नोस्टिक सेंटर का संचालन करते हैं और पूरा दिन इसी सेंटर पर रहते हैं एवं स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदार अधिकारियों को प्रतिमाह के हिसाब से सुविधा शुल्क देकर ड्यूटी से गायब रहने में सफल है उक्त प्रकरण में जिला क्षय रोग अधिकारी डा. ए. के. गुप्ता ने बताया कि हम वर्तमान समय में कुदरहा बनकटी क्षेत्र में मेडिकल कैंप कैंप की जांच कर रहे हैं और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजीव निगम ने बताया कि डा0 ए. के. गुप्ता शादी में गई है और 03 दिन का अवकाश लिए हैं इस प्रकार स्पष्ट है कि जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 ए. के. गुप्ता के डियूटी में बड़ा गड़बड़ झाला चल रहा है।

## नहर की रेलिंग से जा टकराई बाइक, 3 घायल



**कोंच(जालौन)-** कैलिया थाना क्षेत्र में पीपरी नहर के समीप सोमवार की देर रात एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नहर की रेलिंग से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें उरई रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, राहुल पुत्र झल्लन (23) निवासी ग्राम चमेड अपनी बहन दुर्गा पत्नी रविन्द्र तथा बहनोई रविन्द्र पुत्र धन सिंह निवासी आलमपुर जिला भिंड एमपी के साथ बाइक से सलैया मंदिर पूजा करने जा रहे थे। रास्ते में पीपरी नहर के समीप बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे रेलिंग से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी जिस पर डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी कोंच भेजा गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन चोटें गंभीर होने के कारण तीनों को जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया गया।

## महिला अस्पताल गली में 'मरीज माफिया' का जाल, मरीजों को बहला-फुसलाकर निजी अस्पतालों तक पहुंचाया जा रहा




- बस्ती में अवैध जांच केंद्रों की भरमार, CMO ने दिए जांच के आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिला महिला अस्पताल के सामने स्थित गली में कथित रूप से मरीज माफिया' सक्रिय होने का मामला सामने आया है। ये लोग मरीजों को बहला-फुसलाकर निजी अस्पतालों और अवैध जांच केंद्रों तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर CMO डॉ. राजीव निगम ने जांच के आदेश दे दिए हैं। सोमवार दोपहर करीब 1-2 बजे एक दुकान में दो महिलाएं बैठी मिलीं, जहां श्रीराम मेडिकल एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के लेटर पैड बड़ी संख्या में रखे थे। दुकान के बाहर हरा पर्दा लगा था, लेकिन कोई बोर्ड नहीं था। ठीक सामने एक अन्य दुकान में लैब और अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित होता मिला। वहां मौजूद युवक डॉक्टर के बारे में पूछने पर बिना जवाब दिए मौके से निकल गए। जांच के दौरान गली में कई छोटी दुकानों में अल्ट्रासाउंड मशीनें और पैथोलॉजी सेंटर संचालित होते पाए गए। टीम के पहुंचते ही कुछ स्थानों पर मरीजों को बाहर निकाल दिया गया, जबकि कई संचालक मौके से फरार हो गए।इसी दौरान एक युवक ने खुद को एक संगठन का जिलाध्यक्ष बताते हुए कैमरा बंद कराने की कोशिश की और धमकी भी दी।

हैरानी की बात यह रही कि पास ही डायल 112 पुलिस की मौजूदगी के बावजूद ये गतिविधियां बेखौफ जारी थीं। CMO डॉ. राजीव निगम ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी। यदि अवैध गतिविधियां पाई जाती हैं, तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जे बी पब्लिक इंटर कालेज में प्रतिभाओं का सम्मान समारोह हुआ आयोजित

- आदर्श इंटर कॉलेज के प्रबंधक जय सिंह चंदेल, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, पूर्व प्राचार्य राजेंद्र पांडे ,पूर्व प्रमुख दद्दन सिंह सहित कई हस्तियां हुई शामिल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम परीक्षार्थियों के लिए आशाओं से भरा रहा। विद्यालयों में सम्मान समारोह आयोजित किए गये जिसमें मेधावी छात्र छात्राओं को गोल्ड मेडल और मोमेंटो देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की जा रही हैं। इसी कड़ी में जनपद के विकासखण्ड बाजार शुकुल सांई मार्केट में स्थित जेबी पब्लिक इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ कालेज के प्रबंधक रामकुमार सिंह द्वारा सर्व प्रथम विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित करने के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में सर्वाधिक अंक 84 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय व माता -पिता तथा गुरुजनों का सम्मान बढ़ाने वाली इंटरमीडिएट की छात्रा ? चांदनी विश्वकर्मा पुत्री सत्येंद्र कुमार को गोल्ड मेडल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।इसी प्रकार हाईस्कूल में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली निदा फातिमा, सौम्या शुक्ला पुत्री रजनीकांत शुक्ला, शिवांगी पांडेय पुत्री कन्हैया लाल पांडेय ने सर्वाधिक अंक हासिल करके प्रतिभाओं द्वारा विद्यालय का गौरव बढ़ाया गया। जनपद के चर्चित समाज सेवी पी के तिवारी ने प्रतिभाओं को राधाकृष्ण की तस्वीर भेंट कर उत्साह बढ़ाया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के उत्तीर्ण सभी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर जेबी पब्लिक इंटर कॉलेज के विशेष प्रबंधक राज कुमार सिंह, आदर्श इंटर कालेज प्रबंधक जय सिंह चंदेल, पूर्व ब्लाक प्रमुख दद्दन सिंह, केसीआरसी इंटर कालेज के सेवा निवृत्त प्राचार्य राजेन्द्र कुमार पांडेय, प्रधानाचार्य परमानंद शुक्ला, जेबी पब्लिक इंटर कॉलेज के प्राचार्य रविंद्र सिंह,तथा सम्मानित किये गये पत्रकारों में वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, माधव बाजपेई शामिल रहे। कालेज के शिक्षक राम फेर यादव, मृदुला शुक्ला, राजेन्द्र कुमार,नेहा , मनीषा यादव, प्रियंका सिंह सहित भारी संख्या में अविभावक उपस्थित रहे और कालेज के शिक्षण व्यवस्था की सराहना की गई।

## आंधी-तूफान से सोलर पैनल क्षतिग्रस्त, मूंग की सिंचाई ठप



**ललितपुर।** जनपद के मड़ावरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पटना मड़ावरा में 27 अप्रैल 2026 को आए तेज आंधी-तूफान और गरज-चमक ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया। अचानक आए तेज हवाओं के झोंकों और गड़गड़ाहट के कारण कई किसानों के सोलर पैनल क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो गई है। जानकारी के अनुसार किसान मुन्ना पुत्र चंदू तथा भगवत पुत्र झगडू समेत कई किसानों के सोलर पंप सिस्टम तूफान की चपेट में आकर टूट गए। सोलर पैनल खराब होने से पंप बंद हो गए हैं, जिससे खेतों में खड़ी मूंग की फसल को समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है। इससे फसल खराब होने का खतरा बढ़ गया है। पीड़ित किसानों का कहना है कि सोलर पंप ही उनकी सिंचाई का मुख्य साधन है, जिसके बंद हो जाने से वह असहाय हो गए हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नुकसान का सर्वे कर उचित मुआवजा प्रदान किया जाए तथा सोलर पैनलों की मरम्मत कराई जाए, ताकि फसलों को बचाया जा सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से त्वरित राहत दिलाने की अपील की है, जिससे किसानों को इस संकट से उबारा जा सके।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डल स्तर पर विकास कार्यों की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में मण्डल स्तर पर विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कराये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही, विभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की निगरानी करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पीएम सूर्यघर, मुख्यमत्री आवास, फैमली आईडी, सेतु निगम, दशमोत्तर छात्रवृत्ति, फार्मर रजिस्ट्री, गेहूं खरीद, भूसा खरीद,सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, स्वच्छता मिशन, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित योजनाओं व परियोजनाओं की समीक्षा की गई। मण्डलायुक्त ने विशेष रूप से लंबित एवं धीमी गति से चल रहे कार्यों में तेजी लाने तथा जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन परियोजनाओ को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से मिल सके। उन्होने यह भी कहा कि हीटवेब से बचाव हेतु समस्त चिकित्सालयों में आवश्यक तैयारिया सुनिश्चित करें। उन्होने यह भी कहा कि प्राइवेट नर्सिंग होम में सीसीटीवी कैमरा क्रियाशील अवस्था में रहें। उन्होने आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से दूरभाष के माध्यम से बात करते हुए गुणवत्तापूर्ण आख्या अपलोड करें।

बैठक का संचालन संयुक्त विकास आयुक्त निर्मल कुमार द्विवेदी ने किया। बैठक में जिलाधिकारी बस्ती श्रीमती कृत्तिका




ज्योत्स्ना, सिद्धार्थनगर शिवशरणप्पा जी. एन., संतकबीरनगर आलोक कुमार, अपर आयुक्त प्रशासन मनोज कुमार तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, जयकेश त्रिपाठी, उप निदेशक पंचायत समरजीत यादव, सीएमओ सिद्धार्थनगर व संतकबीर नगर, डीपीआरओ धनश्याम सागर, डिप्टी सीएमओ डा. ए.के. चौधरी, उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप, भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राजमंगल चौधरी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा. ए.के. गुप्ता, एलडीएम आर.एन. मौर्य, वरिष्ठ सहायक सुहेल अहमद सहित मण्डल स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## दुकान बंद कर कृषि व्यापारियों ने उत्पीड़न के खिलाफ भरी हुंकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं पर हो रही कार्रवाई और उत्पीड़न के खिलाफ कृषि व्यापारियों ने सोमवार को स्थानीय मंडी समिति में विरोध जताया। एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले व्यापारियों ने दुकान बंद कर सांकेतिक हड़ताल किया। व्यापारियों ने सरकार से उत्पीड़न पर रोक लगाने और व्यापारी हित में ठोस निर्णय लेने की मांग की।एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ने कहा कि किसानों तक खाद, बीज और कृषि उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने में व्यापारियों की अहम भूमिका रहती है, लेकिन प्रशासनिक सख्ती और जटिल नियमों से व्यापारी वर्ग परेशान है। उन्होंने मांग उठाई कि गुणवत्ता जांच की मानक प्रक्रिया लागू की जाए और बिना ठोस कारण किसी व्यापारी पर कार्रवाई न हो। व्यापारियों ने बीज कानून को सरल बनाने, पोर्टल पर डाटा प्रविष्टि प्रक्रिया सहज करने तथा दुकानों तक समय से आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की, साथ ही प्रस्तावित सीड बिल 2025 के



सरलीकरण पर भी जोर दिया गया। सभी व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन लगातार संघर्ष करता रहेगा। व्यापारियों ने चेतावनी दिया है कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर हरिओम माहेश्वरी, अनुराग मोदी, अशोक माहेश्वरी, चंद्रभूषण शुक्ल, पवन कुमार बंसल, सहजानंद मिश्र, अमन बंसल, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह, वारिस अली, शहजाद, मुबाशिर, चंद्रभवन तिवारी, राजेंद्र माहेश्वरी, फिदा वारसी, रवि मिश्रा, युधिष्ठिर मौर्य और संजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने विद्यालय समय परिवर्तन को बीएसए को सौंपा ज्ञापन



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (संबद्ध-अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली) के जिलाध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री विनोद निरंजन के नेतृत्व में भीषण गर्मी एवं लू को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत नन्हें-मुन्हें बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए विद्यालयों के समय परिवर्तन हेतु सुबह 7.30 से दोपहर 12.30 तक करने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन बीएसए रणवीर सिंह को सौंपा गया। इसके सम्बन्ध में बीएसए ने सकारात्मक आश्वासन दिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन, ब्लॉक जखौरा अध्यक्ष सत्येंद्र जैन, जिला संगठन मंत्री हरिनारायण चौबे, ब्लॉक बार अध्यक्ष ब्रजेश चौरसिया, ब्लॉक बिरधा उपाध्यक्ष संतोष प्रसाद, अविनेश कुमार मौजूद रहे।

## सीडीओ का बहादुरपुर एवं सिंहपुर में अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों का निरीक्षण

- प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई व बायोगैस प्लांट से आय सृजन, स्वच्छता व ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** मुख्य विकास अधिकारी अमेठी पूजा साहू (आईएएस) द्वारा विकास खंड बहादुरपुर की ग्राम पंचायत बहादुरपुर में संचालित प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई (पीडब्ल्यूएमयू) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यूनिट के संचालन, कचरे के पृथक्करण, प्रसंस्करण एवं उससे होने वाली आय की विस्तृत समीक्षा की गई। ग्राम पंचायत सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि अब तक प्लांट से 2 टन से अधिक श्रेडेड प्लास्टिक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण सड़क निर्माण में उपयोग हेतु उपलब्ध कराया जा चुका है। वर्तमान में मांग न होने के कारण प्लास्टिक कचरे को पृथक कर पारदर्शी एवं सफेद प्लास्टिक को स्थानीय जंक डीलर को 10 रूपए प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय किया जा रहा है, जिससे अब तक 46,000 की आय ग्राम पंचायत के ओएसआर खाते में जमा की जा चुकी है।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाइयाँ पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता संवर्धन एवं ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इन इकाइयों के माध्यम से प्लास्टिक कचरे का पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) कर उसे उपयोगी संसाधन में परिवर्तित किया जा रहा है, जिससे न केवल प्रदूषण में कमी आ रही है, बल्कि ग्राम पंचायतों की आय में भी वृद्धि हो रही है। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं।इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खंड सिंहपुर की ग्राम पंचायत खारा में संचालित 140 घन मीटर प्रतिदिन क्षमता वाले बायोगैस प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्लांट सुचारू रूप से संचालित पाया गया। प्लांट में जैविक अपशिष्ट से उत्पादित बायोगैस का उपयोग 25 KVA क्षमता के जनरेटर के माध्यम से विद्युत उत्पादन में किया जा रहा है, जिससे आटा चक्की एवं स्पेलर मशीन संचालित की जा रही हैं। प्लांट के माध्यम से चालू माह में लगभग 28,000 की आय अर्जित की गई है तथा विगत 6 माह में कुल ?84,000 से अधिक की आय प्राप्त की जा चुकी है।मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि बायोगैस प्लांट स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन, जैविक कचरे के प्रभावी निस्तारण एवं कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की दिशा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। इनसे प्राप्त गैस व ऊर्जा का उपयोग स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ता मिल रही है।मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू (आईएएस) ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपशिष्ट प्रबंधन एवं स्वच्छ ऊर्जा से जुड़ी इन इकाइयों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करते हुए इनसे अधिकतम लाभ प्राप्त किया जाए तथा अन्य ग्राम पंचायतों में भी इस प्रकार के नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाए।

## गौ सम्मान के लिए हिंदूवादी कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन

**कोंच(जालौन)-** गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष साकेत शांडिल्य के नेतृत्व में संत समाज और गौसेवा से जुड़े सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर एसडीएम ज्योति सिंह को ज्ञापन दिया जिसके माध्यम से क्षेत्रवासियों के हस्ताक्षर युक्त पत्र को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की मांग की गई। स्थानीय भारत माता मंदिर पर जुटे विहिप, बजरंग दल आदि हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंच कर एसडीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि भारतीय संस्कृति, अर्थव्यवस्था, मानव आरोग्य, विष मुक्त कृषि और पर्यावरण संतुलन में गाय का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। सदियों से गौवंश भारतीय परंपराओं का प्राण रहा हैं, किंतु वर्तमान परिस्थितियों में उनके उचित संरक्षण और संवर्धन के अभाव में गौवंश की स्थिति दयनीय है। भारत भूमि पर सकल गोवंश स्वस्थ्य, सुखी सम्मानित और सुरक्षित रहे इसके लिए सरकारी स्तर पर और अधिक ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत गौमाता की रक्षा, सेवा और उनके संरक्षण के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री को क्षेत्रवासियों के हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र आपके माध्यम से आगे पहुंचाना चाहते हैं ताकि इस मसले पर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। इस दौरान विहिप जिला उपाध्यक्ष साकेत शांडिल्य, नगर अध्यक्ष संतोष तिवारी, नगर मंत्री सुमित अग्रवाल, गौरव सोनी, आशुतोष रावत, महेंद्र चंदेरिया, सत्येंद्र गुर्जर, अनुज त्रिपाठी, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## ब्राह्मण रक्षा दल के संयोजक प्रेम मिश्रा को पुलिस ने किया हाऊस अरेस्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गाजीपुर।** ब्राह्मण रक्षा दल के संयोजक प्रेमशंकर मिश्रा को उनके आवास पर मंगलवार को हाऊस अरेस्ट कर दिया। बता दें की कुछ दिन पहले करंडा थाने के कटरिया गांव निवासी निशा विश्वकर्मा की पानी में डुबने से मौत हो गई थी। जिसमें जिले की पुलिस ने मामले में कार्रवाई करतें हुए गांव के ही हरिओम पांडेय को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसी प्रकरण को लेकर जब समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल कटरिया गांव निशा विश्वकर्मा के परिजनों से मिलने के लिए पहुंचा गांव में काफी बवाल हुआ था। जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अराजकतत्वों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं जिले शांति व्यवस्था बनाने हेतु जिला प्रशासन ने जिले में धारा 163 लागू कर दिया है। वहीं अखिलेश यादव का भी 29 अप्रैल को गाजीपुर का



(प्रेम शंकर मिश्र को हाऊस अरेस्ट करती पुलिस)।

दौरा है।

मंगलवार को ब्राम्हण रक्षा दल के संयोजक प्रेमशंकर मिश्रा को बरेसर व कासिमाबाद पुलिस द्वारा उनके आवास पर ही हाऊस अरेस्ट कर दिया है। इस संबंध में जब ब्राह्मण रक्षा दल के संयोजक से बात की गई तो उन्होंने बताया की पुलिस के द्वारा हमें हाउस अरेस्ट किया गया है। उन्होंने कहां की करंडा गांव में जो युवती के साथ घटना घटी थी। उससे काफी आहत हूं। उन्होंने कहां पुलिस जब अपनी कार्रवाई कर चुकी थी तो कुछ लोगों ने इस घटना को दुसरे तरिके से दिखाते हुए काफी हंगामा काटा है। जो बेहद ही निंदनीय है, उन्होंने कहा की हम लोगों की बस यही मांग है की पुलिस अपनी कार्रवाई निष्पक्ष तरीके से करें वो कर भी रही है। लेकिन कुछ लोग जिले का माहौल बिगड़ा रहे हैं। ब्राह्मण रक्षा दल के संयोजक ने कहा की किसी भी निर्दोष व्यक्ति के उपर जुल्म ना हो।

## संक्षिप्त खबरें

### ई-रिक्शा की छत पर बैठकर ड्रोन से बनाई रील

**स्टंट करते चार युवकों का वीडियो वायरल**



**लालगंज (रायबरेली)।** गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन से पहले युवाओं की लापरवाही सामने आई है। ई-रिक्शा पर स्टंट करते युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। करीब 41 सेकंड के वीडियो में चार युवक नजर आ रहे हैं। दो युवक ई-रिक्शा की छत पर बैठे हैं। दो अन्य आगे लटकते दिख रहे हैं। छत पर बैठा एक युवक ड्रोन कैमरा चलाता दिखाई दे रहा है। युवक चलते ई-रिक्शा पर खतरनाक स्टंट करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान खुलेआम यातायात नियमों का उल्लंघन किया गया। वायरल वीडियो कोतवाली क्षेत्र के ऐहार गांव के पास का बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है। वायरल वीडियो मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### लखनऊ में क्रिप्टो में निवेश के नाम पर व्यवसायी से ऐंठे 1.15 करोड़ रुपये, जालसाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने क्रिप्टो और एसआइपी में निवेश कराने के नाम पर व्यवसायी राजेंद्र सिंह चौहान से 1.15 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। मुनाफा देख रकम निकालने के सोची तो जालसाजों ने ट्रांसफर कराने के नाम पर रकम मांगी थी। तब पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ।कृष्णानगर थाने में पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर पीके सिंह के मुताबिक राजेंद्र सिंह चौहान पूरन नगर निवासी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में उनकी मुलाकात हिमांशु गिहर उर्फ आजाद से हुई थी। हिमांशु ने खुद को एसआइपी निवेश का जानकार बताया था। इसके बाद बातचीत शुरू हो गई। उसने निवेश के नाम पर कई जानकारी दी। इसके बाद दस गुना मुनाफे का लालच देकर विश्वास में लिया। वर्ष 2021 से 23 के बीच 50 लाख से अधिक का निवेश कराया। इतने रुपये निवेश के बाद भी कोई मुनाफे की रकम नहीं मिली। विरोध पर हिमांशु ने बताया कि उसमें घाटा हो गया है। इसके बाद उसने समझाया और क्रिप्टो में निवेश पर मोटे मुनाफे का लालच दिया। इसमें निवेश कराकर सारा घाटा पूरा कराने का आश्वासन दिया। वर्ष 2023 से 25 के बीच भी करीब 50 लाख का निवेस कराया। चार वर्ष में हिमांशु ने करीब 1.15 करोड़ रुपये का निवेश कराया और सारी रकम हड़प ली। विरोध पर उसने धमकी दी। ठगी का पता चलने पर उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। उसके बाद आरोपित के खिलाफ तहरीर दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**जालसाज ने अपने परिवारीजनों के खाते में ट्रांसफर कर ली रकम**

पीड़ित व्यवसायी राजेंद्र सिंह के मुताबिक हिमांशु ने 93.61 लाख रुपये आनंद इंटर प्राइजेज के नाम से जमा कराए थे। बाद में जब पड़ताल की तो पता चला कि रकम हिमांशु ने अपने परिवारजन के भी कई खातों में ट्रांसफर कराई है। हिमांशु निवेश के दौरान अपनी ईमेल और मोबाइल नंबर लगाता था। जिससे मैसेज और मेल सब उसी के पास आएं।

### केंद्र की मंजूरी के बावजूद यूपी में आलू खरीद में देरी, किसानों को नुकसान

**लखनऊ।** कीमतें गिरने से नुकसान झेल रहे आलू उत्पादक किसानों को केंद्र सरकार ने तो राहत देने का रास्ता खोल दिया है, परंतु प्रदेश के उद्यान विभाग की सुस्ती इसमें रोड़ा बनी हुई है। केंद्र ने बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत प्रदेश सरकार को 20 लाख टन आलू खरीदने की अनुमति दी है। 650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों से आलू खरीदने के लिए 203.15 करोड़ रुपये भी आवंटित कर दिए हैं, परंतु इसके सात दिन गुजरने के बाद भी उद्यान एक क्रय केंद्र भी शुरू नहीं कर पाया है। इस साल आलू उत्पादक किसानों को फसल के दाम कम मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते ही केंद्र ने 18 अप्रैल को यह निर्णय लिया है। इसके बाद उद्यान विभाग को आलू उत्पादक क्षेत्रों में क्रय केंद्रों का संचालन कर खरीद करनी है। सूत्रों के अनुसार, उद्यान विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश मंडी परिषद, यूपी एग्रो, उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हाफेड) और पीसीएफ के माध्यम से खरीद कराई जानी है। वर्तमान में प्रदेश में 2363 शीतगृह संचालित हैं, जिनकी भंडारण क्षमता 202.99 लाख टन है। इस साल 6.98 लाख हेक्टेयर में आलू की बोआई हुई थी और लगभग 253 लाख टन उत्पादन हुआ है। वर्तमान में लगभग 90 प्रतिशत आलू आलू शीतगृहों में भंडारित हो चुका है। ऐसे में सरकारी क्रय केंद्र खुलने पर भी किसानों की कम संख्या में पहुंचने की बात कही जा रही है, वहीं जो कीमत सरकार ने तय की है, उससे भी किसानों को बहुत अंतर नहीं पड़ेगा। हालांकि, इस स्थिति के बाद भी खरीद की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी है। मामले में निदेशक उद्यान बीपी राम ने बताया कि खरीद के संबंध में प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है, जल्द ही क्रय केंद्रों का संचालन शुरू हो जाएगा।

# मलिहाबाद: दबंगई की हद पार

- युवक पर बाइक से जानलेवा हमला
- हत्या के साये में जी रहे परिवार की पुलिस ने नहीं सुनी गुहार
- पुरानी रंजिश में आदित्य प्रताप सिंह को कुचलने की कोशिश
- फरार आरोपी दे रहा धमकियां
- कार्रवाई न होने से रामपुर बस्ती में ग्रामीणों के बीच भारी रोष!

क्राइम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद, लखनऊ।** राजधानी के ग्रामीण अंचल मलिहाबाद में कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए दबंगों ने एक बार फिर आतंक का माहौल पैदा कर दिया है। क्षेत्र के रामपुर बस्ती गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर सरेराह जानलेवा हमला किया गया, लेकिन घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस की सुस्ती ने प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित परिवार, जो पहले ही अपनों को खोने का गम झेल रहा है, अब पुलिस की निष्क्रियता के कारण खौफ और असुरक्षा के साये में जीने को मजबूर है। मिली जानकारी के अनुसार, रामपुर बस्ती निवासी पीड़ित आदित्य प्रताप सिंह अपने चचेरे भाई के घर के बाहर खड़े थे, तभी गांव के ही दबंग प्रमोद कुमार ने रंजिश के तहत उन्हें जान से मारने की नीयत से अपनी तेज रफ्तार पल्सर बाइक से पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत रही कि आदित्य ने ऐन वक्त पर खुद को संभाल लिया, वरना एक बड़ी अनहोनी घट सकती थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित की पत्नी का आरोप है कि प्रमोद कुमार एक शातिर किस्म का व्यक्ति है जो पूर्व में भी उनके परिवार को फर्जी मुकदमों में फंसाकर प्रताड़ित कर चुका है। आरोप है कि वह आए दिन परिवार को जान से मारने की धमकी देता है और रात के समय अपने संदिग्ध साथियों के साथ गांव के बाहर घेराबंदी करता है, जिससे पूरा परिवार घर से निकलने में भी डर रहा है। इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू पुलिस का उदासीन रवैया रहा है। पीड़ित परिवार का कहना है कि हमले की तत्काल सूचना देने के बावजूद पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कोई सक्रियता नहीं दिखाई। गौरतलब है कि पीड़ित के जेठ की पहले ही हत्या हो चुकी है, जिसके बाद से परिवार लगातार न्याय और सुरक्षा की मांग कर रहा है। ऐसे संवेदनशील इतिहास के बावजूद पुलिस द्वारा मामले को हल्के में लेना किसी बड़ी घटना को आमंत्रण देने जैसा है।

स्थानीय ग्रामीणों में भी पुलिस के इस ढुलमुल रवैये को लेकर गहरा आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित ने अब जिला प्रशासन और उच्चाधिकारियों से मांग की है कि आरोपी के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसके ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन के कागजातों की जांच की जाए और उसे तत्काल सलाखों के पीछे भेजा जाए, ताकि गांव में शांति व्यवस्था कायम रह सके और एक निर्दोष परिवार की जान बचाई जा सके।

## 'उद्योग 4.0: विनिर्माण और प्रौद्योगिकी के भविष्य का रूपांतरण विषय पर' महत्वपूर्ण आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ-** राजधानी लखनऊ के इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), यू.पी. स्टेट सेंटर, लखनऊ द्वारा 'उद्योग 4.0: विनिर्माण और प्रौद्योगिकी के भविष्य का रूपांतरण विषय पर एक' विषय पर एक महत्वपूर्ण तकनीकी व्याख्यान का आयोजन दिनांक 28 अप्रैल, 2026 को इंजीनियर्स भवन, आई. ई. आई. , रिवर बैंक कॉलोनी, लखनऊ में किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अभिषेक कुमार, प्रोफेसर एवं डिप्टी डायरेक्टर मैकेनिकल इंजीनियरिंग, जी. सी. आर. जी. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, लखनऊ ने सहभागिता की। अपने व्याख्यान में उन्होंने इंडस्ट्री 4.0 के विभिन्न आयामों, आधुनिक तकनीकों, स्वचालन (Automation), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग के बढ़ते प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री 4.0 के माध्यम से विनिर्माण क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हो रहे हैं, जिससे उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता और दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी उन्नति के साथ-साथ उद्योगों को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनका समाधान नवाचार, कौशल विकास एवं आधुनिक तकनीकों के समुचित उपयोग से संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता इं. वी.पी. सिंह, चेयरमैन, आई. ई. आई. यू. पी. स्टेट सेंटर, लखनऊ द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के तकनीकी व्याख्यान अभियंताओं, विद्यार्थियों एवं उद्योग जगत के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और इससे नई तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए संस्था द्वारा ऐसे कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की बात कही। कार्यक्रम के संयोजक इं. विनोद सक्सेना, ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सफल संचालन एवं समन्वय संस्था के मानद सचिव इं. एन.के. निषाद, द्वारा किया गया। अंत में उन्होंने सभी उपस्थित अभियंताओं, शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रात में घर में घुसकर युवती व मां से छेड़छाड़, विरोध पर बेरहमी से पीटा

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में देर रात घर में घुसकर युवती और उसकी मां से छेड़छाड़ व मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। युवती ने बताया कि सोमवार देर रात गांव के ही ज्वाला उर्फ सत्यम, अनुज, गुड्डू, अर्पित और गौरव जबरन घर में घुस आए। आरोप है कि उन्होंने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। शोर सुनकर उसकी मां बचाने पहुंची। आरोपियों ने उसके साथ भी बदसलूकी की। उसे बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। किसी तरह मां-बेटी ने खुद को बचाया। पीड़िता का आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में पांचों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश जारी है।

## सभी गो सेवकों की एकजुट पहल—गो सम्मान आह्वान अभियान में तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

- इस अभियान की खास बात यह रही कि इसमें किसी भी संगठन विशेष का नाम या बैनर नहीं था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** आज तहसील परिसर में उस समय एक अलग ही जोश और उत्साह का माहौल देखने को मिला, जब सभी गो सेवक साथी एवं गोप्रेमी एकजुट होकर 'गो सम्मान आह्वान अभियान' के अंतर्गत तहसीलदार को ज्ञापन पत्र सौंपने पहुंचे। इस अभियान की खास बात यह रही कि इसमें किसी भी संगठन विशेष का नाम या बैनर नहीं था, बल्कि यह पूरी तरह से समर्पित गोसेवकों का सामूहिक प्रयास था। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित गोभक्तों ने गौ माता के संरक्षण, संवर्धन एवं सम्मान को लेकर अपनी भावनाएं प्रकट कीं। सभी ने एक स्वर में गौ रक्षा से जुड़े मुद्दों पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया और ठोस कदम उठाने की मांग की। ज्ञापन सौंपते समय उपस्थित गोसेवकों में खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे वातावरण में 'गौ माता की जय' के जयघोष गूंजते रहे, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय और ऊर्जा से भर गया। गो सेवकों ने बताया कि यह अभियान किसी संगठन का नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति का है जो गौ माता के प्रति श्रद्धा और सेवा का भाव रखता है। उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा जताई कि गौवंश की सुरक्षा और सम्मान के लिए जल्द से जल्द प्रभावी निर्णय लिए जाएंगे। इस अवसर पर सभी गोप्रेमियों ने एकजुट होकर आगे भी ऐसे प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया।

# भीषण गर्मी में गौ सेवा की अनोखी मिसाल

- गौशाला में शरबत पिलाकर दिया राहत का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिश्रिख (सीतापुर)-** चिलचिलाती धूप और लगातार बढ़ते तापमान के बीच जहां आमजन बेहाल हैं, वहीं बेजुबान पशुओं की पीड़ा को समझते हुए वर्मी स्थित कामधेनु गौ आश्रय केंद्र में एक सराहनीय और मानवीय पहल देखने को मिली। ग्राम प्रधान एवं प्रधान प्रतिनिधि के नेतृत्व में गौशाला में रह रही गायों के लिए शरबत पिलाने की विशेष व्यवस्था की गई, जिससे उन्हें भीषण गर्मी से राहत मिल सके। गौशाला में इस व्यवस्था के तहत नियमित रूप से ठंडे और पौष्टिक शरबत की आपूर्ति की जा रही है, ताकि गायों के शरीर में पानी की कमी न हो और वह लू के प्रकोप से सुरक्षित रह सकें। इसके साथ ही गौशाला परिसर में साफ-सफाई, छायादार स्थान और पर्याप्त पानी की उपलब्धता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस पहल की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में इसकी चर्चा तेज हो गई और स्थानीय लोगों ने ग्राम प्रधान व उनकी टीम की जमकर सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि जिस प्रकार इंसानों के लिए गर्मी में राहत के उपाय किए जाते हैं, उसी तरह पशुओं के लिए भी इस तरह की संवेदनशील पहल समाज के लिए एक प्रेरणा है।प्रधान प्रतिनिधि अमित कश्यप ने बताया कि 'भीषण गर्मी को देखते हुए गौ माता की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। इसी भावना के साथ गौशाला में शरबत पिलाने की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें गर्मी से राहत मिल सके। आगे भी पशुओं की देखभाल के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। 'उन्होंने यह भी बताया कि गौशाला में समय-समय पर पशु चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाता है, जिससे गायों की सेहत बेहतर बनी रहे। इस पहल से न केवल पशु प्रेमियों में खुशी है, बल्कि यह संदेश भी गया है कि बेजुबान जीवों के प्रति संवेदनशीलता ही सच्ची सेवा है। ग्राम प्रधान और उनकी टीम की यह पहल क्षेत्र में एक मिसाल बनकर उभरी है, जो समाज को मानवता और करुणा का संदेश देती है।



## चिलचिलाती धूप में जहांगीराबाद चौराहे पर पानी का संकट

- प्यास बुझाने को नहीं है कोई हैंडपंप
- गतवर्ष उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के सामने लगाया गया था वाटर कूलर प्वाइंट
- काफी समय से बंद पड़ा वाटर कूलर प्वाइंट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां (सीतापुर)।** काफी समय से जहांगीराबाद चौराहे पर तथा उसके आसपास कोई नल न होने से राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है लोग प्यास बुझाने के लिये इधर उधर भटकते रहते हैं।इन दिनों भयंकर गर्मी पड़ रही है तथा लू चलने लगी है ऐसे में यहां पीने के पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। चौराहे के आसपास कोई भी इण्डिया मार्का नल नहीं है जिससे यहां से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इतना ही नहीं जहांगीराबाद में रेउसा-बिसवां मार्ग पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के सामने गत वर्ष एक वाटर कूलर प्वाइंट लगाया गया था जो कुछ ही दिनों बाद खराब होकर बंद हो गया था जो आजतक ठीक नहीं कराया जा सका है। बैंक उपभोक्ताओं को प्यास बुझाने के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। यह हाल सीतापुर-बहराइच मुख्य मार्ग पर जहांगीराबाद चौराहे का है जहां पूरे चौराहे पर कोई भी इण्डिया मार्का नल नहीं है। काफी समय पहले जिला सहकारी बैंक के निकट एक मात्र इंडिया मार्का नल सड़क किनारे लगा था जो काफी समय तक बंद पड़ा रहा फिर उसे ग्राम पंचायत ने उखड़वा लिया जिस कारण चौराहे पर पानी की भारी किल्लत हो रही है।रोजाना सुबह से रात तक सैकड़ों लोगों को प्यास बुझाने के लिये या तो दुकानों व ठेलों पर बिकने वाली 10 या 20 ? की बोतलों को खरीदना पड़ रहा है अथवा चाय मिठाई की दुकानों में झांकना पड़ रहा है। जहांगीराबाद कस्बे से प्रतिदिन सैकड़ों यात्रियों का लखनऊ, महमूदाबाद, सीतापुर, दिल्ली, बहराइच, रेउसा व तम्बौर आदि नगरों की ओर आना जाना रहता है जो जहांगीराबाद चौराहे से ही विभिन्न साधनों द्वारा अपने गंतव्य तक जाते हैं। चौराहे पर प्यास लगने पर उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। यहां गांव में तीन बैंक शाखाएं भी हैं जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना जाना रहता है।गांव तथा क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने नल लगवाये जाने की मांग की है। इस



सम्बन्ध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुनीर अहमद अंसारी ने कहा कि यह समस्या मेरी जानकारी में हैं। जल्द ही पीने के पानी की व्यवस्था सही करायी जायेगी। पन्द्रह दिनों के अन्दर दोनों समस्याओं का समाधान करा दिया जायेगा। इस बारे में ग्राम विकास अधिकारी शैलेन्द्र कुमार भार्गव ने बताया कि जगह मिलते ही जल्द से जल्द नया नल लगवा कर पेयजल की समस्या का समाधान कर दिया जायेगा। बैंक के सामने वाटर कूलर के बंद होने के सम्बन्ध में बताया कि बोरिंग से बालू आने लगी थी जिससे फिल्टर खराब हो गये हैं। इसके अतिरिक्त बिजली की भी समस्या है। इसलिए अभी तक यह वाटर प्वाइंट शुरू नहीं हो सका है। वहां पर इसे हटवाकर जल्द ही दूसरा इण्डिया मार्का हैंडपंप लगवा दिया जायेगा।

## प्राचीन मनकामेश्वर मंदिर में निर्माण कार्य का शुभारंभ

- स्थानीय ग्रामीणों और श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर परिसर में बरामदा निर्माण और जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत शुभारंभ किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मिश्रिख/** विकास खण्ड गोंदलामऊ में स्थित प्रसिद्ध और प्राचीन मनकामेश्वर महादेव मंदिर के कायाकल्प की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। स्थानीय ग्रामीणों और श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर परिसर में बरामदा निर्माण और जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया है।

**प्राचीन धरोहर को सहेजने की पहल**

ग्रामीणों के अनुसार, यह शिव मंदिर काफी पुराना है और आस्था का बड़ा केंद्र है। समय के साथ मंदिर के कुछ हिस्सों को मरम्मत की आवश्यकता थी। अब बरामदे के निर्माण से यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को बैठने और विश्राम करने की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। मंदिर कमेटी और सहयोगियों का लक्ष्य है कि इस कार्य को गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा । मन्दिर जिर्णोद्धार में इस पुनीत कार्य को संपन्न कराने में ग्राम के कई गणमान्य व्यक्तियों का विशेष सहयोग मिल रहा है। जिसमें मुख्य रूप से कवि विनीत तिवारी अधिवक्ता, रवि प्रकाश तिवारी ठेकेदार , गौरव तिवारी, दीपक मिश्रा, राकेश तिवारी इन सभी के संयुक्त प्रयासों और सक्रिय सहयोग से निर्माण कार्य को गति दी जा रही है। जीर्णोद्धार कार्य शुरू होने से स्थानीय निवासियों और शिव भक्तों में हर्ष का माहौल है।

## कवरेज के बहाने बुलाकर पत्रकार की पिटाई, केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के स्टेशन रोड मोहल्ला निवासी एक स्थानीय पत्रकार को सोमवार देर शाम कवरेज के बहाने बुलाकर अज्ञात हमलावरों ने बेरहमी से पीट दिया। हमले में पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला निवासी अभिषेक कुमार बाजपेई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार देर शाम एक अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसमें उसे बेलौली गांव के पास बुलाया गया। वह जैसे ही मौके पर पहुंचा, बाइक सवार दो लोगों ने उस पर बिजली के केबल और सरिया से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। आरोपी घटना के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल पत्रकार का इलाज कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश के लिए जांच की जा रही है।

## प्रेरक कहानी का वीडियो देखकर बच्चों ने जाना संघर्ष का मतलब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार स्थित श्री गणेश विद्यालय इंटर कॉलेज में मंगलवार को जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक शैक्षिक गतिविधि आयोजित की गई। इसमें कक्षा 6, 7 और 8 के बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य अवनींद्र पांडे के निर्देशन में छात्रों को बिहार प्रान्त के एक संघर्षशील बालक की सफलता की कहानी वीडियो के माध्यम से दिखाई गई। बालक बेहद गरीब परिवार से है। उसने हालात से हार नहीं मानी। मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर आगे बढ़ा। कहानी में कक्षा 3 में पढ़ने वाले इस बच्चे ने कक्षा 10 तक के छात्रों को गणित पढ़ाकर अपने परिवार की आर्थिक मदद की। उसकी लगन और हिम्मत ने बच्चों को गहराई से प्रभावित किया। वीडियो के बाद प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम हुआ। संचालन शिक्षक डॉ. कमलाकांत ने किया। उन्होंने बच्चों से सवाल पूछे और उनकी समझ और सोचने की क्षमता को परखा। कार्यक्रम के बाद बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दिया।उन्होंने सीखा कि कठिनाई रास्ता नहीं रोकती, बल्कि मजबूत बनाती है। प्रबंधक कार्तिकेय शंकर वाजपेई ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस तरह की गतिविधियां नियमित रूप से कराई जा रही हैं। इसका उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है।

## अल्पसंख्यक आयोग की नियुक्ति में देरी पर हाई कोर्ट नाराज

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति में हो रही देरी पर नाराजगी जाहिर की है। न्यायालय ने कहा कि पूर्व आयोग का कार्यकाल 2024 में ही समाप्त हो चुका है, इसके बावजूद नई नियुक्तियों को लेकर प्रतिवादियों की स्पष्ट निष्क्रियता साफ दिखाई दे रही है। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 13 मई की तिथि नियत करते हुए, राज्य सरकार को नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में स्पष्ट जवाब देने का आदेश दिया है। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने शम्स तबरेज की जनहित याचिका पर पारित किया है। याचिका में आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की शीघ्र नियुक्ति के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि आयोग में नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। इस पर न्यायालय ने कहा कि चार फरवरी को पिछली सुनवाई पर राज्य सरकार के अधिवक्ता ने बताया था कि प्रक्रिया चल रही है लेकिन आज तक स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। न्यायालय ने राज्य सरकार को अगली सुनवाई तक पूरी स्थिति स्पष्ट करने निर्देश दिए हैं।

## राकेश सचान ने विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रायबरेली:-** मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम,खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग उ0प्र0/प्रभारी मंत्री जनपद राकेश सचान ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति एवं विकास कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित कराया जायें कि कोई पात्र व्यक्ति आवास से वंचित न रहें। निराश्रित गोवंश की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि गर्मी के दृष्टिगत पशुओं को लू/हीटवेव से बचाव हेतु सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कराया जाये। शत प्रतिशत निराश्रित गोवंशों को आश्रित कराया जायें, गोशालाओं में हरे चारे, छाया आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाए, गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत लोगों को प्रेरित कर अधिक से अधिक गोवंशों की सुपुर्दगी करायें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों को शीघ्र ही पूर्ण कराया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत इस वित्तीय वर्ष में अधिक से अधिक जोड़ों का रजिस्ट्रेशन कराकर लाभान्वित कराया जाए। प्रभारी मंत्री ने आयुष्मान कार्ड की समीक्षा में निर्देश दिये कि पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जायें। किसानों को सिंचाई हेतु नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कराया जाए, जिससे किसानों को फसल सिंचाई में कोई दिक्कत न हो, किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत आपूर्ति भी रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित करायी जायें। ग्रामीण क्षेत्रों में जले हुए ट्रांसफार्मर को निर्धारित समय में रिप्लेस कराया जाए। पीएमजीवाई विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सड़कों की नवीनीकरण/मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए, इसके साथ ही निर्माणकार्य की गुणवत्ता भी सुनिश्चित कराई जाए। सभी विभाग अपने लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करायें, विगत वित्तीय वर्ष के निर्माणाधीन कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि माह मई तक कार्य योजना तैयार कर अक्टूबर एवं नवम्बर तक कार्यों को नियमानुसार पूर्ण करा लिया जाए। इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चन्द्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मजदूर: शहरों का ढांचा बुनने वाले, फिर भी हाशिए पर खड़े सपने

[शहर के बाहर खड़े असली निर्माता– जिनके बिना स्मार्ट इंडिया भी अधूरा]
[धूल, पसीना और सपना: मजदूर की वो कहानी जो नीतियों को शर्मिंदा करती है]



भोर की पहली किरण जब शहर की नींद पर धीरे से दस्तक देती है, उसी समय किसी निर्माण स्थल पर हथौड़े की चोटें नए कल की नींव रखने लगती हैं। यह ध्वनि केवल पत्थर नहीं तराशती, बल्कि उस भविष्य को गढ़ती है जिसे हम विकास के नाम से पहचानते हैं। धूल से सने, छालों से भरे ये हाथ ही वे अदृश्य निर्माता हैं, जिनकी मेहनत से कांच जैसी ऊँची इमारतें, चौड़ी सड़कों की रेखाएँ और उड़ान भरते एयरपोर्ट खड़े होते हैं। सुबह पाँच बजे चाय की भाप के बीच वे अपने बच्चों के सपनों को संवारते हैं, जबकि स्वयं शहर की रोशनी से दूर, तिरपाल के साए में रातें काटते हैं। उनकी थकान ही उनकी ताकत है–जीने की, बनाने की और टूटे सपनों को फिर से खड़ा करने की अदम्य जिद। 1 मई इस सच्चाई का स्मरण कराता है कि जिनके हाथों से दुनिया बनती है, उनकी आवाज़ कभी दबाई नहीं जा सकती–वह हर युग में उठती है और व्यवस्था की नींव हिला देने का सामर्थ्य रखती है।

ये मजदूर जिसे हम 'अनस्किल्ड' कहकर खारिज करते हैं, दरअसल सबसे जरूरी स्किल रखते हैं – वो स्किल जो मशीनें अभी सीख नहीं पाईं। ये लोग बिना तकनीक के भी प्रकृति के संकेत पहचान लेते हैं, सीमित संसाधनों में समाधान खोज लेते हैं और छोटी-सी सजगता से बड़े जोखिम टाल देते हैं। शहरों की ऊँचाइयाँ इन्हीं के परिश्रम से आकार लेती हैं, फिर भी वे व्यवस्था के किनारों पर ही खड़े रह जाते हैं। कोई तपती सड़क पर डिलीवरी करता है, कोई आग की लपटों में वेल्डिंग कर भविष्य गढ़ता है, तो कोई दूसरों के घरों में सेवा देकर जीवन को सहारा देता है। उनकी पहचान फिर भी केवल 'मजदूर' तक सिमटी रहती है। वास्तव में वे समाज की रीढ़ हैं–जिनके बिना आधुनिकता का ढांचा ढह सकता है, और अगर ये हाथ थम जाएँ तो स्मार्ट सिटी का सपना भी बिखर जाएगा।

विकास की ऊँचाइयों पर खड़ा आज का भारत, उन्हीं श्रमिक हाथों की नींव पर टिका है जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। हालिया आंकड़े बताते हैं कि अनौपचारिक क्षेत्र लगभग 12.81 करोड़ श्रमिकों को रोजगार देता है, जबकि निर्माण क्षेत्र में 90 प्रतिशत से अधिक कार्यबल असंगठित है। करीब 15 करोड़ प्रवासी मजदूर अर्थव्यवस्था को गति दे रहे हैं और अनौपचारिक क्षेत्र कुल जीडीपी का लगभग 50 प्रतिशत योगदान करता है।

ई-श्रम पोर्टल पर 31 करोड़ से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं। ये केवल आँकड़े नहीं, बल्कि उन अनगिनत कहानियों की गवाही हैं जहाँ पेट भरने के लिए कोई बिहार से दिल्ली, कोई उत्तर प्रदेश से मुंबई पहुँचता है। उनकी निःशब्द मेहनत ही देश की प्रगति का असली आधार है। अब एआई का युग है। हम स्मार्ट सिटी, ऑटोमेशन और रोबोटिक्स की बात करते हैं, लेकिन एआई भी कहीं न कहीं श्रमिकों की स्किल पर ही निर्भर है। यह डिजाइन बना सकता है, ड्रोन नियंत्रित कर सकता है और डिलीवरी मार्ग सुधार सकता है, पर ईंट उठाना, वेल्डिंग करना या कठिन परिस्थितियों में काम पूरा करना आज भी मनुष्य के ही बस की बात है। एआई गिग वर्कर्स को बेहतर अवसरों से जोड़ रहा है और 2026 तक एआई-आधारित गिग अर्थव्यवस्था के 335 बिलियन डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है। फिर भी, एआई थकान का अनुमान लगा सकता है, पर वह वह धैर्य और जिद नहीं दे सकता जो एक मजदूर बारिश में भी काम करते हुए दिखाता है। एआई मजदूरों का विरोधी नहीं, बल्कि सही उपयोग होने पर उनका सहयोगी बन सकता है।

मजदूरों का संघर्ष अब केवल वेतन या कार्य-घंटों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सम्मान, सुरक्षा और सुरक्षित भविष्य की लड़ाई बन चुका है। गिग अर्थव्यवस्था में काम करने वाले लाखों युवा तपती धूप और ठंडी रातों में सेवाएँ देते हैं, फिर भी उन्हें पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलती। महिलाएँ घरेलू कार्य से लेकर निर्माण स्थलों तक अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, लेकिन समान अवसर और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अभी भी गंभीर कमी है। 1 मई 2026 इन्हीं प्रश्नों–महिला सशक्तिकरण, कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय–पर केंद्रित है। इतिहास साक्षी है कि मजदूरों की एकजुटता ने बदलाव रचे हैं, चाहे 1886 का शिकागो हो या आज का भारत। उनकी चुप्पी भी एक गहरा प्रश्न छोड़ती है–क्या उनकी भागीदारी के बिना प्रगति संभव है?

हमें ऐसे समाज की आवश्यकता है जहाँ मेहनत को किसी वर्ग या दर्जे से नहीं, बल्कि उसके वास्तविक मूल्य और गरिमा के आधार पर देखा जाए। जहाँ कोई बच्चा अपने पिता को मजदूर कहकर शर्मिंदा न हो, बल्कि पूरे गर्व से उनका सम्मान करे। नीतियाँ ऐसी हों कि एआई मजदूरों का सशक्त सहायक बने–उन्हें ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण, वास्तविक समय सुरक्षा निगरानी और न्यायसंगत आय की सुनिश्चितता दे। निर्माण स्थलों पर एआई-सहायता प्राप्त आधुनिक उपकरण श्रम का बोझ भले हल्का करें, लेकिन आत्मसम्मान और गौरव को कभी कम न करें। जब तक उनकी मुस्कान विकास की मुख्यधारा का हिस्सा नहीं बनती, तब तक हर उपलब्धि अधूरी ही रहेगी।

श्रम की धड़कनों से गढ़ी यह दुनिया किसी एक दिन की पहचान नहीं मांगती, बल्कि निरंतर सम्मान चाहती है। इस 1 मई को केवल अवकाश न समझें, बल्कि उन हाथों को महसूस करें जो ईंट-पत्थर जोड़कर हमारे सपनों के शहर बनाते हैं। उनकी जीवन-कहानियों को सुनें, उनकी आवाज़ को मंच दें और उनके परिश्रम को वह स्थान दें जो वास्तव में उनका अधिकार है। वे लोग जो शहरों की परछाइयों में रहकर भी राष्ट्र की प्रगति का भार उठाते हैं, असली निर्माता वही हैं। जब हर श्रमिक का सम्मान समाज की ऊँचाई बनेगा, तभी विकास का अर्थ पूर्ण और सार्थक होगा। यह दिन हमें याद दिलाता है कि परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति श्रम के मौन पसीने में छिपी होती है।

**कृति आरके जैन**

## भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता: किसानों, व्यापारियों, युवाओं और द्विपक्षीय संबंधों के लिए नए अवसरों का युग

भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) केवल एक आर्थिक करार नहीं है, बल्कि यह दोनों देशों के बीच गहरे होते भरोसे, सहयोग और भविष्य की साझा संभावनाओं का प्रतीक भी है। इस समझौते के जरिए न सिर्फ व्यापारिक रिश्तों को नई गति मिलेगी, बल्कि किसानों, व्यापारियों, छात्रों और नौकरीपेशा युवाओं के लिए भी नए दरवाजे खुलेंगे। यह डील ऐसे समय में सामने आई है जब वैश्विक अर्थव्यवस्था कई चुनौतियों से गुजर रही है और देशों के बीच मजबूत साझेदारी की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है। इस समझौते पर भारत की ओर से वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले ने हस्ताक्षर किए, जबकि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने इसे दोनों देशों के लिए ऐतिहासिक बताया। यह समझौता अब न्यूजीलैंड की संसद में अनुमोदन के बाद पूरी तरह लागू होगा, लेकिन इसके संभावित प्रभाव अभी से चर्चा का केंद्र बन चुके हैं। एफटीए के तहत न्यूजीलैंड भारतीय निर्यात पर लगभग सभी टैरिफ समाप्त कर देगा, जिससे भारतीय उत्पाद वहां सस्ते और अधिक प्रतिस्पर्धी बन जाएंगे। इसके जवाब में भारत भी न्यूजीलैंड से आने वाले लगभग 95 प्रतिशत उत्पादों पर शुल्क में भारी कमी करेगा। इस तरह यह समझौता द्विपक्षीय व्यापार को संतुलित और व्यापक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले पांच वर्षों में दोनों देशों ने व्यापार को 5 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, जो वर्तमान स्तर की तुलना में एक बड़ा उछाल होगा। इस समझौते का सबसे बड़ा लाभ भारत के उन क्षेत्रों को मिलेगा जो निर्यात पर निर्भर हैं। रेडीमेड गारमेंट्स, चमड़ा, जूते, समुद्री उत्पाद, आभूषण, इंजीनियरिंग सामान और हस्तशिल्प जैसे सेक्टर न्यूजीलैंड के बाजार में बिना शुल्क के प्रवेश कर सकेंगे। इससे भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ेगी और देश के एमएसएमई सेक्टर को मजबूती मिलेगी। छोटे और मध्यम उद्योग, जो अक्सर वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाते हैं, उन्हें इस डील के जरिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी पहचान बनाने का मौका मिलेगा। किसानों के लिए भी यह समझौता राहत लेकर आया है। हालांकि भारत ने डेयरी, कॉफी, मसाले, खाद्य तेल और कुछ अन्य संवेदनशील कृषि उत्पादों को इस समझौते से बाहर रखा है, ताकि घरेलू किसानों को नुकसान न हो। यह एक संतुलित रणनीति है, जिससे जहां एक ओर व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर किसानों के हितों की भी रक्षा होगी। दूसरी तरफ, भारत को न्यूजीलैंड से लकड़ी, कोकिंग कोल और धातु स्क्रैप जैसे औद्योगिक कच्चे माल पर ड्यूटी-फ्री पहुंच मिलेगी। इससे भारतीय उद्योगों की उत्पादन लागत कम होगी और विनिर्माण क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। यह समझौता केवल वस्तुओं के व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा क्षेत्र और मानव संसाधन के आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देता है। भारतीय युवाओं के लिए यह एक बड़ा अवसर बनकर सामने आया है। इस डील के तहत हजारों भारतीय पेशेवरों को न्यूजीलैंड में काम करने के लिए अस्थायी वीजा मिलेगा। आईटी विशेषज्ञ, इंजीनियर, डॉक्टर, नर्स, योग प्रशिक्षक, शेफ और संगीत शिक्षक जैसे पेशों के लिए नए अवसर खुलेंगे। इससे न केवल युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिलेगा, बल्कि भारत के सेवा क्षेत्र के निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। छात्रों के लिए भी यह समझौता बेहद लाभकारी साबित हो सकता है। विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित एसटीईएम विषयों में पढ़ाई करने वाले छात्रों को न्यूजीलैंड में पढ़ाई के बाद तीन साल तक काम करने की अनुमति मिलेगी। यह प्रावधान भारतीय छात्रों को वैश्विक शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करेगा। साथ ही, 'वर्क एंड हॉलीडे' वीजा के जरिए युवा पढ़ाई और काम के साथ-साथ विदेश में रहने का अनुभव भी हासिल कर सकेंगे। इस समझौते का असर आम उपभोक्ताओं पर भी दिखाई देगा। न्यूजीलैंड से आने वाले कई उत्पाद जैसे कीवी, सेब, चेरी, ब्लूबेरी और एवोकाडो भारतीय बाजार में सस्ते हो सकते हैं। इसके अलावा, बच्चों के लिए फॉर्मूला मिल्क, कुछ धातु उत्पाद और औद्योगिक कच्चे माल की कीमतों में भी कमी आ सकती है। हालांकि वाइन जैसे कुछ उत्पादों पर टैरिफ में चरणबद्ध कमी की व्यवस्था की गई है, ताकि घरेलू उद्योग को अचानक प्रतिस्पर्धा का सामना न करना पड़े। फार्मास्यूटिकल सेक्टर के लिए भी यह समझौता सकारात्मक संकेत लेकर आया है। मेडिकल डिवाइस और दवाओं के लिए नियामकीय प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है, जिससे भारतीय कंपनियों को न्यूजीलैंड के बाजार में प्रवेश आसान होगा। इससे लागत कम होगी और दवाओं की उपलब्धता में सुधार आएगा। भारतीय फार्मा कंपनियां, जो पहले से ही वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी हैं, अब इस नए अवसर का लाभ उठा सकेंगी। इस समझौते का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक और कूटनीतिक संबंधों को भी मजबूत करता है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच लंबे समय से मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं, लेकिन यह एफटीए उन संबंधों को एक नई दिशा और गहराई देता है। यह समझौता दोनों देशों के बीच विश्वास को बढ़ाता है और भविष्य में अन्य क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं को भी मजबूत करता है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती प्रतिस्पर्धा और बदलते आर्थिक परिदृश्य के बीच यह समझौता भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह न केवल देश के निर्यात को बढ़ावा देगा, बल्कि रोजगार सृजन, कौशल विकास और आर्थिक विकास में भी योगदान देगा। साथ ही, यह दिखाता है कि भारत अब वैश्विक व्यापार में अधिक सक्रिय और प्रभावशाली भूमिका निभाने के लिए तैयार है। भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता एक बहुआयामी पहल है, जो व्यापार, शिक्षा, रोजगार और कूटनीति के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखता है। यह समझौता दोनों देशों के बीच संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का माध्यम बनेगा और आने वाले वर्षों में इसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। **कांतिलाल मांडोत**

# तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी असंतोषजनक





[ज्यादा से ज्यादा प्रशिक्षण की आवश्यकता।]

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात एआई आज केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं रह गया है, बल्कि यह सामाजिक संरचनाओं, आर्थिक अवसरों और शक्ति संतुलन को पुनर्परिभाषित करने वाला परिवर्तनकारी माध्यम बन चुका है। इस परिवर्तन के केंद्र में यदि किसी वर्ग के लिए सर्वाधिक संभावनाएँ छिपी हैं तो वह है महिला वर्ग, क्योंकि सदियों से अवसरों की असमानता, संसाधनों तक सीमित पहुँच और निर्णय-निर्माण में कम भागीदारी जैसी बाधाओं का सामना करने वाली महिलाओं के लिए एआई एक नई ऊर्जा, नई दिशा और नया इम्पैक्ट लेकर आया है।

विश्व स्तर पर उपलब्ध नवीन आँकड़े यह संकेत देते हैं कि तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी अभी भी संतोषजनक नहीं है, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार एआई से जुड़े कार्यक्षेत्रों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 28 से 30 प्रतिशत के बीच है, जबकि नेतृत्वकारी भूमिकाओं में यह प्रतिशत और भी कम हो जाता है, भारत में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में लगभग 20 प्रतिशत एआई पेशेवर महिलाएँ हैं, परंतु यदि प्रशिक्षण, डिजिटल पहुँच और नीतिगत समर्थन को व्यापक बनाया जाए तो 2027 तक इस संख्या के चार गुना तक बढ़ने की संभावना व्यक्त की गई है। यह आँकड़ा केवल सांख्यिकीय वृद्धि का संकेत नहीं बल्कि सामाजिक शक्ति संतुलन में संभावित बड़े बदलाव का संकेत है। एआई इम्पैक्ट का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह कौशल आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है।

जहाँ पारंपरिक लैंगिक पूर्वाग्रह अपेक्षाकृत कम प्रभावी होते हैं। ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म, वर्चुअल ट्यूटर, एआई-आधारित भाषा अनुवाद उपकरण और कोडिंग सिमुलेटर उन महिलाओं के लिए वरदान सिद्ध हो रहे हैं जो भौगोलिक, सामाजिक या पारिवारिक कारणों से औपचारिक संस्थानों तक नहीं पहुँच पाती थीं। इस संदर्भ मे यूनेस्को ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि एआई को समावेशी दृष्टिकोण के साथ विकसित किया जाए तो यह महिलाओं की कार्यभागीदारी और नेतृत्व क्षमता को अभूतपूर्व रूप से बढ़ा सकता है, इसी प्रकार डिजिटल ऑर्गेनाइजेशन ने अपनी रिपोर्टों में उल्लेख किया है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था में लैंगिक समानता सुनिश्चित करना वैश्विक विकास की अनिवार्य शर्त है।

एआई इम्पैक्ट का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम कार्यस्थल पर महिलाओं की आवाज़ को सशक्त करना है। मीटिंग एनालिटिक्स कंपनी की एक हालिया रिपोर्ट में पाया गया कि एआई-सहायता प्राप्त वर्चुअल मीटिंग टूल्स के उपयोग से महिलाएँ औसतन 9 प्रतिशत अधिक बोलती हैं, क्योंकि एआई आधारित नोट-टेकिंग और समय प्रबंधन उपकरण उन्हें बिना बाधा अपनी बात रखने का अवसर देते हैं।

यह परिवर्तन प्रतीकात्मक नहीं बल्कि संरचनात्मक है, क्योंकि निति-निर्माण में आवाज़ की उपस्थिति ही शक्ति का पहला चरण होती है। ग्रामीण और अर्धशहरी भारत में एआई इम्पैक्ट का एक और आयाम उभर कर आया है जहाँ डिजिटल सखी, एआई चैटबॉट और स्मार्ट कृषि सलाह प्लेटफॉर्म महिलाओं को उद्यमिता की दिशा में प्रेरित कर रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएँ अब एआई आधारित बाजार विश्लेषण, मूल्य पूर्वानुमान और ग्राहक पहुँच टूल्स का उपयोग कर अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुँचा पा रही हैं इससे आय में वृद्धि के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है। यह आर्थिक सशक्तिकरण सामाजिक सशक्तिकरण में रूपांतरित हो रहा है; स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई इम्पैक्ट और भी गहरा है।

मातृ स्वास्थ्य निगरानी, पोषण परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य चैटबॉट और प्रारंभिक रोग पहचान प्रणाली ग्रामीण महिलाओं के लिए जीवनरक्षक सिद्ध हो रही हैं, जहाँ पहले विशेषज्ञ डॉक्टरों की पहुँच कठिन थी वहाँ अब मोबाइल आधारित एआई समाधान प्राथमिक मार्गदर्शन उपलब्ध करा रहे हैं। इससे स्वास्थ्य असमानताओं में कमी आने की संभावना है; किंतु एआई का यह सकारात्मक पक्ष तभी स्थायी होगा जब इसके नकारात्मक आयामों को भी गंभीरता से समझा जाए, अनेक अध्ययनों में यह पाया गया है कि लगभग 40 प्रतिशत एआई मॉडल किसी न किसी रूप में लैंगिक पूर्वाग्रह से प्रभावित होते हैं, यदि प्रशिक्षण डेटा असंतुलित है तो निर्णय भी असंतुलित होंगे, यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र संघ से संबद्ध एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि डिजिटल हिंसा, डीपफेक और ऑनलाइन उत्पीड़न की घटनाएँ महिलाओं को प्रभावित कर रही हैं। अनुमान है विश्व की लगभग 38 प्रतिशत महिलाएँ किसी न किसी रूप में ऑनलाइन हिंसा का अनुभव कर चुकी हैं। अतः एआई इम्पैक्ट को सकारात्मक बनाए रखने के लिए सख्त डेटा नैतिकता, एल्गोरिथमिक पारदर्शिता और लैंगिक संवेदनशील नीति ढाँचा अत्यंत आवश्यक है।एआई महिलाओं के लिए केवल नौकरी का साधन नहीं बल्कि नेतृत्व का माध्यम भी बन सकता है। डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ा सकती है जिससे महिलाओं की भागीदारी मजबूत हो, जब निर्णय तथ्यों और विश्लेषण पर आधारित होंगे तो पूर्वाग्रहों की गुंजाइश घटेगी, इसके अतिरिक्त फ्रीलांसिंग, कंटेंट क्रिएशन, डिजिटल मार्केटिंग, एआई ट्रेनिंग और माइक्रो-टास्किंग जैसे नए क्षेत्रों ने उन महिलाओं को भी आर्थिक स्वतंत्रता दी है जो पारंपरिक नौकरी संरचना में शामिल नहीं हो पाती थीं।

यह लचीला कार्य-मॉडल मातृत्व और पारिवारिक दायित्वों के साथ संतुलन बनाने में सहायक है। एआई इम्पैक्ट का मनोवैज्ञानिक पहलू भी उल्लेखनीय है, जब महिलाएँ तकनीक की उपभोक्ता मात्र न रहकर उसकी निर्माता और नवोन्मेषक बनती हैं तो आत्मविश्वास और पहचान दोनों का विस्तार होता है, विश्वविद्यालयों और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में महिला सहभागिता बढ़ाने के प्रयास यह संकेत देते हैं कि आने वाले दशक में एआई क्षेत्र में महिला नेतृत्व की नई पीढ़ी उभरेगी; निष्कर्षतः एआई एक दोधारी तलवार अवश्य है परंतु यदि इसे समावेशी नीति, लैंगिक संतुलन, डिजिटल साक्षरता और नैतिक नियमन के साथ आगे बढ़ाया जाए तो इसका इम्पैक्ट महिलाओं के लिए ऐतिहासिक परिवर्तन का माध्यम बन सकता है, यह परिवर्तन केवल आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक, बौद्धिक और राजनीतिक शक्ति संतुलन का परिवर्तन होगा, जहाँ महिला केवल भागीदार नहीं बल्कि निर्णयकर्ता, निर्माता और नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित होगी, और यही एआई की वास्तविक सफलता होगी कि वह तकनीक को मानवता और समानता की दिशा में प्रयुक्त करे, क्योंकि जब महिला सशक्त होती है तो समाज सशक्त होता है और जब समाज सशक्त होता है तो राष्ट्र प्रगतिशील बनता है।

**संजीव ठाकुर**

## कविता

**संजीव-नी।**



मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम।

केवल धनुर्धारी वीर नहीं थे,
अवचेतन में धर्म निभाते धीर थे।

राजमहलों का सुख छोड़कर
वनों में मुस्कुराते कर्मवीर थे।

तैयारी थी राज्याभिषेक की,
वहीं कदम बढ़े वन की ओर।

14 वर्ष वनवास बिताया
पितृ आदेश का धर्म निभाया।

शीश पर पितृ धर्म का साया।
निभाई पूरी सृष्टि की मर्यादा,

अपना सुख त्यागकर
कर्तव्य पथ को ही अपनाया।

पत्थरों में भी जीवन देखा,
शबरी के जूठे बेरों में प्रेम,

राजा होकर भी झुके ऐसे,
विनम्रता से हो जिनका प्रेम।

वियोग में भी स्थिर रहे,
सीता जी के संग भी संयम,

राज धर्म मर्यादा में थे बँधे,
जीवन के आदर्शों के संगम।

लक्ष्मण संग स्नेह की धारा,
भरत के लिए त्याग अपार,

भाईचारे की पवित्र छाया में
खिलता एक निर्मल संसार।

और जब लौटे वे अयोध्या में,
केवल राजा ही नहीं बने

जन-जन के मन में बसने वाले
एक आदर्श,
एक उज्ज्वल प्रतिमान बने।

राम केवल कथा नहीं,
हैं जीवन का अनुशासन,

वे मर्यादा के स्पंदन।

मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम,

दिलों में बसने वाले श्री राम।

जय जय श्री राम,जय श्री राम।

**संजीव ठाकुर**

# राजा रवि वर्मा के चित्रों में जीवित गौरवशाली





भारतीय चित्रकला के गौरवशाली इतिहास में राजा रवि वर्मा एक ऐसे युगपुरुष के रूप में प्रतिष्ठित हैं जिन्होंने अपनी कूची और रंगों के माध्यम से भारतीय संस्कृति को एक नई पहचान और वैश्विक गरिमा प्रदान की। 29 अप्रैल 1848 को केरल के किलिमनूर नामक छोटे से गांव में जन्मे इस महान कलाकार ने उस समय कला की साधना प्रारंभ की जब वह केवल राजदरबारों की दीवारों और प्राचीन मंदिरों के गर्भगृहों तक ही सीमित थी। रवि वर्मा का जन्म एक ऐसे कुलीन परिवार में हुआ था जहाँ कला, साहित्य और संस्कृति का संगम पहले से ही विद्यमान था और इसी वातावरण ने उनकी अंतर्निहित प्रतिभा को पल्लवित होने का सुअवसर प्रदान किया। बचपन से ही उनके हाथों में रंगों और रेखाओं का जो जादू था उसे उनके परिवार ने शीघ्र ही पहचान लिया और उन्हें कला के क्षेत्र में निरंतर प्रोत्साहित किया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा के साथ ही चित्रकला का अभ्यास निरंतर चलता रहा और शीघ्र ही उनकी ख्याति त्रावणकोर के महाराजा तक पहुँच गई। महाराजा के संरक्षण ने रवि वर्मा के जीवन को एक निर्णायक मोड़ दिया जहाँ उन्हें न केवल संसाधन उपलब्ध हुए बल्कि वैश्विक कला की बारीकियों को समझने का अवसर भी प्राप्त हुआ।

उस दौर में भारत में तैल चित्रकला की प्रविधि बहुत कम प्रचलित थी और भारतीय कलाकार मुख्य रूप से पारंपरिक शैलियों में ही कार्य कर रहे थे। रवि वर्मा ने यूरोपीय शैली की यथार्थवादी कला का गहराई से अध्ययन किया और उसे भारतीय विषयों के साथ समाहित करने का साहसिक प्रयास किया। उन्होंने अपनी कला में पाश्चात्य प्रविधि और भारतीय आत्मा का जो संगम किया उसने चित्रकला के इतिहास में एक नवीन अध्याय जोड़ दिया। उनकी कला की सबसे विलक्षण विशेषता यह थी कि उन्होंने भारतीय पौराणिक कथाओं के पात्रों को मानवीय संवेदनाओं के साथ जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों के जो पात्र अब तक केवल कल्पनाओं या पांडुलिपियों के विवरणों तक ही सीमित थे वे रवि वर्मा के चित्रों में हाड़-मांस के मनुष्य की तरह जीवंत होकर सामने आए। उनके द्वारा चित्रित राम, सीता, कृष्ण, द्रौपदी और शकुंतला के चित्रों में भावनाओं की जो गहराई और चेहरों पर जो भाव विद्यमान थे उन्होंने जनमानस के हृदय को स्पर्श किया। विशेष रूप से देवी लक्ष्मी और सरस्वती के जो स्वरूप उन्होंने अपनी तूलिका से गढ़े वे आज भी करोड़ों भारतीय घरों के पूजा स्थलों में श्रद्धा के साथ देखे जा सकते हैं।

रवि वर्मा की कला का एक महत्वपूर्ण पक्ष भारतीय स्त्री के सौंदर्य और उसकी गरिमा का चित्रण था। उनके चित्रों में स्त्रियां केवल सौंदर्य का प्रतीक मात्र नहीं थीं बल्कि वे भावनात्मक रूप से अत्यंत सशक्त और गरिमापूर्ण दिखाई देती थीं। उन्होंने भारतीय नारी को एक ऐसे आदर्श रूप में प्रस्तुत किया जिसमें सौम्यता, शक्ति और मर्यादा का अद्भुत संतुलन था। उनके द्वारा चित्रित साड़ी पहने हुए स्त्रियों के चित्रों ने न केवल भारतीय वेशभूषा को एक वैश्विक पहचान दी बल्कि वह भारतीय नारीत्व की एक शाश्वत छवि बन गई। उनके चित्रों में रंगों का चयन और वस्त्रों की सिलवटों का सूक्ष्म चित्रण इतना यथार्थवादी था कि दर्शक उन चित्रों के साथ एक आत्मीय जुड़ाव महसूस करने लगता था। उनकी कला में केवल बाहरी सौंदर्य ही नहीं बल्कि पात्रों की मानसिक अवस्था और उनके अंतर्द्वंद्व को भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता था। शकुंतला का अपने पैर से कांटा निकालने का बहाना करके पीछे मुड़कर देखना हो या दमयंती का हंस से संवाद, हर चित्र एक पूरी कहानी स्वयं में समेटे हुए था।

भारतीय चित्रकला को महलों से निकालकर झोपड़ियों तक पहुँचाने का श्रेय भी निर्विवाद रूप से राजा रवि वर्मा को ही जाता है। वर्ष 1894 में उन्होंने मुंबई में एक शिलामुद्रणालय अर्थात लिथोग्राफी प्रेस की स्थापना करके एक क्रांतिकारी कदम उठाया। इस प्रेस के माध्यम से उनके चित्रों की हजारों प्रतियां छपने लगीं और बहुत ही कम मूल्य पर सामान्य लोगों के लिए उपलब्ध होने लगीं। इससे पहले कला केवल धनी वर्ग और शासकों के विलास का साधन समझी जाती थी परंतु रवि वर्मा ने अपनी इस दूरदर्शिता से कला का लोकतंत्रीकरण कर दिया। उनके द्वारा बनाए गए चित्र कैलेंडरों और पोस्टरों के रूप में प्रत्येक घर की शोभा बनने लगे। इसी माध्यम से भारतीय देवी-देवताओं की एक निश्चित छवि जनमानस के मस्तिष्क में स्थायी रूप से अंकित हो गई। यह उनकी कला का ही प्रभाव था कि उस समय के साधारण भारतीय भी अपनी संस्कृति और धार्मिक प्रतीकों के साथ गर्व से जुड़ सके।

रवि वर्मा की सफलता केवल भारत तक ही सीमित नहीं रही बल्कि उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी भारतीय कला का परचम लहराया। वर्ष 1873 में ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में उन्हें पुरस्कृत किया गया जिससे उनकी ख्याति विश्वव्यापी हो गई। इसके पश्चात उन्हें भारत की विभिन्न रियासतों जैसे बड़ौदा, मैसूर और उदयपुर के राजाओं का निमंत्रण और संरक्षण प्राप्त हुआ। उन्होंने देश के विभिन्न अंचलों की व्यापक यात्राएं कीं और वहां की विविधतापूर्ण संस्कृति, वेशभूषा और जनजीवन को अपनी कला में स्थान दिया। उनकी इन यात्राओं ने उनकी कला को और अधिक समृद्ध और समावेशी बनाया। हालांकि उनकी इस पाश्चात्य शैली की कुछ पारंपरिक कलाकारों ने आलोचना भी की और इसे भारतीयता के विरुद्ध बताया परंतु समय ने सिद्ध किया कि रवि वर्मा ने वास्तव में भारतीय कला को आधुनिकता के साथ जोड़कर उसे नया जीवन प्रदान किया था।

उनकी कला में छाया और प्रकाश का जो प्रयोग था वह अद्वितीय था। उन्होंने चित्रों में गहराई पैदा करने के लिए जिस सूक्ष्मता से कार्य किया वह आज भी कला के विद्यार्थियों के लिए शोध का विषय है। उनके चित्रों के रंगों में एक ऐसी चमक और स्थायित्व था जो दशकों बाद भी धूमिल नहीं हुआ। वे केवल एक चित्रकार ही नहीं थे बल्कि भारतीय संस्कृति के एक ऐसे दूत थे जिन्होंने विदेशी शासन के दौर में भी भारतीय मूल्यों को गौरव के साथ स्थापित किया। 2 अक्टूबर 1906 को इस महान विभूति का निधन हो गया लेकिन वे अपनी कला के रूप में आज भी अमर हैं। उनकी विरासत आज भी भारतीय चित्रकारों को प्रेरित करती है और उनके बनाए चित्र आज भी विश्व के प्रतिष्ठित संग्रहालयों में सुरक्षित रखे गए हैं। रवि वर्मा का जीवन हमें सिखाता है कि प्रतिभा और समर्पण के माध्यम से सीमाओं को तोड़ा जा सकता है और कला के जरिए समाज में एक व्यापक वैचारिक परिवर्तन लाया जा सकता है।

राजा रवि वर्मा ने कला को केवल मनोरंजन का साधन न मानकर उसे राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का माध्यम बनाया। उनके चित्रों ने उस कालखंड में भारतीयों के भीतर अपनी परंपराओं के प्रति स्वाभिमान जगाने का कार्य किया जब पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव चरम पर था। उनकी सबसे बड़ी देन यही है कि उन्होंने आम आदमी की आंखों को कला परखने की दृष्टि दी और कला को जन सामान्य की भावना का अभिन्न अंग बना दिया। आज भी जब हम किसी पौराणिक आख्यान की कल्पना करते हैं तो हमारे मन में अनायास ही वही रूप उभरते हैं जिन्हें रवि वर्मा ने अपनी कल्पना से साकार किया था। भारतीय कला के इतिहास में उनका नाम सदैव एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ के रूप में स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा और आने वाली पीढ़ियां उनके कार्यों से निरंतर प्रेरणा प्राप्त करती रहेंगी।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेक्टर ट्रॉली पलटने से 15 महिलाएं/किशोरी घायल

**कुरचौली गांव से रतनगढ़ माता मंदिर जवारे अर्पित करने गए थे श्रद्धालु**

**कोंच(जालौन)**- सीमा से सटे मध्य प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध रतनगढ़ देवी मंदिर में जवारे अर्पित कर ट्रेक्टर-ट्रॉली में सवार होकर लौट रहे नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कुरचौली निवासी करीब 15 महिलाएं/किशोरी सड़क पर ट्रेक्टर-ट्रॉली पलट जाने से घायल हो गई। सभी घायलों को उपचार हेतु सीएचसी नदीगांव में भर्ती कराया गया जहां 5 महिलाओं की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए ग्वालियर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर एसडीएम और सीओ ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक जांच पड़ताल कर घायलों का हालचाल जाना। जानकारी के अनुसार, नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कुरचौली निवासी अमर सिंह कुशवाहा के घर पर जवारे बोये गए थे। रविवार को अमर सिंह के घर के सदस्यों सहित कुछ रिश्तेदार और आसपड़ोस के कुछ लोग ट्रेक्टर-ट्रॉली में सवार होकर जवारे अर्पित करने के लिए रतनगढ़ देवी मंदिर गए हुए थे। सोमवार की सुबह उक्त सभी लोग वापस गांव लौट रहे थे। ट्रेक्टर अमर सिंह का बेटा उमेश कुमार चला रहा था। सुबह करीब साढ़े 11 बजे ट्रेक्टर जैसे ही नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम रंजीत के डेरे के समीप पहुंचा तभी सड़क पर अचानक गाय आ गई। गाय को बचाने के चलते उमेश ट्रेक्टर की स्टेयरिंग पर से नियंत्रण खो बैठा और ट्रेक्टर-ट्रॉली सड़क पर पलट गया। ट्रेक्टर-ट्रॉली पलटने से चीख पुकार मच गई। ट्रेक्टर ट्रॉली के नीचे दबकर रिंकी, केशकली, मंजू, कटोरी, छोटीबाई, लक्ष्मी, सरोज, मुस्कान, सेजल, राजवती, कृष्णा, अनीता, अंजली, ढकेली, कमला और कुसमा गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों एवं ग्रामीणों सहित थाना पुलिस की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी नदीगांव में भर्ती कराया गया। यहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत में केशकली, सरोज, कटोरी, राजवती और कुसमा को ग्वालियर रेफर कर दिया। इन घायलों की सहायता के लिए एक उपनिरीक्षक और दो सिपाही भी साथ भेजे गए हैं। वही घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम ज्योति सिंह, सीओ परमेश्वर प्रसाद ने मौके पर पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।

### शोहरतगढ़ में पुलिस का फ्लैग मार्च, सीओ ने लिया सुरक्षा का जायजा



**सिद्धार्थनगर।** कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार को क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी ने प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह व पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने खुनुवा बाईपास तिराहा, मुख्य बाजार सहित भीड़भाड़ वाले स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ ने आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। क्षेत्राधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए और हर स्थिति पर पैनी नजर रखी जाए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को नियमित गश्त बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग करने के निर्देश भी दिए। पुलिस टीम ने दुकानदारों और स्थानीय लोगों से भी बातचीत कर सुरक्षा संबंधी फीडबैक लिया। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। गश्त के दौरान क्राइम इंस्पेक्टर सुभाष यादव, कांस्टेबल दिनेश यादव, प्रभाकर यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### आज आयेंगे प्रमोद तिवारी

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात www.swatantraprabhat.com जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज बुधवार को सायं साढ़े चार बजे अर्रो में लोगों से मुलाकात करेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी यहां आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# गोरखपुर में अवैध हुक्का बारों पर कड़ा शिकंजा, पुलिस का सघन अभियान शुरू

**●संचालकों, कर्मचारियों और हुक्का उपयोग करने वालों पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई: एस पी सिटी**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोरखपुर** जनपद में अवैध रूप से संचालित हुक्का बारों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए सघन अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जिले में कहीं भी अवैध हुक्का बार संचालित पाए जाने पर संबंधित संचालकों, कर्मचारियों तथा हुक्का का सेवन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक नगर गोरखपुर द्वारा जारी वीडियो बाइट में बताया गया कि जनपद में अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हुक्का बारों के माध्यम से न केवल नियमों का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि युवाओं के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अभियान के तहत पुलिस टीमों को निर्देशित किया गया है कि वे शहर और आसपास के क्षेत्रों में नियमित रूप से चेकिंग करें और संदिग्ध स्थानों पर विशेष नजर रखें। यदि कहीं भी हुक्का बार संचालित होते पाए जाते हैं, तो तत्काल प्रभाव से उन्हें बंद कराते हुए संचालकों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से भी सहयोग की अपील की है। नागरिकों से कहा गया है कि यदि उनके क्षेत्र में कोई अवैध हुक्का बार संचालित हो रहा है, तो



इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस अभियान से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है, वहीं आम लोगों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया है। प्रशासन का कहना है कि जनपद में कानून व्यवस्था को बनाए रखने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## सीएम डैशबोर्ड समीक्षा बैठक में विकास परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोरखपुर।** मंडलायुक्त सभागार में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज जनपदों के अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े, जबकि सभागार में जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह, परियोजना निदेशक संदीप सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान सीएमआईएस पोर्टल के जरिए एक करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली रेड श्रेणी की परियोजनाओं की गहन समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं के अनुसार परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिन परियोजनाओं में देरी हो रही है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। साथ ही सभी विकास कार्य निर्धारित



समयसीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे करने के निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनहित से जुड़ी परियोजनाओं में किसी भी तरह की ढिलाई न बरतने के निर्देश दिए। बैठक में विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और विकास कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया गया।

### देवरिया में मेकअप कराने जा रही दुल्हन की सड़क हादसे में मौत, शादी से पहले खुशियां मातम में बदली

**देवरिया।** शादी के लिए मेकअप कराने जा रही एक युवती की बरियारपुर चौराहा पर सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। युवती की आज ही शादी थी और घर में खुशी का माहौल था, लेकिन इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गौरकोठी गांव निवासी मिनिस्टर प्रसाद की 20 वर्षीय पुत्री रचना अपनी शादी के लिए देवरिया मेकअप कराने जा रही थी। इसी दौरान बरियारपुर चौराहा पर वह एक ट्रेलर की चपेट में आ गई। हादसा इतना भीषण था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर, घटना की खबर जैसे ही घर पहुंची, शादी की तैयारियों में जुटे परिजनों में कोहराम मच गया। जिस घर में शहनाई और मंगलगीत गूंज रहे थे, वहां चीख-पुकार और मातम छा गया। पूरे गांव में शोक की लहर है और हर कोई इस दर्दनाक घटना से स्तब्ध है।

# गोरखपुर में बंद मकानों को निशाना बनाने वाला गैंग बेनकाब, दो शातिर चोर गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोरखपुर** में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बंद मकानों को निशाना बनाने वाले शातिर गिरोह का पर्दाफाश कर दिया है। थाना रामगढ़ताल पुलिस ने दो कुख्यात चोरों–शहजादे और अब्दुल सलाम–को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के आभूषण बेचकर अर्जित 4.70 लाख रुपये नकद, एक मोटरसाइकिल, हथौड़ी और लोहे की सरिया बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ् के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह सफलता पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में मिली। थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित टीम ने सटीक सूचना के आधार पर कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया।

**ऐसे करते थे वारदात-** पूछताछ में आरोपियों ने चौंकाने वाला खुलासा किया। वे पहले बंद पड़े मकानों की रेकी करते थे और फिर मौका पाकर घर में घुसकर कीमती जेवरात और नकदी पार कर देते थे। खास बात यह है कि ये आरोपी सुनसान और बंद घरों को ही निशाना बनाते थे, जिससे लंबे समय तक चोरी का पता भी नहीं चल पाता था।

**तीन बड़ी घटनाओं का खुलासा-** पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने 5 मार्च को प्रज्ञानगर बड़गो, 3 अप्रैल को न्यू कॉलोनी कजाकपुर और 8 अप्रैल को आजाद चौक में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। इन सभी मामलों में थाना रामगढ़ताल में मुकदमे दर्ज थे और पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

**शातिर अपराधी, लंबा आपराधिक इतिहास-** गिरफ्तार शहजादे पर 20 से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट जैसे मामले शामिल हैं। वहीं अब्दुल सलाम भी कई आपराधिक मामलों में वांछित रहा है। दोनों लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय थे और पुलिस के लिए चुनौती बने हुए थे।




**पुलिस टीम की अहम भूमिका-** इस सफलता में उपनिरीक्षक आलोक सिंह, स्वाट टीम प्रभारी पुरुषोत्तम आनंद सिंह समेत कई पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम ने समन्वय और सटीक रणनीति के जरिए इस गिरोह को पकड़ने में सफलता हासिल की। **अभियान जारी-** पुलिस ने बताया कि जिले में अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान जारी है और अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि घर बंद छोड़ने से पहले सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जरूर करें।

## कानपुर को नहीं मिल रही जानलेवा गड्ढों से निजात



**● एल आई सी बिल्डिंग गुमटी मार्ग की भी हालत खराब**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कानपुर।** यहां समाजवादी पार्टी की विधायक नसीम सोलंकी के सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में जान लेवा गड्ढे लोगों को असमय ही मौत का शिकार बनाने की कोशिश में हैं। इस तरह के जानलेवा गड्ढे वाले क्षेत्र में पहला नाम दर्शन पुरवा गुमटी नंबर 5 के मुख्य मार्ग पर स्थित एल आई सी बिल्डिंग है ,जिसके सामने चार-पांच बड़े-बड़े गड्ढे किसी भी राहगीर को असमय ही मौत का शिकार बना सकते हैं। इन जानलेवा गड्ढों की पाटने की कोशिश में लगातार जुटे जन समस्याओं के खिलाफ वर्षो से सफल संघर्ष में अग्रणी समाजवादी पार्टी के पुराने वरिष्ठ नेता संजीव डाबर ने इस बारे में एल आई सी बिल्डिंग के सामने इन सभी चार-पांच बड़े गड्ढों को अति शीघ्र ठीक कराए जाने की जोरदार मांग भी समाजवादी पार्टी की विधायक नसीम सोलंकी से की है ,ताकि वहां से गुजरने वाले राहगीरों को असमय ही मौत का शिकार होने से बचाया जा सके।

किसी की भी असमय जान ले सकने वाले इन चार-पांच बड़े गड्ढों को हाल फिलहाल हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाले परोपकारी स्वभाव के तेजतर्रार व्यवहार कुशल और जुझारू सपा नेता संजीव डाबर ने खुद पाट भी दिया है लेकिन जब तक इन्हें विभागीय अधिकारियों की ओर से कायदे से नहीं पाटा जाएगा तो यह लोगों के लिए जानलेवा अवश्य ही साबित हो सकते हैं। फिलहाल इस जानलेवा समस्या से अवगत कराते हुए समाजवादी पार्टी के नेता संजीव डाबर ने गुमटी मार्ग एल आई सी बिल्डिंग के सामने वाले इन जानलेवा गड्ढों को जल्द ठीक कराने की जोरदार अपील क्षेत्रीय विधायक श्रीमती नसीम सोलंकी से भी की है। समाजवादी पार्टी के नेता संजीव डाबर की विधायक नसीम सोलंकी से इस अपील का प्रभाव जनहित में असर दिखाएगा। या फिर हवा में उड़ाया जाएगा। यह आने वाला समय ही बतायेगा।

### एक मई से बदल जाएगा अदालतों का समय

**सुबह 7 बजे से शुरू होंगी न्यायिक कार्यवाही**

**ललितपुर।** जिले की अदालतों में काम करने वाले वकीलों, न्यायिक कर्मचारियों और वादकारियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। जिला न्यायाधीश ने प्रशासनिक आदेश जारी करते हुए 1 मई 2026 से अदालतों के संचालन के समय में बदलाव की घोषणा की है। जिला न्यायाधीश कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, ग्रीष्मकालीन समय-सारणी 1 मई 2026 से 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगी। यह आदेश ललितपुर मुख्यालय के साथ-साथ महरौनी और तालबेहट तहसील की सभी सिविल एवं दांडिक अदालतों तथा उनके कार्यालयों पर समान रूप से लागू होगा। प्रेस नोट के जरिए बताया गया है कि न्यायालय का समय सुबह 07 बजे से दोपहर 01 बजे तक, कार्यालय का समय सुबह 06.30 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक होगा। इसके अलावा भोजनावकाश (लंच) सुबह 10.30 बजे से 11 बजे तक होगा। यह निर्णय जिला बार एसोसिएशन, ललितपुर द्वारा दिए गए प्रस्ताव और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों (पत्र संख्या 6354/2016 और 7356/2019) के क्रम में लिया गया है। जिला न्यायाधीश ने इस आदेश की प्रति जिला प्रशासन, पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भेज दी है ताकि कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके।

### घर के पास बंधी 4 भैंसें चोरी

**» पीड़िता ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट**
**» अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, पुलिस जांच में जुटी**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के रावतयाना बंध इलाके में अज्ञात चोरों द्वारा चार भैंसें चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़िता ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रावतयाना बंध निवासी गुडडी पत्नी जगत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 अप्रैल 2026 की रात करीब 2.30 से 3 बजे के बीच वह अपने घर पर सो रही थी। इसी दौरान घर से कुछ दूरी पर रामलीला मैदान के पास बंधी उसकी चार भैंसों को अज्ञात चोर खोलकर ले गए। सुबह जानकारी होने पर काफी खोजबीन की गई, लेकिन भैंसों का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़िता ने बताया कि उसका भरण-पोषण इन्हीं भैंसों पर निर्भर था, जिससे अब उसके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद वह काफी परेशान है और पुलिस से जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करने की गुहार लगाई है। इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक प्रशांत राणा को सौंपी गई है।

## गर्भवती महिला की संदिग्ध हालत में मौत, पांच वर्ष पूर्व हुई थी कोर्ट मैरिज

**» मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और ससुराल पक्ष पर हत्या तथा दहेज उत्पीड़न का गंभीर आरोप**
**» निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन - सीओ**
**» पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**
**» पूरा मामला पुरंदरपुर थाना क्षेत्र का**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महराजगंज, यूपी:** पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के करमहवा बुजुर्ग गांव में एक गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार को तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बनकटी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान 24 वर्षीय करिश्मा पत्नी अजय के रूप में हुई है। करिश्मा करीब 5 माह की गर्भवती थी। करिश्मा ने 5 साल पहले कोर्ट मैरिज की थी।

**मायके पक्ष का आरोप**

घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने ससुराल पक्ष पर हत्या और दहेज उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया। मायके वालों का कहना है कि शादी के बाद से ही करिश्मा को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। कई बार समझौते की कोशिश भी हुई, लेकिन ससुराल वालों का रवैया नहीं बदला।

**पुलिस की कार्रवाई**

सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी (सीओ) फरेंदा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। सीओ ने परिजनों को निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष पुरंदरपुर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल पाएगा। मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अप्रैल में ही आग बरसा रहा आसमान: खजनी-गोरखपुर में 44°C का अहसास, जनजीवन बेहाल

**●तेज धूप, उमस और हीट वेव से लोग परेशान; बाजारों में सन्नाटा,**

**पीएचसी ख़जनी प्रभारी चिकित्सक प्रदीप त्रिपाठी ने बच्चों की देखभाल और सतर्कता की दी सलाह**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**खजनी गोरखपुर:** खजनी सहित पूरे गोरखपुर जनपद में भीषण गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले एक सप्ताह में तापमान में करीब 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान लगभग 42 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि हीट वेव के कारण लोगों को 44 डिग्री सेल्सियस जैसा अहसास हुआ। वहीं न्यूनतम तापमान भी 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

सुबह 7 बजे से ही धूप का असर दिखने लगता है और 10 बजे के बाद हालात और गंभीर हो जाते हैं। दोपहर तक तापमान 42 डिग्री के आसपास पहुंचने से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। बाजारों में दोपहर के समय सन्नाटा छाने लगा है, जबकि जूस और रसदार फलों की दुकानों पर भीड़ बढ़ रही है। लोग धूप से बचने के लिए सिर और चेहरे को कपड़े से ढककर निकलने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों की चिंता इस बात को लेकर बढ़ गई है कि जब अप्रैल में ही इतनी गर्मी पड़ रही है, तो मई-जून में स्थिति और विकराल हो सकती है। हर साल की तरह इस बार भी लू और तापघात का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खजनी के प्रभारी डॉ. प्रदीप त्रिपाठी ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने खासतौर पर बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान देने को कहा। उनके अनुसार, गर्मी



में बच्चों को डिहाइड्रेशन और लू का खतरा अधिक रहता है, इसलिए उन्हें नियमित अंतराल पर पानी पिलाते रहें। ओआरएस, नींबू पानी, नारियल पानी और छाछ जैसे पेय शरीर में संतुलन बनाए रखते हैं। उन्होंने हल्का और सुपाच्य भोजन जैसे दाल-चावल, खिचड़ी, दही और दलिया देने की सलाह दी, जबकि तले-भुने और बासी भोजन से बचने को कहा, क्योंकि गर्मी में फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ जाता है।

## लू लगने से हुई थी गिद्ध की मौत, चिकित्सकों ने किया पुष्टि

**●आसमान की ऊंचाईयों से अचानक धरती पर गिरे थे दोनों गिद्ध, वन विभाग ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा था**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात www.swatantraprabhat.com जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

**रतनपुर/महराजगंज।** मधवलिया रेंज अंतर्गत परसामलिक थाना क्षेत्र के झिंगटी एसएसबी कैंप के पास सोमवार की सुबह करीब दस बजे दो गिद्ध आसमान की ऊंचाईयों पर उड़ते हुए अचानक धरती पर गिरे और उनकी मौत हो गई। वन विभाग द्वारा गठित चिकित्सकों की विशेष जांच टीम ने यह स्पष्ट किया है कि इन गिद्धों की मौत हीट स्ट्रोक यानी लू लगने के कारण हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। चिकित्सकों के प्रथम दृष्टया जांच में बताया गया कि अत्यधिक तापमान के कारण शरीर में लू लगने और पानी की कमी के चलते गिद्ध के शरीर का अंग काम करना बंद कर दिया था। चिकित्सकों ने बताया कि पारा 45 डिग्री के पार जाने से इन पक्षियों के शरीर में पानी की कमी हो गई थी जिसके फलस्वरूप उनके फेफड़ों और हृदय जैसे महत्वपूर्ण अंगों ने काम करना बंद कर दिया होगा। वन क्षेत्राधिकारी अजीत भास्कर ने बताया कि जंगलों में पानी के स्रोतों को भरने और वन्यजीवों को गर्मी से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। साथ ही रेंज के अन्य क्षेत्रों में भी निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि गर्मी के प्रभाव से अन्य जीवों को सुरक्षित रखा जा सके।

### औरैया में हीटवेव का कहर: सड़कों को ठंडा करने में जुटी नगर पालिका

**औरैया।** बढ़ते तापमान से आमजन के अलावा पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। दोपहर को आसमान से आग जैसी बरसती है। शासन की ओर से हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। लोगों को गर्मी से बचाव की सलाह दी जा रही है। गर्मी से राहत देने के लिए नगर पालिका सड़कों को ठंडा करने में जुटी है।सड़कों व वातावरण को ठंडा रहने के लिए दोपहर को कर्मचारी एंटी डस्ट गन व जेटिंग मशीन लेकर सड़कों पर निकलते है। पानी की बौछार से लोगों को काफी राहत मिल रही है। वहीं प्रमुख चौराहों पर लगे वाटर कूलर भी राहगीरों को राहत दे रहे हैं। सोमवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम डिग्री सेल्सियस 27 रहा। चार दिनों से अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। सुबह से ही धूप लोगों का बदन झुलसाने लगती है। दोपहर को सड़कों पर निकलने वाले राहगीरों की गर्मी से हालत खराब हो जाती है। सूर्य की तपिश इतनी तेज रहती है कि पानी पीने के कुछ देर बाद ही दोबारा गला सूखने लगाता है।

# ग्रामीणों ने चंदा इकट्ठा कर करवाया नाली की साफ-सफाई

**● ब्लॉक प्रशासन ने फेरा मुंह तो ग्रामीणों ने चंदा मांगकर धोया सिस्टम का दाग, ग्रामीणों के चंदे से चमकी ग्राम पंचायत की नाली**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवतरी में ब्लॉक प्रशासन की घोर उदासीनता और प्रशासनिक लापरवाही का आलम यह है कि सफाई कर्मचारी की तैनाती न होने से नाराज ग्रामीणों ने अब खुद ही सफाई का मोर्चा संभाल लिया है। गंदगी से पटे गांव को बीमारियों की चपेट से बचाने के लिए ग्रामीणों ने आपसी चंदा जुटाया और दिहाड़ी पर मजदूर लगाकर नालियों की साफ-सफाई करवाई। यह घटना ब्लॉक प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। ग्रामीण रामजी वर्मा, विजय पटवा, मंगरू वर्मा, अनील पटवा, राजू, संजय समेत अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार ब्लॉक मुख्यालय को अवगत कराया गया और सफाई कर्मचारी की मांग की गई, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। ब्लॉक प्रशासन की इसी हठधर्मिता और टालमटोल वाले रवैये ने ग्रामीणों को यह कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। स्थानीय निवासियों ने तीखे लहजे में कहा कि जब हमें खुद ही पैसे इकट्ठा करके सफाई करानी है तो सफाई के नाम पर आने वाला सरकारी बजट आखिर कहां जा रहा है। ऐसे में जब गांव के सफाई की जिम्मेदारी ग्रामीण ही उठाएंगे तो ब्लॉक में बैठे अधिकारियों और भारी-भरकम वेतन पाने वाले कर्मचारियों की क्या जरूरत है। गांव में जमा कूड़े और सड़ांध मारते पानी के कारण डेंगू, मलेरिया और हैजा जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। जनसमस्या को दरकिनार करने वाले ब्लॉक अधिकारियों के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गांव में नियमित सफाई कर्मचारी की स्थाई नियुक्ति नहीं की गई तो ग्रामीण इस प्रशासनिक संवेदनहीनता के खिलाफ तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

## फार्मर रजिस्ट्री और ई-केवाईसी में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**पथरदेवा।** विकास खंड पथरदेवा के सभी ग्राम सचिवों की बैठक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से खंड विकास अधिकारी दीपक कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। खंड विकास अधिकारी ने सभी सचिवों को निर्देशित किया कि प्रत्येक दिवस प्रत्येक राजस्व ग्राम में कम से कम एक फार्मर रजिस्ट्री करना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन कर्मचारियों द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया जाएगा, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों की सूची पहले ही उपलब्ध कराई जा चुकी है, ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र लाभार्थी फार्मर रजिस्ट्री से वंचित न रह जाए। बैठक में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी रवि प्रकाश सिंह ने मनरेगा के अंतर्गत सक्रिय श्रमिकों की शत-प्रतिशत ई-केवाईसी 29 अप्रैल तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### मेडिकल की आड़ में चल रहे क्लिनिक मरीजों की जिंदगी से कर रहे खिलवाड़

**बेहजम खीरी-** नीमगांव कस्बे में मेडिकल की आड मे चल रहे क्लिनिक, मरीजों के साथ कर रहे खिड़वाड़। ना कोई डिग्री ना कोई ज्ञान जो भी मरीज मिल जाए डाक्टर साहब कह दे बस बन गई पहचान।स्वास्थ्य विभाग मामले का संज्ञान लेकर नीमगांव कस्बे में मेडिकल की आड़ में जो क्लिनिक चल रहे हैं उन पर करें छापा मार करवाई। जिन्हें इंजेक्शन लगाना नहीं आता वह बन गए हैं डॉक्टर।भोले भाले मरीजों के साथ हो रहा खिलवाड़, कौन होगा इसका जिम्मेदार, एक मामला यह भी सामने निकल कर आ रहा है। की मेडिकल किसी के नाम का है, और चला कोई दूसरा रहा है। और उसी में चल रहा है क्लिनिक। इससे पहले भी नीमगांव कस्बा क्लीनिक को लेकर सुर्खियों में रह चुका है। आयुर्वेदिक के नाम पर अंग्रेजी दावों का कर रहे मेडिकल स्टोर बिक्री।कुछ क्षेत्रवासियों ने नाम ना बताने के लेकर बताया कई बार दवाई ले जाते हैं। नहीं कर रहा फायदा और अच्छे खासे दम भी खींच रहे हैं, मेडिकल और क्लिनिक वाले। सिर्फ एक और दो ही मेडिकल है जो नीमगांव कस्बे में डिग्री धारक हैं।

### पलिया के व्यापारी को सकुशल बरामद करने वाली पुलिस टीम को भाजपा नेता ने किया सम्मानित

**पलिया-** पटिहन रोड निवासी प्रॉपर्टी डीलर सौरभ महेश्वरी अपने घर से सवेरे 7:00 बजे मंदिर जाने के लिए निकले थे उसके बाद अचानक उनका फोन स्विच ऑफ हो गया और वह अचानक लापता हो गए काफी इंतजार करने के बाद जब उनके परिजनों को कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों में बहुत ही चिंता और मायूसी छा गई! परिजनों ने तुरंत पलिया पुलिस को जानकारी दी जिसके बाद पलिया कोतवाली के निरीक्षक पंकज त्रिपाठी अपनी पूरी टीम के साथ तत्परता से लग गए सर्विलांस सेल एक्टिव हो गया! काफी मसक्कत के बाद परिणाम स्वरुप रात्रि 9:00 बजे व्यापारी सौरभ महेश्वरी की लोकेशन बरेली मिली! जिस पर एक टीम पुलिस की बरेली रवाना हुई और सौरभ महेश्वरी को सकुशल वहां से बरामद कर पलिया लेकर आए जहां सौरव महेश्वरी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया! आज भाजपा नेता रवि गुप्ता सौरभ महेश्वरी के परिजनों को साथ लेकर पलिया कोतवाली पहुंचे! जहां पर कोतवाल पंकज त्रिपाठी एवं उनकी पूरी टीम को अंग वस्त्र ओढ़ाकर भागवत गीता प्रदान कर भाजपा नेता रवि गुप्ता ने पलिया क्षेत्र की सम्मानित जनता की ओर से सम्मानित कर सराहनीय कार्य के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया! भाजपा नेता रवि गुप्ता ने कहा की पलिया विधानसभा क्षेत्र में शानदार एवं सराहनीय करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को वह उचित मंच पर सदैव सम्मानित करते रहेंगे!

### भीषण गर्मी और हीट वेव के चलते कक्षा 8 तक के स्कूल बंद करने की मांग




**ललितपुर।** नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए कक्षा 8 तक के विद्यालयों को तत्काल प्रभाव से बंद करने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि इन दिनों ललितपुर में तापमान लगातार बढ़ रहा है और हीट वेव का प्रकोप भी तेज हो गया है, जिससे छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। विशेष रूप से नर्सरी से कक्षा 8 तक के बच्चे तेज धूप और अत्यधिक गर्मी को सहन करने में असमर्थ हैं। स्कूल आने-जाने के दौरान तथा विद्यालय में रहने के समय उन्हें लू, डिहाइड्रेशन और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने प्रशासन से अपील की है कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कक्षा 8 तक के सभी विद्यालयों को तत्काल बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा बाद में भी जारी रह सकती है, लेकिन बच्चों का जीवन और स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण है। ज्ञापन में प्रशासन से शीघ्र उचित निर्णय लेने की मांग की गई है, ताकि बच्चों को इस भीषण गर्मी और हीट वेव के प्रकोप से सुरक्षित रखा जा सके।

# ना खाता न वही,जो कानूनगो करे वहीं सही

**● ग्राम पंचायत पलहनापुर में दो दर्जन अवैध कब्जा धारक, लकिन ध्वस्तीकरण कार्रवाई मात्र चार लोगों पर क्यों?**

**मरघट, 04खलिहान ,नवीन परती, सामुदायिक भवन की भूमि पर बन गए 7-8 मकान- कार्रवाई सिर्फ चार पर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी-** मामला तहसील गोला के गाव पलहनापुर का है जहां पर लेखपाल और परगना भूड के राजस्व निरीक्षक पर पैसा लेकर सैकड़ो एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कराये जाने के आरोप लगाये गये हैं।इस अवैध कब्जा वाली जमीन में ,मरघट, और 04 खलिहानों की जमीन, नवीन परती की जमीन शामिल हैं ।ग्रामीणों का आरोप है कि जब से कानूनगो अरुणेश मिश्रा ने परगना भूड का चार्ज संभाला है तब से ही सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा की बाढ़ सी आ गई है। सूत्रों की माने तो सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा की जानकारी तहसील प्रशासन गोला को होने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। सूत्र बताते हैं कि इन्हीं कानूनगो द्वारा जिनसे पैसा मिल जाता है उस पर कार्रवाई नहीं की जाती हैं और जो पैसा नहीं दे पाता है उसके ऊपर बेदखली की कार्रवाई की जाती है। उक्त आरोप लगाते हुए लोगों ने सभी अवैध कबजेदारों के विरुद्ध समान कार्यवाही किए जाने तथा सरकारी जमीनों से अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की मांग की है।ताजा मामला तहसील गोला के परगना भूड अंतर्गत ग्राम पहलनापुर का बताया जाता है जहाँ पर तहसील प्रशासन के संरक्षण में सैकड़ो बीघा जमीन पर अवैध कब्जा कर लिए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है। सूत्र बताते हैं एक दर्जन लोगों ने इस पर अपनी आलीशान इमारतें खड़ी कर ली हैं वहीं कुछ लोगों की खड़ी फैसले अवैध कब्जा की चीख चीख कर पुष्टि करती हैं। उपरोक्त अवैध कब्जा के मामले में तत्कालीन क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा पक्षपात पूर्ण ढंग से केवल 04 लोगों के विरुद्ध धारा 67 की कार्रवाई की थी।और शेष एक दर्जन लोगों से लाखों वसूल कर अभयदान दे दिए जाने के आरोप लगाये जा रहे हैं।सूत्र बताते हैं उक्त में बेदखली आदेश भी हो चुके हैं।

**ध्वस्तीकरण आदेश के बावजूद नहीं हटवाया गया अवैध कब्जा**

ग्राम प्रधान ने बताया कि राजेंद्र सिंह, बृजेंद्र सिंह, शिव बालक सिंह, गजेंद्र सिंह पुत्रगण हरदयाल सिंह के विरुद्ध बेदखली/ध्वस्तीकरण के आदेश पारित हुए सालों बीतने के बाद भी बेदखली की कार्रवाई नहीं की जा रही है।कानूनगो और लेखपाल की साठ गांठ के चलते आज तक सरकारी जमीनों पर बने मकानों का ध्वस्तीकरण नहीं कराया गया। सरकारी जमीनों आज भी अवैध कब्जा बरकार देखा जा सकता है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि का आरोप है कि राजस्व निरीक्षक और लेखपाल मोहन कश्यप पैसा लेकर मामले की लीपापोती में लगे हुए हैं।विपक्षी लोगों के खिलाफ हुए बेदखली आदेश में वर्तमान लेखपाल अवैध कबजेदारों के पक्ष में रिपोर्ट लगाकर पुनः बहस करने का प्रयास कर रहे हैं पारित आदेश के विरुद्ध एसडीएम न्यायिक के न्यायालय में लेखपाल पर पुनः जिरह करने का दबाव कानूनगो द्वारा बनाए जाने के आरोप ग्राम प्रधान ने लगाये हैं ।प्रधान ने बताया कानूनगो द्वारा कबजेदारों से मोटी रकम वसूलकर पारित बेदखली आदेश को अपास्त करने का कुचक्र चल रहा है। पूरे प्रकरण की लिखित शिकायत मंडलायुक्त लखनऊ मंडल और नवागत जिलाधिकारी से कर उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर जांच कराए जाने की मांग किए जाने की बात प्रधान द्वारा कही गई है।

## इकाना स्टेडियम में IPL मैच का रोमांच



**● लखनऊ पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने लिया लाइव अनुभव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल, लखीमपुर के विद्यार्थियों को हाल ही में एक विशेष शैक्षिक एवं मनोरंजक अवसर प्राप्त हुआ, जब उन्हें IPL के अंतर्गत खेले गए रोमांचक मुकाबले को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिला। यह मैच एलएसजी और केकेआर के बीच Ekana Cricket Stadium, लखनऊ में आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए विशेष पास की व्यवस्था की गई थी, जिससे सभी में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस शैक्षिक भ्रमण में विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय सचदेवा, सीनियर इंचार्ज प्रदीप रस्तोगी सहित लगभग 300 विद्यार्थी एवं 30 शिक्षक शामिल हुए, जिन्होंने मैच के हर पल का भरपूर आनंद उठाया।

इस आयोजन ने विद्यार्थियों को खेल भावना, अनुशासन एवं टीमवर्क के महत्व को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्रदान किया। विद्यार्थियों ने अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को मैदान पर खेलते हुए देखा, जिससे उनमें खेलों के प्रति रुचि और भी बढ़ी। कई छात्रों ने इस अनुभव को अपने जीवन का यादगार और प्रेरणादायक क्षण बताया। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी विद्यार्थियों को इस प्रकार के शैक्षिक एवं प्रेरणादायक अवसर प्रदान करने का आश्वासन दिया।

## बड़ी मशीन के बजाय ट्रैक्टर-ट्रॉली पर छोटी मशीन से कर दी गई बोरिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर-खीरी।** लघु सिंचाई विभाग में मध्यम गहरी व गहरी बोरिंग में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है, जिस पर किसानों ने आवाज उठाई है। किसानों का आरोप है कि जिस फर्म हर्षित इंटरप्राइजेज ने बड़ी मशीन (ट्रक पर) दिखाकर टेंडर पास कराया था, उसने इसके विपरीत छोटी या लोकल मशीनों से बोरिंग कराई। कुछ किसानों ने बताया कि कई स्थानों पर बोरिंग खुद किसानों से ही कराई गई, जबकि कुछ जगहों पर बोरिंग निर्धारित गहराई से कम की गई। किसानों का कहना है कि बड़ी मशीन के बजाय ट्रैक्टर-ट्रॉली पर छोटी मशीन से बोरिंग की गई, जिससे पानी की मात्रा कम मिल रही है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया में मशीनों के खेल के जरिए जीएसटी की चोरी की गई और बोरिंग की गहराई भी कम रखी गई। इस संबंध में कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद विभाग के जेई और सहायक अभियंता ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इससे किसानों में यह आशंका है कि अधिकारियों और ठेकेदार के बीच मिलीभगत है, जिसके तहत कम बोरिंग करके अधिक भुगतान लिया जा रहा है। मामले की जानकारी लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को होने पर उन्होंने तत्काल विकासखंड मितौली का निरीक्षण किया, जिसमें कई कमियां पाई गई। अधिशासी अभियंता द्वारा जल्द ही जेई और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। लखीमपुर ब्लॉक के रामपुर गोकुल गांव में जांच के दौरान 200 फीट के स्थान पर केवल 150 फीट बोरिंग पाई गई, साथ ही किसान के पास अतिरिक्त पाइप भी बरामद हुआ। बेहजम ब्लॉक में 28 मार्च को हुई जांच में भी कम गहराई की बोरिंग और छोटी मशीनों के उपयोग का मामला सामने आया। इससे पहले मितौली ब्लॉक में भी निरीक्षण के दौरान कई बोरिंग में अनियमितताएं पाई गई थीं।

### स्मार्ट और चेक मीटर की मिलान रिपोर्ट क्यों नहीं की गई सार्वजनिक?

**यूपी उपभोक्ता परिषद ने मंत्री और से पूछे 6 सवाल**

**लखनऊ।** स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर आ रही शिकायतें और उपभोक्ताओं द्वारा किए जा रहे विरोध के बीच राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने ऊर्जा मंत्री और पावर कारपोरेशन प्रबंधन से छह सवाल पूछा है। जनहित में इन सवालों का जवाब सार्वजनिक करने की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं की आशंकाएं दूर हो सकें। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने पूछा है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर परियोजना की स्वीकृत लागत से 8,500 करोड़ रुपये अतिरिक्त लागत का लाभ किसे हो रहा है, स्मार्ट मीटर का टेंडर लेने वाली निजी कंपनियों की परफॉरमेंस बैंक गारंटी को 10 से घटाकर तीन प्रतिशत किए जाने से किसका हित सध रहा है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर में विदेशी कंपोनेंट्स का उपयोग क्यों किया जा रहा है और इसकी जांच कौन करेगा, पांच प्रतिशत चेक मीटर लगने के बाद भी अब तक किसी भी बिजली कंपनी ने चेक मीटर और स्मार्ट मीटर के मिलान की रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की। प्रदेश में पोस्टपेड और प्रीपेड मीटर का विकल्प क्यों नहीं दिया जा रहा है तथा स्मार्ट प्रीपेड मीटर का खर्च उपभोक्ताओं से नहीं वसूलने के आदेश के बाद भी बिजली दर में उपभोक्ताओं से इसकी वसूली प्रस्तावित क्यों की गई है।

## टूण्डला में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की बैठक सम्पन्न

**● व्यापारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की एक महत्वपूर्ण बैठक टूण्डला के सिटी प्लाजा कॉम्पलेक्स में दीपक चौधरी की अध्यक्षता मे आयोजित की गई, जिसमें व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल, फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष अनिल मैनेजर, अखिलेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान टूण्डला नगर के व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को संगठन पदाधिकारियों के समक्ष रखा। व्यापारियों ने बाजार व्यवस्था, सुरक्षा, सफाई, बिजली व्यवस्था, अतिक्रमण एवं अन्य व्यापारिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर समाधान कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए संगठन सदैव तत्पर है और किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अनिल मैनेजर ने भी व्यापारियों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में सुनील जैन, पंकज जैन, राजू उपाध्याय, विनोद गुप्ता, मुन्ना लाल अग्रवाल, मनीष गुप्ता, नरेन्द्र शर्मा, रोहित कटियार, जितेन्द्र शर्मा, प्रशांत धाकरे, विष्णु तिवारी, प्रशांत गुप्ता सहित नगर के अनेक व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक का समापन व्यापारियों के हितों की रक्षा और नगर के व्यापारिक विकास के संकल्प के साथ हुआ।

# जल जीवन मिशन बना जी का जंजाल

**● बेलवा में पानी की टंकी से निकला जलजला, मेन रास्ते पर बना तालाब, बच्चों का स्कूल जाना हुआ दूभर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी बेलवा-** नकहा सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत बेलवा विकासखंड नकहा में ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। गांव में लाखों की लागत से बनी पानी की टंकी में बड़े लीकेज के कारण मेन रास्ते पर रोजाना तालाब बन रहा है। इससे ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है।

**कीचड़ से गुजरने को मजबूर स्कूली बच्चे:** गांव के मेन रास्ते पर मनोज चक्रवर्ती के घर के सामने टंकी का लीकेज है। जब भी पानी की सप्लाई चलती है, सड़क पर इतना पानी भर जाता है कि लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। स्कूल जाने वाले बच्चों को इसी गंदे कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार बच्चे फिसलकर गिर भी चुके हैं।

**शिकायत के बाद भी नहीं हुआ सुधार:** ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार मौखिक रूप से विभागीय कर्मचारियों से कहा गया, लेकिन आज तक कोई सुधार नहीं हुआ। जिम्मेदार कर्मचारी एक-दूसरे पर टालमटोल कर रहे हैं।

**कर्मचारी का गैर-जिम्मेदाराना जवाब:** जब इस संबंध में मीडिया द्वारा पानी सप्लाई देने वाले कर्मचारी रामकिशोर से बात की गई तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि 'मैं कुछ नहीं जानता, उच्च अधिकारी जानें ।

**ठेकेदार ने मांगा 2 दिन का समय:** वहीं उच्च ठेका कर्मचारी जयप्रकाश से बात




करने पर उन्होंने बताया कि 'लेबर नहीं मिल रहे हैं, लेकिन मुझे दो दिन का समय दीजिए, मैं सही करा दूंगा '।


**ग्रामीणों में आक्रोश:** ग्रामीणों का कहना है कि 'जल जीवन मिशन के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हुई है। पानी देने के बजाय रास्ता बंद कर दिया गया। बरसात में तो हालात और बदतर हो जाएंगे। बीमारी फैलने का भी खतरा है। ' ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि लीकेज को तत्काल ठीक कराया जाए और लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई हो, ताकि हर घर जल योजना का सही लाभ मिल सके।

## वन विभाग की मिलीभगत से में तालाब किनारे पेड़ों की कटाई

**● अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध**

**तालाब की परिधि पर लगे पेड़ का लेखपाल ने बना दिया खसरा कैसे?**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** जनपद के पिपरा उद्यान ग्राम में पर्यावरण संरक्षण को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। गांव स्थित तालाब की परिधि पर लगे हरे-भरे पेड़ों को अवैध रूप से काटे जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि यह कटान वन विभाग की मिलीभगत से किया गया, जिससे पूरे प्रकरण में विभागीय अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध प्रतीत हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार, तालाब के चारों ओर वर्षों पुराने पेड़ क्षेत्र की हरियाली और जल संरक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा थे। अचानक भारी संख्या में पेड़ों की कटाई से न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा है, बल्कि तालाब के अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है। लोगों का कहना है कि बिना किसी वैध अनुमति के इस तरह पेड़ों का कटान संभव नहीं है, जिससे विभागीय संलिप्तता की आशंका और गहरी हो गई है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो क्षेत्र में पर्यावरण संतुलन बिगड़ सकता है और भविष्य में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। वहीं, इस संबंध में वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या दोषियों पर कार्रवाई होती है या नहीं।

### कवि सम्मेलन व मुशायरे में गूंजे एकता और प्रेम के स्वर

**ललितपुर।** कौमी एकता की प्रतीक साहित्यिक संस्था हिंदी-उर्दू-अदबी संगम के पुनर्गठन के अवसर पर कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व पार्षद एवं पत्रकार शान्तासागर साहू के फार्म हाउस स्थित स्विमिंग पूल परिसर में आयोजित हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। कार्यक्रम में श्रोताओं ने गीतों और गजलों का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सीएमएस डा. खेमचन्द्र वर्मा कबीर ने की, जबकि संचालन रामकृष्ण कुशवाहा एड.द्वारा किया गया। सर्वसम्मति से रामकृष्ण कुशवाहा एड.को फिर से अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर वरिष्ठ कवयित्री सुमनलता चांदनी, महामंत्री पद पर राधेश्याम ताम्रकार तथा कोषाध्यक्ष पद पर सरवर हिंदुस्तानी को चुना गया। साथ ही 11 सदस्यों का चयन किया गया और संरक्षक मंडल में डा.खेमचन्द्र वर्मा, रामप्रकाश शर्मा व वरिष्ठ शायर एम.आर. खान को मनोनीत किया गया। वक्ताओं ने वर्तमान हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि आज दुनिया को युद्ध नहीं बल्कि बुद्ध के सिद्धांतों की आवश्यकता है। शायरों और कवियों ने अपने-अपने अंदाज में प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सरोकारों पर रचनाएं प्रस्तुत कीं।

### एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना से मिलेगा 25 प्रतिशत तक अनुदान

**ललितपुर।** स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए संचालित एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना के तहत युवाओं और उद्यमियों को आकर्षक अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र ने इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन करने की अपील की है। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। इसमें शैक्षिक योग्यता की कोई अनिवार्यता नहीं रखी गई है, जिससे अधिक से अधिक लोग स्वरोजगार से जुड़ सकें।

योजना के तहत उद्योग, सेवा और व्यवसाय कि तीनों क्षेत्रों में कार्य शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना के तहत बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत पर अधिकतम 25 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। लाभार्थी को कुल परियोजना लागत का 5 से 10 प्रतिशत तक स्वयं का अंशदान लगाना होगा। इसके बाद शेष राशि बैंक ऋण के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी।

## लकड़कट्टो पर मेहरबान वन विभाग




**● मोटे चढ़ावे के चलते नहीं हो रही कार्यवाही**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत ऐकघरा मैं काटे गए चोरी से हरे भरे प्रतिबंधित पेड़, लकड़कट्टों ने बनाया दर्जनों सरकारी पेड़ों को निशाना, लकड़ी माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि लगभग रोज ही काटे जा रहे क्षेत्र में फलदार हरे भरे प्रतिबंधित पेड़। तो वही देखा जाए तो अप्रैल माह में इतनी भीषण गर्मी का प्रमुख कारण क्षेत्र में वन विभाग की मिलीभगत से मिटाई जा रही हरियाली है। लगभग रोज ही वन विभाग और लकड़कट्टो की सात गांठ से हरियाली और हरे भरे पेड़ों को काटा जा रहा है।

वन विभाग के सांठ गांठ के चलते लकड़कट्टो पर कार्यवाही के नाम पर सिर्फ कार्यवाही का आश्वासन दिया जाता है और मामले को दबा दिया जाता है। जहां पर्यावरण दिवस पर हजारों पेड़ लगाए जाते हैं तो वहीं दूसरी ओर कुछ ठेकेदारों ने वन विभाग से मिलकर हरियाली मिटाने की कसम खा रखी है। आए दिन हरियाली को नष्ट किया जा रहा है। अब देखना यह है क्या वन विभाग ठेकेदारों के विरुद्ध कमर तोड़ कार्यवाही कर पाएगा या फिर ठेकेदार पर मेहरबान होकर कार्यवाही से पूर्व की भांति बचता रहेगा।

# मितौली पुलिस ने हत्या की घटना का खुलासा

**● 03 अभियुक्तों/अभियुक्ता को किया गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मितौली खीरी-** थाना मितौली पुलिस द्वारा, हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुये 03 वांछित अभियुक्तों/अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया है। थाना मितौली की पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 152/2026 धारा 103(1) बीएनएस से संबंधित हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुये अभियोग में प्रकाश में आये 03 अभियुक्तों/अभियुक्ता 1.पुरुषोत्तम बाजपेई पुत्र चन्द्रभाल बाजपेई निवासी ग्राम पारा थाना मंझिला जनपद हरदोई 2.प्रवेश कुमार पुत्र रामनाथ निवासीग्राम चाँदपुर थाना रामपुर कला जनपद सीतापुर 3.संध्या देवी पत्नी स्व0 गणेश निवासी ग्राम निमचैना थाना महोली जनपद सीतापुर को अवैध तमंचा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

**बरामगी का विवरण-** एक तमंचा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस ,315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर।घटना में प्रयुक्त मोबाइल व सिम कार्ड

घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल नम्बर-UP 30BE 2915 स्पलेन्डर काला रंग

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** अभियुक्ता संध्या देवी (मृतक की पत्नी) अभियुक्त पुरुषोत्तम के साथ काफी समय से सम्पर्क में थी। अभियुक्तगणो द्वारा साजिश के तहत को मृतक गणेश जो तेल पिरवा कर अकेले वापस घर लौट रहा था को रास्ते में रोककर तमंचे से फायर कर हत्या कारित की गयी।

**आपराधिक इतिहास-** अभियुक्त पुरुषोत्तम बाजपेई

1.मु0 अ0 स0 29/ 23 धारा 2/ 3 उ0 प्र0 गिरोह बन्द समाज विरोधी अधि0 थाना मंझिला जनपद हरदोई

2.मु0 अ0 स0 123/ 23 धारा 4/ 25 आर्म्स एक्ट व 120 (बी) 147/ 148/ 148/ 302/ 307/341/ 506 भादवि थाना मंझिला जनपद हरदोई

**आपराधिक इतिहासअभियुक्त प्रवेश कुमार-** 1.मु0 अ0 स0 338/ 23 धारा 498 (ए)/ 304 (बी)/ 302 भादवि व 3/ 4 डीपी एक्ट थाना शाहाबाद जनपद हरदोई।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-** प्र0 नि0 महेश पाठक थाना मितौली जनपद खीरी, उ0 नि0 धर्मेन्द्र कुमार सिंह ,उ0 नि0 उदयवीर यादव ,.हे0 का0 होरी लाल,.हे0 का0 करूणेश वर्मा ,का0 सुगम सिंह ,का0 दीपक कुमार ,म0 का0 निकिता चन्देल ,.म0 का0 रश्मि थाना मितौली जनपद खीरी आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची में गोद ली हुई बेटी ने प्रेमी संग मिलकर की मां की हत्या

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित मनीटोला में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक गोद ली हुई बेटी ने अपने प्रेमी और उसके साथी के साथ मिलकर अपनी मां की हत्या कर दी। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और लोगों के बीच गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में युवती समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि अन्य आरोपित की तलाश जारी है। मृतका की पहचान नाहिद परवीण के रूप में हुई है, जो अपने घर में अकेली अपनी बेटी के साथ रहती थीं। बताया जा रहा है कि चार साल पहले उनके पति का निधन हो गया था, जो बिजली विभाग में कार्यरत थे। पति की मौत के बाद नाहिद को मिलने वाली पेंशन ही घर का मुख्य सहारा थी। इसी पेंशन के पैसों को लेकर मां-बेटी के बीच अक्सर विवाद होता था, जो अंतत इस खौफनाक घटना में बदल गया। पुलिस के अनुसार, घटना शुक्रवार रात की है। युवती ने अपने प्रेमी और उसके एक दोस्त को घर बुलाया था। देर रात घर के अंदर नाहिद परवीण के साथ मारपीट की गई और फिर उनकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद दोनों युवक मौके से फरार हो गए। अगले दिन शनिवार सुबह युवती ने नाहिद के रिश्तेदारों को फोन कर बताया कि उसकी मां बाथरूम में गिर गई हैं और उनकी मौत हो गई है। सूचना मिलने पर नाहिद के रिश्तेदार, जो उत्तर प्रदेश और हजारीबाग में रहते हैं, रांची पहुंचे। बिना किसी गहराई से जांच किए रविवार को नाहिद के शव को दफना दिया गया। हालांकि, घर और मोहल्ले के कुछ लोगों को इस घटना पर संदेह होने लगा। उन्होंने देखा कि मृतका के शरीर पर चोट के निशान थे और गले के पास कटे हुए घाव भी थे। यह बात धीरे-धीरे फैलने लगी और अंतत इसकी सूचना पुलिस तक पहुंच गई।

**पैसे के लिए दिया गया घटना को अंजाम, आरोपितों से चल रही है पूछताछ**

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवती को हिरासत में लिया और थाने में सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान युवती ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि वह अपनी मां की पेंशन के पैसे अपने प्रेमी को देती थी, जिसको लेकर अक्सर घर में झगड़ा होता था। नाहिद नहीं चाहती थी कि उसकी बेटी आरोपित युवक से मिले और उसके साथ रहे। लेकिन बेटी अपने प्रेमी के साथ ही रहना चाहिए थी। बेटी और उसके प्रेमी ने हत्या करने की योजना बनाई और इसी विवाद ने उन्हें इस जघन्य अपराध की ओर धकेल दिया।

### लू (हीट स्ट्रोक) से बचाव हेतु जनहित में जिला प्रशासन ने की एडवाइजरी जारी

**सोनभद्र-** अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला ने अवगत कराया है कि जनपद में विगत दिनों में तापमान 40 डीग्री से 42 डीग्री के आस पास दर्ज किया जा रहा है, जो कि अत्यधिक गर्मी को प्रदर्शित करता है और आने वाले दिनों में तापमान बढ़कर 45 डिग्री पहुँचने का अनुमान है। शरीर में पानी/नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। इसके क्रम में लू (हीट स्ट्रोक) गर्म हवाओं से बचने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश निम्नवत हैं- लू (हीट स्ट्रोक) के लक्षण। गर्म, लाल, शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना। तेज पल्स होना। उथले श्वास गति में तेजी। व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिती।सिरदर्द, मितली, थकान, और कमजोरी होना, चक्कर आना। मूत्र न होना अथवा इसमें कमी। लू (हीट स्ट्रोक) से बचने के उपाय। क्या करें स्थानिय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। आपात स्थिती से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। अधिक से अधिक पानी पियें। यदि प्यास न लगी हो तब भी। हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहने। धूप के चश्मे, छाता, गमछा, टोपी व चप्पल का प्रयोग करें। अगर आप खुले में कार्य करते हैं तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाता का प्रयोग करें। दोपहर में घर से निकलते समय शरीर के अंगों को अधिक से अधिक ढककर रखें। सूती व खादी वस्त्र पहनें। यात्रा करते समय पीने का पानी साथ ले जाएं। घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके। अपने घर को ठण्डा रखें, पर्दे, दरवाजे आदि का उपयोग करें तथा शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठण्डा करने हेतु इसे खोल दें। पंखे, गीले कपड़ों का उपयोग करें तथा बारम्बार स्नान करें। कार्य स्थल पर ठण्डे पीने का पानी रखें/उपलब्ध करायें। कर्मियों को सीधी सूर्य की रोशनी से बचने हेतु सावधान करें। गर्भस्थ महिला कर्मियों तथा रोगग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए। दोपहर 12 से 4 बजे घर के अंदर रहें। पशुओं को छाया में रखें व ताजा पानी दें। क्या न करें। गहरे रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहनें। खाली पेट घर से बाहर न निकलें। एल्कोहल, चाय व कॉफी से परहेज करें। बासी खाने से परहेज करें। जानवर एवं बच्चों को कभी भी बन्द/खड़ी गाड़ियों में अकेला न छोड़ें। दोपहर में अतिरिक्त शारीरिक श्रम न करें। वाहनों को धूप में खड़ा न करें। धूप में नगें पॉव न रहें।

# कागजों में दर्ज तालाब पर कैसे हुई प्लाटिंग और फिर रजिस्ट्री-सवाल

**● सड़कों पर भरा गंदा पानी, नारकीय जीवन जीने को विवश मोहल्लेवाशी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खीरी टाउन।** कस्बा खीरी के मोहल्ला पट्टी रामदास में अवैध रूप से तालाब गाटा संख्या 318/0.267 हे0 को पाटकर की गई प्लाटिंग लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। तालाब के पटने से लोगों के घरों के पानी निकासी का रास्ता बंद होने से कस्बे के तीन मोहल्ले जलमग्न हो गए हैं और सड़कों पर गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों का जीना दूभर हो गया है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि जो तालाब गाटा संख्या 318/0.267 नगर पंचायत के अभिलेखों में दर्ज बताया जाता है, उसे पहले कथित भू माफिया अजीम खां पुत्र सत्तार खां द्वारा पाट दिया गया और फिर उस पर प्लॉट काटकर रजिस्ट्री तक कर दी गई। इतना ही नहीं, कई मकानों का निर्माण भी हो चुका है। हैरानी की बात यह है कि यह सब खेल लंबे समय तक प्रशासन को दिखाई क्यों नहीं दिया।समस्या बढ़ने पर मोहल्ले के लोगों ने शिकायत की, जिसके बाद नगर पंचायत ने तालाब पाटने वाले व्यक्ति को नोटिस जारी किया है। लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि जब तालाब पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग और निर्माण हो रहा था, तब जिम्मेदार अधिकारी आखिर कहां थे? मामला उस समय और गंभीर हो गया जब पीस कमेटी की बैठक में स्थानीय लोगों ने यह मुद्दा सीओ/सहायक पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी, सदर एसडीएम अश्विनी सिंह और नायब तहसीलदार के सामने उठाया। इस पर सदर एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।लोगों की माने तो यदि उसी समय नगर पंचायत प्रशासन लेता संज्ञान और करता कार्रवाई तो शायद इस तालाब का अस्तित्व बच सकता था और लोगों को मुसीबत का सामना नहीं करना पड़ता।कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि कहीं तालाब को पाटकर की जा रहीं प्लाटिंग की कमाई की हिस्सेदारी की वज़ह से जिम्मेदार मूकदर्शक की भूमिका में तो नहीं रहे। कि खेल होता रहा प्रशासन सोता रहा। एक ओर उत्तर प्रदेश सरकार और देश की सर्वोच्च अदालत सख्त आदेश पारित कर रहे हों और सरकारों को तालाबों के संरक्षण के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए जा रहे हो।और उत्तर प्रदेश सरकार समय समय पर तालाब बचाओ अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर खुलेआम तालाब पाटकर कॉलोनियां बसाई जा रही हैं। ऐसे में अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन तालाब को पुनः खुदवाकर उसकी मूल स्थिति बहाल करेगा या फिर तालाब पाटकर प्लाटिंग और रजिस्ट्री करने बाले दबंग के दबाव में मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।फिलहाल गंदे पानी से जूझ रहे लोग राहत की आस लगाए प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं। अब देखना यह है कि नगर पंचायत प्रशासन सरकार की मंशा अनुरूप तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराकर उसको उसके मूल स्वरूप में वापस लाता है या फिर शासन के आदेशों का मजाक उड़ाते हुए अवैध कब्जा धारक को और सरकारी जमीनें हड़पने और बेचने के लिए खुला छोड़ दिया जाएगा।

## सौ रुपये के नीचे छुट्टे पैसों की भारी कमी से सामान्य लोगों की बढ़ी कठिनाई




**● रोजमर्रा की वस्तुओं की लेन-देन में क्रेता व विक्रेताओं में झिझक होने की चर्चा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** इन दिनों प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया में छुट्टे पैसों की कमी से सामान्य लोगों की भारी कठिनाई बढ़ी है। बताया जाता है कि सौ रुपये के नीचे छुट्टे पैसे की भारी कमी से सामान्य जन की मुश्किलें बढ़ने की चर्चा है। पांच सौ रुपये के नोट देने पर एक सौ रुपये का सामान खरीदने पर चार सौ रुपये आसानी से वापस मिल जाता है, परन्तु सौ या पचास रुपये के नोट देने पर क्रेता एवं विक्रेता को छुट्टे पैसे लेने-देने में कठिनाई होती है। छुट्टे पैसों की भारी कमी से फुटपाथ व छोटे व्यावसायियों को कई प्रकार की कठिनाइयां झेलनी पड़ती हैं। कभी दोनों में कहासुनी भी हो जाती है। एक ओर रोजमर्रा की चीजें जैसे सब्जियां, जलपान आदि की खरीददारी करने में क्रेता-विक्रेताओं को दिक्कतें होती हैं और कभी सामान भी वापस करना पड़ता है। कई अवसरों पर रुपये रहने के बावजूद सामान्य तथा श्रमिक जन अपनी आवश्यकता अनुरूप आवश्यक चीजें नहीं खरीद पा रहे हैं। वहीं लघु व्यवसायियों को भी अपना कारोबार करने में दिक्कतें होती दिख रही हैं। हालांकि बड़े व्यापारियों या पूरे रुपये का सामान लेने-देने में दिक्कतें नहीं हैं, लेकिन यह सभी लोगों के लिए सम्भव नहीं है। यद्यपि छुट्टे पैसों की कमी सबकी जुबान पर है, पर फिलहाल समस्या का समाधान होता नहीं दिख रहा है। लोगों का मानना है कि इसका समाधान सरकारी स्तर पर ही किया जा सकता है।

## लायंस क्लब के सहयोग से अस्पताल में लगी वॉटर चिलर मशीन

**● मरीजों को मिलेगा ठंडा पेयजल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा प्रदत्त एवं लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के सहयोग से अनुराग गुटगुटिया मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में वॉटर चिलर मशीन की स्थापना की गई। इसका शुभ उद्घाटन पीएमजेएफ़ लायन डॉ. अरुण गुटगुटिया के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. अरुण गुटगुटिया ने कहा कि इस प्रकार के जनसेवा से जुड़े कार्य समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक होते हैं और इससे जरूरतमंद लोगों को सीधा लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के समय में स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। डॉ. रघुनंदन ने अपने संबोधन में कहा कि अस्पताल में इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध होना मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए काफी उपयोगी है, जिससे उन्हें गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी। लायंस क्लब के कोषाध्यक्ष लायन रामानुज मिश्रा ने कहा कि क्लब हमेशा से समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहा है और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्य जारी रखेगा। वॉटर चिलर मशीन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य मरीजों, उनके परिजनों एवं अस्पताल कर्मियों को स्वच्छ और शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है, ताकि गर्मी के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक, सचिव लायन विजय आनंद लछिरामका सहित कई सदस्य, चिकित्सक, आगंतुक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## हरि कीर्तन से पाकुड़िया में बिखर रही है धार्मिक सुगंध

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** विगत वर्षों की भांति इस साल भी प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया में बंगला बैसाख महीने की पवित्र संध्या कालीन वेला में हरि कीर्तन से वातावरण में धार्मिक सुगंध बिखर रही है। बताया जाता है कि पाकुड़िया में प्रति वर्ष बंगला बैसाख महीने में बंगला में हरिनाम संकीर्तन का श्रीगणेश किया जाता है और हरिनाम संकीर्तन के एक माह पूर्ण होने की पुणीत वेला में धूलोट का भव्य आयोजन किया जाता है। धूलोट के शुभ अवसर पर पश्चिम बंगाल के बहादुरपुर सहित विभिन्न नगरों के कीर्तन मंडलियां शामिल होकर हरिनाम का भक्तिपूर्ण गायन ढोल मंजीरों के साथ करते हुए पाकुड़िया बाजार भ्रमण कर भगवत नाम का भक्ति रस भक्त जनों को पान कराते हैं। इस मांगलिक वेला में हरि कीर्तन में चल रहे सभी भक्त वृंद का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए ठंडा पेय जल शर्बत पिलाते हैं। इन दिनों हरि कीर्तन से पाकुड़िया के वातावरण में धार्मिक सुगंध बिखर रही है।

## पत्रकार पर हमले का हजारीबाग प्रेस क्लब ने जताया विरोध

**● दोषियों पर जल्द कार्रवाई की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग सदर अस्पताल में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के सामने मंगलवार को मीडिया कर्मियों पर हमला को हजारीबाग प्रेस क्लब ने दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए घटना की कड़ी निंदा की है। इस घटना पर हजारीबाग प्रेस क्लब ने कड़ा विरोध जताया है। क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह ने कहा कि एक मंत्री के कार्यक्रम में पत्रकारों पर हमला किया जाना शर्मनाक है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। मंत्री से सवाल पूछने पर उपस्थित पत्रकारों पर गुंडे जान लेवा हमला कर देंगे यह लोकतंत्र को शर्मसार करता है। अब पत्रकार सुरक्षित नहीं हैं , जबकि उसी स्थान पर जिले के कई बड़े पुलिस और जिला के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। वहीं क्लब के सचिव दीपक सिंह ने कहा कि पत्रकारों पर सुनियोजित हमला किया गया है। वहां उपस्थित गुंडे सवाल पूछने पर आग बबूला हो गए और पत्रकारों पर ही हमला कर दिया। जिसने दो पत्रकार साथी को चोट भी आए हैं । यह घटना बर्दाश्त के बाहर है, अगर जल्द उन गुंडों को गिरफ्तार नहीं किया जाता तो हमलोग आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। अंजाम देने वालों को प्रशासन चिन्हित कर जल्द गिरफ्तार करे। यह केवल एक पत्रकार पर हमला नहीं, बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा और कायराना प्रहार है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सत्ता के संरक्षण में पत्रकारों की आवाज दबाने का प्रयास किया गया है, इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। यह घटना प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला है और इससे पूरे पत्रकार समाज में भारी रोष है।

## बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई, चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल चौपारण के सौरव लिंडा ने बरही थाना में आवेदन देकर चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार अफीमकोठी निवासी राजकुमार पिता अमृत राम पर 30,240 रुपये, राम राणा पिता किशोरी राणा पर 16,130 रुपये, गया रोड स्थित रेलवे ब्रिज के समीप निवासी नरेश प्रजापति पिता स्वर्गीय डिलो प्रजापति पर 30,240 रुपये तथा बेन्दगी निवासी विजय यादव पिता जोबराज यादव पर 16,130 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सहायक विद्युत अभियंता सौरव लिंडा ने बताया कि विभाग द्वारा लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है और विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे अवैध रूप से बिजली का उपयोग न करें और नियमों का पालन करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर डीएम सख्त, नोटिस और सेवा समाप्ति के दिए निर्देश

**● डीएम शैलेष कुमार का कड़ा रुख, गैरहाजिरी व ढिलाई पर कार्रवाई, अवैध अस्पतालों की जांच के आदेश**

**जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: डीएम, डॉक्टरों की उपस्थिति व कार्यशैली पर सख्ती**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं एवं वित्तीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग से संबंधित सभी कार्य एवं वित्तीय प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाएं, जिससे पारदर्शिता एवं समयबद्ध स्वीकृति सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने एमसीएस ज्ञानपुर के द्वारा टोटल ई-प्रिक्रिप्सन डॉक्टर डेस्क में अपेक्षित प्रगति न होने व कार्य में लापरवाही बरतने पर एमसीएस अधीक्षक ज्ञानपुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिया। साथ ही अवैध चल रहे चिकित्सालयों का निरीक्षण करने के लिए सम्बन्धित एमओआईसी को निर्देश दिया। साथ ही जनऔषधि केन्द्रों की जॉच करने के लिए सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिया। डी0आई0ओ0 द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि एच0पी0वी0 वैक्सिन एक महत्वपूर्ण टीका है जो ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से बचाता है, जो मुख्य रूप से सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुंह का कैंसर) का कारण बनता है, यह टीका 09 से 14 वर्ष लड़कियों के लिए प्रभावी है। परन्तु दिशा-निर्देश के अनुसार अभियान के रूप में जनपद स्तर पर यह वैक्सिन 14 वर्ष की किशोरियों को निःशुल्क लगाया जाना है। यह अभियान 01 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 तक चलाया जायेगा। 03 माह के पश्चात यह वैक्सीन प्रत्येक वी0एच0एन0डी0 सत्र पर निःशुल्क लगाया जायेगा। जिस कम में समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि समस्त अधीक्षक उक्त अभियान के अन्तर्गत अपने अपने क्षेत्रों में 14 वर्ष कि किशारियों का डयूलिस्ट बनाकर शत-प्रतिशत टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। डी0टी0ओ0 द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि रजनीश कुमार, एकाउन्टेन्ट टी0बी0 कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नोटिस देने के उपरांत भी अपने कार्यो में कोई सुधार नही किया गया तथा निःक्षय पोर्टल पर डी0बी0टी0 के फीडिंग का कार्य पूर्ण नही हो पा रहा है। जिस पर जिला कार्यकम प्रबन्धक द्वारा एन0एच0एम0 के एच0आर0 पालिसी पर चर्चा की गयी। उक्त के कम में अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त कर्मी द्वारा कार्य में लापरवाही किये जाने के दृष्टिगत सेवा समाप्ति की कार्यवाही की गई। बैठक में सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग आमजन से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है, इसलिए सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी डॉक्टर समय से उपस्थित रहकर मरीजों का समुचित उपचार सुनिश्चित करें , किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने यू0पी0 हेल्थ डैशबोर्ड के विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा की गयी। स्वास्थ्य विभाग के हर कार्यक्रम की कंपोजिट रिपोर्ट अगले बैठक में प्रस्तुत किया जाए। सभी एमओआईसी, आशा व एएनएम की हफ्ते में बैठक कर सघन समीक्षा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बैठक की कार्यवृत्ति में सभी बिन्दुओं की समीक्षा अगले दिन तक अवश्य उनके समक्ष प्रस्तुत किया जाए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में लैब स्लैब एवं बेसिंग उपलब्धता पर बल दिया। स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत डॉक्टरों के उपस्थिति की चेकिंग एवं कार्य के प्रति उनकी दक्षता का सतत् मूल्यांकन हो। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में व्यक्तिगत व टीम बेस्ड इंटेंसिव बढ़ाने व सुधार करने का जिलाधिकारी ने निर्देश दिया। सभी पीएचसी, सीएचसी पर ड्यूटीरूम सहित सभी जगह साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित हो। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि संस्थागत प्रसव को बढ़ाये, इस सन्दर्भ में आशा व एएनएम को प्रेरित करें। प्रसूता को कम से कम 48 घण्टे अस्पताल में रूकने हेतु प्रेरित किया जाय। जिलाधिकारी ने जनपद में कार्यरत सभी कम्युनिटी आफिसर को निर्देशित किया कि आयुष्मान आरोग्य मन्दिर की प्रभावी क्रियाशीलता हेतु अटेन्डेंस के माध्यम से नियमित करें, लापरवाही न बरते। आयुष चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जितने भी पंजीकृत आयुष चिकित्सालय है। 15 दिन के भीतर टीम बनाकर मजिस्टेªट के साथ जॉचकर रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार ने सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## झारखंड कैबिनेट के फैसला: टेट नियमावली को मिली मंजूरी

**● रांची में बनेंगे दो फ्लाईओवर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट ने मंगलवार को टेट नियमावली को स्वीकृति प्रदान कर दी। बड़ी बात यह है कि इस नियमावली में संशोधन को लेकर कांग्रेस कोटे के दो मंत्रियों राधाकृष्ण किशोर एवं दीपिका पांडेय सिंह ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। दोनों मंत्रियों ने टेट में मगही, भोजपुरी, अंगिका विषयों को शामिल करने की मांग उठाई थी। पिछले कैबिनेट की बैठक में इस विषय पर निर्णय नहीं लेते हुए प्रस्ताव को स्थगित कर दिया गया था। कांग्रेस कोटे के मंत्रियों ने प्रस्ताव को लेकर आपत्ति जताते हुए कहा था कि इससे बड़े वर्ग में बोले जानेवाली भाषाओं की अनदेखी हो रही है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने मगही और भोजपुरी की अनदेखी की बात कही थी तो ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अंगिका और मैथिली का मुद्दा उठाया था। एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले के तहत राज्य कैबिनेट ने राजधानी रांची में आवागमन को सुगम बनाने को लेकर दो प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके तहत अरगोड़ा से हरमू चौक और करमटोली से साइंस सिटी तक ओवरब्रिज निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। कैबिनेट की बैठक में अरगोड़ा से हरमू स्थित डिबडीह पुल तक पुल निर्माण में 469.62 करोड़ रुपये खर्च करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पुल की लंबाई 3.804 किमी होगी। इसी तरह करमटोली से साईंस सिटी फ्लाईओवर (सर्विस पथ सहित कुल लंबाई 3.216 किमी) के लिए 351.14 करोड़ रुपये खर्च करने की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। दोनों पुल बन जाने से आवागमन करने वाले वाहनों को राहत मिलेगी। इन पुलों का निर्माण झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकार के माध्यम से किया जाएगा। इसके साथ ही राज्य स्कूल मानक प्राधिकरण के गठन को भी कैबिनेट की हरी झंडी मिल गई है।

## राम कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**● अहिल्या उद्धार व पुष्प वाटिका प्रसंग सुन भाव - विभोर हुए श्रोता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद बलरामपुर के मधपुर पकड़ी गांव में चल रहे नौ दिवसीय श्रीराम कथा के मुख्य यजमान धनीराम प्रजापति के माता पिता को यज्ञाचार्य दुर्गेश कुमार शुक्ला ने विधि विधान से पूजन यज्ञशाला में करवाया। श्रीराम कथा में कथावाचक जगत गुरु स्वामी राम दिनेशाचार्य जी ने भगवान श्रीराम के बाल्य जीवन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान अहिल्या उद्धार, ताड़का वध, सुबाहु वध से लेकर जनकपुर आगमन और फूलवाटिका में राम-लक्ष्मण द्वारा पुष्प तोड़ने तक की कथा सुनाई गई, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथावाचक जगत गुरु स्वामी राम दिनेशाचार्य जी ने बताया कि भगवान श्रीराम ने गुरु विश्वामित्र के साथ वन गमन कर सबसे पहले ताड़का नामक राक्षसी का वध कर ऋषियों को भयमुक्त किया। इसके बाद सुबाहु का संहार कर यज्ञ की रक्षा की और धर्म की स्थापना का संदेश दिया। कथा में अहिल्या उद्धार का मार्मिक प्रसंग सुनाते हुए बताया गया कि श्रीराम के चरण स्पर्श से माता अहिल्या को शाप से मुक्ति मिली और उनका उद्धार हुआ। इसके पश्चात जनकपुर आगमन का प्रसंग सुनाते हुए कथावाचक जगत गुरु स्वामी राम दिनेशाचार्य जी ने बताया कि गुरु की आज्ञा से राम और लक्ष्मण जनकपुर की पुष्प वाटिका में फूल तोड़ने पहुंचे। वहीं माता सीता ने पहली बार भगवान राम के दिव्य स्वरूप का दर्शन किया। इस प्रसंग का वर्णन सुनते ही पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु 'सीताराम' के जयघोष से गूंज उठे।

# जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति, जनपद भदोही की मासिक बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोहीः-** जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति, जनपद भदोही की मासिक बैठक आज कलेक्ट्रेट भदोही सभागार में जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता एवं विभागीय कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बैठक का शुभारम्भ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय द्वारा किया गया, जिसमें विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की गई। सर्वप्रथम जनपद के विद्यालयों में कराए जा रहे क्लास रूम टाइल्स कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसके उपरांत शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम के अंतर्गत प्रवेश की स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी पात्र बालक-बालिका नामांकन से वंचित न रहे। शेष बचे हुए बच्चों का चिन्हांकन कर शीघ्र प्रवेश दिलाया जाए तथा नामांकन एवं पंजीकरण की गति को और तेज किया जाए, जिससे शत-प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य समय से प्राप्त किया जा सके। बैठक में जनपद में संचालित अमान्य विद्यालयों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें तत्काल बंद कराया जाए, ताकि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनी रहे। विद्यालयों में शैक्षिक वातावरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों में अखबार पढ़ने की संस्कृति विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में नियमित रूप से समाचार पत्र उपलब्ध कराए जाएं, जिससे बच्चों में सामान्य ज्ञान, भाषा कौशल एवं समसामयिक विषयों की समझ विकसित हो सके। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु विभागीय समीक्षा को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही डायट मेंटरों को निर्देशित किया गया कि वे विद्यालयों में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करें तथा शिक्षकों को शैक्षणिक गतिविधियों में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें। साथ ही जिलाधिकारी महोदय द्वारा विभिन्न जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को समयबद्ध विद्यालयों के निरीक्षण पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना एवं मॉडल कंपोजिट विद्यालयों के निर्माण कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यों की प्रगति में तेजी लाई जाए तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराया जाए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ करें तथा शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के लिए समन्वित प्रयास सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एसआरजी सदस्य एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## कानपुर वेदर अपडेट: 17 साल में सबसे गर्म रात, 29-30 अप्रैल को राहत की उम्मीद



**कानपुर।** कानपुर में मौसम ने अचानक करवट ली है। हल्के बादल और नमी बढ़ने के कारण दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई, लेकिन रात का तापमान बढ़ गया। 27 अप्रैल की रात पिछले 17 वर्षों में सबसे गर्म रात रिकॉर्ड की गई है। अब 29 और 30 अप्रैल को तेज हवाओं, बादलों और हल्की बारिश से राहत मिलने की संभावना जताई गई है।**17 साल में सबसे गर्म रात** सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री से घटकर 41 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, लेकिन न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 3.2 डिग्री अधिक है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 27 अप्रैल की रात 17 साल में सबसे गर्म रही। इससे पहले वर्ष 2009 में 27 अप्रैल को न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री दर्ज किया गया था। **नमी बढ़ने से उमस में इजाफा** सीएसए मौसम वेधशाला के अनुसार बीते 24 घंटों में सुबह की नमी 25 प्रतिशत और दोपहर की नमी 7 प्रतिशत बढ़ी है। सोमवार को सुबह की नमी 67 प्रतिशत और दोपहर में 26 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई। **29-30 अप्रैल को बदल सकता है मौसम** मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसका असर राजस्थान समेत कई राज्यों में दिखाई दे रहा है। इसके प्रभाव से कानपुर में 29 और 30 अप्रैल को तेज हवाएं चल सकती हैं, बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हो सकती है। **लू को हल्के में न लें** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि लू खतरनाक हो सकती है। समय पर इलाज न मिलने पर यह जानलेवा भी साबित हो सकती है।

## डंपर ने बाइक सवार को रौंदा,, पेट्रोल पंप से निकलते ही हुई मौत, परिजनों ने लगाया जाम



**घाटमपुर।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत बिधनू थाना क्षेत्र के हडहा में पेट्रोल पंप से निकलते समय रिंग रोड कर्मी रामनरेश को डंपर ने कुचल दिया,, पुलिस के आश्वासन के बाद परिजनों ने हाइवे से जाम हटाया, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी गई है, आपको बताते चलें कि हडहा गांव के हाइवे किनारे स्थित पेट्रोल पंप से निकलते ही बाइक सवार को डंपर ने कुचल दिया, इससे उसकी मौके पर मौत हो गई, घटना की जानकारी पर ग्रामीणों की भीड़ के साथ मौके पर पहुंचे परिजनों ने हाइवे जाम कर दिया, शभुआ निवासी स्व रामसजीवन पासवान के चार बेटों में सबसे छोटा बेटा रामनरेश 32 वर्ष रमईपुर के पास निमार्णाधीन रिंग रोड के प्लांट में काम करता था, रात्रि डियूटी करके मंगलवार सुबह घर लौट रहा था,हडहा गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप से वह बाइक में पेट्रोल भरवा कर जैसे ही हाइवे पर पहुंचा, तभी घाटमपुर की ओर से आ रहा तेज रफ्तार डंपर कुचलता हुआ भाग निकला, इससे उसकी मौके पर मौत हो गई ग्रामीणों की भीड़ के साथ पहुंचे आक्रोशित परिजनों ने हाइवे पर जाम लगा दिया, सूचना पर पहुंची पुलिस के शव हटाने के प्रयास पर भीड़ से तीखी नोंकझोंक शुरू हो गई, पुलिस के चालक समेत डंपर को पकड़ने और मुआवजे के आश्वासन पर आक्रोशित भीड़ शांत हुई, पति का शव देख रविता और मां रानी बेहोश हो गई, परिवार में कोहराम मच गया, बिधनू थाना प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## श्रवण बाधित बच्चों के लिए छः लाख तक की निःशुल्क कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी योजना हेतु करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि शल्य चिकित्सा योजनान्तर्गत श्रवण बाधित बच्चों की दिव्यांगता निवारण हेतु कॉक्लियर इम्प्लान्ट सर्जरी अधिकृत चिकित्सालयों के माध्यम से निःशुल्क करायी जाती है। सर्जरी में छः लाख रुपए के व्यय का प्राविधान है। योजनान्तर्गत अधिकतग 06 वर्ष तक की आयु वर्ग के ऐसे श्रवण बाधित बच्चें जिनके अभिभावको की वार्षिक आय शासन द्वारा निर्धारित गरीबी की रेखा की सीमा के दुगने से अधिक न हो, लाभ प्राप्त कर सकते है।योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, एवं एक पासपोर्ट साइज (बच्चे एवं अभिभावक) के फोटोग्राफ विकास भवन में स्थित दिव्यांगजन कार्यालय से सम्पर्क करना सुनिश्चित करें, जिससे आवेदन पूर्ण कर लाभान्वित कराया जा सके।

# कानपुर में पत्नी की हत्या का खुलासा: शराब के QR कोड ने खोला राज, पति और साथी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर से सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा हुआ है। कैब चालक हर्ष खियानी उर्फ बिट्टू ने अपनी दूसरी पत्नी मोनी वर्मा की हत्या कर शव को बक्से में भरकर प्रयागराज-कानपुर हाईवे किनारे फेंक दिया था। पुलिस ने शराब की बोतल पर लगे त्त्क्रकोड और सर्विलांस की मदद से आरोपी पति और उसके साथी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**हाईवे किनारे बक्से में मिला था शव**

15 अप्रैल को कल्याणपुर गांव के पास हाईवे किनारे एक बक्से में महिला का शव मिला था। जांच में शव की पहचान अमेठी निवासी मोनी वर्मा (30) के रूप में हुई।

**पति ने रची थी साजिश**

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि मोनी हर्ष की दूसरी पत्नी थी। वह एक ह्त्नह् में काम करती थी। हर्ष ने तीन साल पहले उससे चोरी-छिपे शादी की थी और उसे शारदा नगर में किराए के मकान में रखा था, जबकि खुद पहली पत्नी और परिवार के साथ दबौली में रहता था। मोनी लगातार हर्ष पर अपने साथ घर ले जाने का दबाव बना





रही थी, जिससे परेशान होकर उसने हत्या की साजिश रच डाली।

**ऐसे की हत्या** 15 अप्रैल को आरोपी ने पहले बाजार से बक्सा, कुनेन की गोलियां और पॉलिथीन खरीदी। फिर मौका देखकर मोनी को कमरे में बेड पर गिराकर उसके ही दुपट्टे से गला घोंट दिया। हत्या के बाद उसने अपने दोस्त यश गुप्ता को बुलाया और पैसों का लालच देकर साथ लिया। दोनों शव को कार में रखकर प्रयागराज की ओर निकले और लौटते समय हाईवे किनारे बक्सा फेंककर फरार हो गए।

**पहचान छिपाने की कोशिश** मृतका का हैंडबैग भी झाड़ियों में फेंक दिया गया, ताकि पहचान न हो सके। बाद में पुलिस ने हैंडबैग बरामद किया, जिसमें दो मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और हेल्थ कार्ड मिले।

**शराब के त्त्क्रकोड से खुला राज** शव मिलने पर महिला के कपड़ों पर शराब का एक त्त्क्रकोड चिपका मिला था। जांच में यह कोड नमक फैक्टरी चौराहे के पास स्थित दुकान का निकला। पुलिस ने वहीं से सुराग जुटाया और सर्विलांस की मदद से आरोपियों तक पहुंच गई।

**दोनों आरोपी जेल भेजे गए** पुलिस ने सोमवार को वाहन चेकिंग के दौरान हर्ष खियानी उर्फ बिट्टू और यश गुप्ता को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने जुर्म कबूल कर लिया। अदालत में पेश करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है।

## कानपुर में केडीए की बड़ी कार्रवाई: बिठूर के गिन्नी विहार में अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर नगर में अवैध निर्माण और अनधिकृत प्लॉटिंग के खिलाफ कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए बिठूर क्षेत्र स्थित गिन्नी विहार में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया। कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और अवैध निर्माण कराने वालों में खलबली मच गई।

**15 एकड़ में फैली अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त**

केडीए की टीम भारी पुलिस बल और जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंची। जांच में पाया गया कि करीब 15 एकड़ भूमि पर बिना नक्शा पास कराए और बिना वैधानिक स्वीकृतियों के कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसके बाद प्राधिकरण ने सड़कों, बाउंड्रीवाल और अन्य निर्माण कार्यों को ध्वस्त कर दिया।

**दूसरी अवैध प्लॉटिंग भी चिन्हित**

कार्रवाई के दौरान उसी क्षेत्र में करीब 10,000 वर्ग मीटर में की जा रही एक अन्य अवैध प्लॉटिंग को भी चिन्हित किया गया। संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर जवाब



मांगा गया है। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर वहां भी जल्द कार्रवाई की जाएगी।

**जनता से अपील** केडीए अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि शहर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। बिना स्वीकृति के निर्माण या प्लॉटिंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि जमीन खरीदने से पहले सभी दस्तावेजों और स्वीकृतियों की जांच अवश्य करें।

**सख्ती का संदेश** इस कार्रवाई को केडीए की जीरो टॉलरेंस नीति के रूप में देखा जा रहा है। प्रशासन का साफ संदेश है कि अवैध कब्जा, बिना अनुमति निर्माण और फर्जी प्लॉटिंग किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## डीएम ने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**प्रतापगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने पूरेकेशवराय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम एवं वीपीपैट वेयरहाउस में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था आदि की जांच की, साथ ही उन्होने सीसीटीवी कैमरों के संचालन एवं उनकी सतत निगरानी की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होने ईवीएम एवं वीवीपैट के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वीवीपैट एवं ईवीएम वेयरहाउस की निगरानी मुस्तैदी के साथ करते रहे। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत राय उपस्थित रहे।

## कानपुर के 1100 सेवानिवृत्त आयुध कर्मचारियों के लिए को खबर,मिला 17 करोड़ का ओटीए भुगतान




**घाटमपुर।** कानपुर में 1100 सेवानिवृत्त उपस्कर निर्माणी कर्मचारियों को 17 करोड़ का रुपए का ओवरटाइम एरियर मिला है,वीपीएमएस का धरना-प्रदर्शन और टीसीएल अधिकारियों की बातचीत के बाद यह संभव हो पाया है, भारतीय प्रतिरक्षा 2021 से लगातार बकाया ओटीए भुगतान को लेकर आंदोलन कर रहीं थी, बीपीएमएस से संबंध मजदूर संघ ने टीसीएल मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया, इसके बाद सीएमडी सुनील दाते से बीपीएमएस के संयुक्त मंत्री योगेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में वार्ता का सिलसिला चला, जिसमें प्रशासन व महासंघ के बीच भुगतान के लिए सहमति बनी, टीसीएल ग्रुप की निर्माणियां, जो कानपुर, हजरत पुर, शाहजहांपुर में स्थित हैं, वहां सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों का 22करोड रूपए का भुगतान पूर्व में हो गया था, लेकिन सेवानिवृत्त कर्मचारी लाभ पाने से वंचित रह गए थे, लगातार प्रयास के बाद अब 1100 सेवानिवृत्त ओईएफ कर्मचारियों को, 17 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया, है भारतीय मजदूर संघ के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव साधु सिंह ने बताया कि टीसीएल ग्रुप की निर्माणियो में करीब 50 कऱोड ओटी एरियर भुगतान करानें में सफल रहना, बीपीएमएस की बड़ी उपलब्धि है, जल्द ही ओपीएफ कानपुर के रिटायर्ड कर्मचारियों का भुगतान कराया जाएगा।

## नारी के सम्मान, अधिकार और स्वाभिमान की आवाज है नारी शक्ति वंदन अधिनियम- मूलचंद्र



● भाजपा ने निकाली जन आक्रोश महिला पद यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में महिला आरक्षण लागू करने एवं परिसीमन के माध्यम से लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने के लिए पेश किए गए संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 गिरने के बाद से भाजपा इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाकर विपक्षी पार्टियों को महिला अधिकार विरोधी साबित कर महिलाओं की सहानुभूति बटोरने में लगी हुई है। इसी क्रम में मंगलवार को भाजपा नगर इकाई द्वारा 'जन आक्रोश महिला पद यात्रा' कस्बे में निकाली गई।

पार्टी के प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर निकाली गई पद यात्रा के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन रहे। पद यात्रा नगर पालिका कार्यालय से शुरू होकर मेन रोड से होकर चंदकुआ स्थित रानी लक्ष्मीबाई स्मारक पर पहुंची जहां सभी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि देश की नारी शक्ति अब अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुकी है और अधिकारों को प्राप्त करने के लिए महिलाएं सड़कों पर उतर रही है। उन्होंने विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि संसद में महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी की गई जिसके विरोध में यह जन आंदोलन किया जा रहा है। यह पद यात्रा नारी सम्मान, नारी अधिकार और स्वाभिमान की आवाज है जो समाज के हर वर्ग तक पहुंच रही है।

उन्होंने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने वाला ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इसे देशभर की महिलाओं का व्यापक समर्थन मिल रहा है। नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल की अगुवाई और नामित सभासद महेंद्र सोनी के संयोजकत्व में निकाली गई पद यात्रा में शामिल पार्टी से जुड़ी महिलाएं हाथों में पार्टी का झंडा और स्लोगन लिखे बैनर- तख्तियां लेकर नारेबाजी कर आगे बढ़ रही थी। पद यात्रा में सभासद सीमा देवी, कृष्णा झा, मधु सोनी, सुनीता, मंजुला, मनोरमा, गिरिजा, अंजली अग्रवाल, हिमानी राठौर, गंगाश्री, मोहिनी, ज्ञानकुंवर, राजेंद्र दुवे, ओमप्रकाश कुशवाहा, मनीष नगरिया, अनिल कपूर, रविकांत कुशवाहा, विनोद सोनी, रविन्द्र रायकवार, सौरभ पुरवार आदि मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट परिसर में अवैध कब्जों पर सख्ती, 7 दिन में हटाने का अल्टीमेटम, गलत पार्किंग पर भी होगी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ में कलेक्ट्रेट परिसर और आसपास के सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ते अवैध कब्जों और अव्यवस्थित पार्किंग को लेकर जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होने बताया है कि कलेक्ट्रेट परिसर में अवस्थित राजकीय भवनों, लैट्रीन की सेप्टिक टैंकों, नवनिर्मित वादकारी शेडो के नीचे बने पार्किंग स्थल तथा परिसर में बाउण्ड्री के पास व अन्य स्थलों पर अनियमित व अनधिकृत रूप से छाजन व गुमटियां आदि रखकर अवैध कब्जा कर लिया गया है तथा आने जाने वाले रास्तो में अनियमित व अनुचित तरीके से वाहन खड़ा कर रास्ता संकुचित कर दिया जाता है जिससे वादकारियों तथा कलेक्ट्रेट में आने वाले जनसामान्य को काफी असुविधा होती है।

प्रायः यह देखा जा रहा है कि कलेक्ट्रेट परिसर व सार्वजनिक स्थानो पर अतिक्रमणियों द्वारा किये गये अवैध कब्जे को अब तक हटाने का प्रयास नहीं किया गया है जो अत्यन्त ही आपत्तिजनक एवं चिन्ताजनक है।

जिला मजिस्ट्रेट ने कलेक्ट्रेट परिसर में किये गये अनियमित व अवैध कब्जाधारियों एवं अतिक्रमण कर्ताओ को चेतावनी देते हुए कहा है कि वे 7 दिनों के भीतर स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लें और स्थल को खाली कर दें। निर्धारित समयसीमा के बाद यदि कोई कब्जा पाया जाता है, तो प्रशासनिक टीम द्वारा बलपूर्वक हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान आने वाला खर्च संबंधित अतिक्रमणकारी से ही वसूला जाएगा और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। इसके अलावा वाहन मालिकों को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें। गलत स्थान पर वाहन खड़ा करने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट ने आम जनता से भी अपील की है कि वे कलेक्ट्रेट परिसर की स्वच्छता और सुचारु व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें, ताकि सभी को बेहतर और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

## सड़क दुर्घटना में महिला गंभीर घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तीतरा खलीलपुर में सोमवार देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा उस समय हुआ जब सामने से आ रहे ट्रैक्टर को देखकर बाइक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जानकारी के अनुसार, रेशमा (28) पत्नी रतन निवासी नया पटेल नगर ब्लॉक के पास कोंच अपने मायके में भाई की शादी समारोह में शामिल होने आई थी। वह विदुआ रामपुरा से अपने भाई अमित के साथ बाइक से वापस कोंच लौट रही थी, साथ में उसका चार वर्षीय पुत्र कार्तिक भी था। जैसे ही बाइक ग्राम तीतरा के समीप पहुंची, सामने से आ रहे ट्रैक्टर को देखकर अमित ने अचानक बाइक के ब्रेक लगा दिए। अचानक ब्रेक लगने से बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सड़क



पर गिर गई। पीछे बैठी रेशमा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि बाइक चालक भाई और बच्चा सुरक्षित बच गए। सूचना मिलते ही कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्परता और मानवता का परिचय देते हुए घायल महिला को अपनी सरकारी गाड़ी से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने घायल महिला का प्राथमिक उपचार किया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## तहसील में उत्पाती बंदरों ने मचाया आतंक, वकीलों ने एसडीएम से लगाई गुहार

**कोंच(जालौन)-** तहसील परिसर में उत्पात मचा रहे कटखने बंदरों को पकड़वाए जाने की मांग करते हुए अधिवक्ताओं ने एसडीएम को पत्र दिया है। सोमवार को एसडीएम ज्योति सिंह को दिए पत्र में अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसील परिसर में सैकड़ों बंदर उत्पात मचाए हुए हैं। ये बंदर अधिवक्ताओं के बस्तों पर हमला बोल कर कागजात सहित अन्य कीमती सामान तहस नहस कर दे रहे हैं, साथ ही खड़ी हुई बाइकों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इतना ही नहीं अधिवक्ताओं सहित राह चलते लोगों पर झपट्टा मारकर उन्हें घायल भी कर रहे हैं। बीती 25 अप्रैल को अधिवक्ता संदीप श्रीवास्तव को इन उत्पाती और कटखने बंदरों ने काटकर जख्मी कर दिया है। पत्र देने वाले अधिवक्ता संजीव तिवारी, जितेंद्र परिहार, सज्जीत जाटव, रामलखन आदि ने एसडीएम से बंदरों को पकड़वाए जाने की मांग की है।

## गाजे बाजे व जुलूस के साथ अधिवक्ताओं ने किया विभिन्न पदों पर नामांकन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन भी बड़ी संख्या में प्रत्याशियों ने अधिवक्ताओं के भारी हुजूम के साथ नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। विभिन्न प्रत्याशियों के साथ समर्थकों की भारी तादात के मददेनजर चुनाव समिति के कार्यालय में मंगलवार को फोर्स की भी तैनाती देखी गयी। गाजे बाजे व नारेबाजी के बीच नामांकन दाखिल करने वालों में मंगलवार को निवर्तमान महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। हालांकि नामांकन पत्र हासिल करने के बाद चर्चा में आये संघ के वर्तमान अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने नामांकन नहीं किया। इसके अलावा अध्यक्ष पद पर पूर्व अध्यक्ष संदीप सिंह व विकास मिश्र तथा विजय कुमार तिवारी, राजेशचंद्र तिवारी ने उपाध्यक्ष पद पर पूर्व महामंत्री रामकुमार पाण्डेय तथा पूर्व कोषाध्यक्ष राजेश द्विवेदी ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किया।

वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर हरिश्चंद्र पाण्डेय के अलावा महेन्द्र कुमार सरोज, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल एवं नीलेश बहादुर सिंह निर्भय व महामंत्री पद पर शिवरंजन यादव, संजीव कुमार तिवारी एवं अरविन्द पाण्डेय तपन तथा आय व्यय निरीक्षक पद पर संतोष कुमार तिवारी, अनन्त प्रसाद तिवारी एवं रंजीत कुमार साहू ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सदस्य कार्यकारिणी पद पर निर्भय शुक्ल व कमलराज सरोज ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

समिति के महामंत्री वीरेन्द्र सिंह अगई ने बताया कि आज नामांकन पत्रों की चुनाव समिति द्वारा जांच की जाएगी। नामांकन प्रक्रिया की देखरेख में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, रामलगन यादव, बेनीलाल शुक्ल, शैलेन्द्र चतुर्वेदी व संतोष पाण्डेय प्रमुख भूमिका में दिखे। नामांकन दाखिल करने को लेकर मंगलवार को तहसील परिसर में खासी गहमागहमी का माहौल दिखा। प्रत्याशियों के साथ समर्थक अधिवक्ताओं की भारी भीड़ के मददेनजर लालगंज पुलिस भी नामांकन स्थल पर एहतियातन मुस्तैद दिखी।

## दो कारों की भिड़ंत में 5 लोग घायल

**कोंच(जालौन)-** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घमूरी के समीप सोमवार देर रात दो कारों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि एक कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार टीयूवी कार ने सामने से आ रही दूसरी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को दोनों कारों में से बाहर निकाला। हादसे में कार सवार महिला और एक बच्ची समेत कुल पांच लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। घायल सभी लोग शादी के बाद होने वाले चौथी के कार्यक्रम से लौट रहे थे तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। वहीं टक्कर मारने वाली कार में सवार लोग दुर्घटना के बाद अपनी गाड़ी मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने उक्त क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार कार सवारों की तलाश की जा रही है।

## धूमधाम से निकाली गयी कलश यात्रा, लगे जयकारे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लालगंज क्षेत्र के हिरऊ का पुरवा बेलहा से मंगलवार को गाजे बाजे के साथ धूमधाम से कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। लोकमंगल के निमित्त आयोजित श्रीमदभागवत कथा को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु अबीर गुलाल उड़ाते राधेकृष्ण की भक्ति में रमे दिखे। भगवान वासुदेव के जयकारे से इलाका गुंजायमान हो उठा दिखा। कथाव्यास रसाभूषण आचार्य धीरेन्द्रपाल कृष्ण त्रिपाठी की अगुवाई में निकाली गयी कलश यात्रा क्षेत्र भ्रमण किया और क्षेत्र में स्थापित विभिन्न देवी-देवताओं के मन्दिरों में श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन कर आशीर्वाद की कामना की।

मुख्य आयोजक रामदुलारे यादव व लक्खू देवी ने वैदिक मंत्रोचार के बीच वेदी पूजन कर मंगलकामना की। कथाव्यास आचार्य धीरेन्द्रपाल कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि कलियुग में श्रीमदभागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य के मोक्ष का मार्ग सुगम हुआ करता है। कलश यात्रा का संयोजन कमलेश यादव उर्फ लवलेश व मिथलेश ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर पप्पू तिवारी, केशवदत्त पाण्डेय, अतुल शुक्ला, आचार्य पवन द्विवेदी, आचार्य बाल मुकुन्द, विजय यादव, श्याम नारायण तिवारी, राम मिलन यादव, अंकित यादव, राजाराम, रामबली, रामकिशोर, राम आसरे, रामबरन, अम्बिका प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## किशोरी के अपहरण का केस हुआ दर्ज



**लालगंज, प्रतापगढ़।** किशोरी के अपहरण को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़ित पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 27 अप्रैल को सुबह करीब दस बजे उसकी 13 वर्षीया पुत्री को गांव का ही युवक शिवम सरोज पुत्र अभयराज बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। घटना को लेकर पीड़ित पिता ने अनहोनी की आशंका जतायी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## नवाबगंज-सोहरामऊ फीडर के सैकड़ों गांव बिजली संकट से परेशान, फसल कटाई बनी वजह




**उन्नाव।** गेहूं की फसल कटाई के कारण नवाबगंज फीडर और सोहरामऊ फीडर से जुड़े सैकड़ों गांवों में बिजली आपूर्ति लड़खड़ा गई है। ग्रामीण लाइट की समस्या से जूझ रहे हैं। एसडीओ से बात करने पर बताया कि क्षेत्र में अभी लगभग 20% गेहूं की फसल खेतों में बाकी है। कटाई के दौरान तारों के नीचे काम होने से सुरक्षा कारणों से शटडाउन लेना पड़ता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि एक-दो दिन में फसल कटते ही लाइट व्यवस्था पूरी तरह सामान्य हो जाएगी। एस डी ओ का कहना है कि उनका प्रयास रहता है कि सभी उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिले और किसी को परेशानी न हो। वजह- गेहूं कटाई के समय हाईटेंशन लाइन के नीचे कंबाइन व थ्रेशर चलने से हादसे का खतरा रहता है। इसीलिए विभाग एहतियातन सप्लाई रोक देता है। ग्रामीणों से अपील है कि फसल कटाई में लाइन से सुरक्षित दूरी रखें और शटडाउन की सूचना पहले बिजलीघर को दें।



## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जनपद जालौन

संख्या-238/जि0 आ0अधि0/दैनिक व्यवस्थापन/2026-27/जालौन/दिनांक: 28अप्रैल, 2026


**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद जालौन की अद्यतन अव्यवस्थित देशी शराब दुकानें (12) नया रामनगर (ईदगाह), मालगोदाम उरई, गिरथान, अकोढी, मुहम्मदाबाद, जालौन नं02 (मोहल्ला बापूसाहव), जालौन नं05 (तोपखाना औरैया रोड), हांसा मोड बबीना, विनौरा वेद, बंगरा नं0 2 (पुराना रेंदर रोड), जगम्मनपुर, कुरसेंडा कम्पोजिट दुकान (1) चन्द्रनगर उरई एवं भांग दुकानें (06) पटेल नगर उरई, जालौन नं0 2, कुठौंद, सिरसा कलार, माधौगढ़, गोहन दुकानों का राजस्व हित में दैनिक आधार पर संचालन चौदह दिनों कि अवधि या नियमित व्यवस्थापन के दिनांक, इसमें से जो भी पहले हो, के लिए किया जाना है। उक्त दुकानों का दैनिक व्यवस्थापन दिनांक 29.04.2026 से किया जाना है। दुकानों के लिए निर्धारित वार्षिक एम0जी0क्यू0/ लाइसेंस फीस के एक दिवस के एम0जी0क्यू0 तथा बेसिक लाइसेंस फीस के आधार पर दिनांक 29.04.2026 से उपरोक्तानुसार निर्धारित दिवसों हेतु ऑफर / सार्वजनिक लाटरी के माध्यम से किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 29.04.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक अपनी निविदा कार्यालय अपर जिलाधिकारी (वि0एवं रा0) जालौन स्थान उरई कलेक्ट्रेट परिसर में जमा कर सकते है। निविदा खोले जाने का समय दिनांक 29.04.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे है। दुकानों के निर्धारित एम0जी0क्यू0/ लाइसेंस फीस की विस्तृत जानकारी जनपद जालौन की बेवसाइट https://jalaun.nic.in, कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जनपद जालौन के सूचना पटट् अथवा क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक जनपद जालौन से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त दुकान का ऑफर में दिया गया एम0जी0क्यू0/एम0जी0आर0 का सम्पूर्ण उठान एक ही बार में किया जाना अनिवार्य है। चयनित आवेदक लाइसेंस फीस तत्काल ई-चालान के माध्यम से जमा कर चालान की प्रति कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगा। उक्त विज्ञप्ति में कोई भी लिपिकीय त्रुटि संशोधनीय होगी।

(भूपेन्द्र सिंह)
जिला आबकारी अधिकारी
जनपद जालौन।

## संक्षिप्त खबरें

### विपक्ष को घेरने की तैयारी! योगी सरकार ने बुलाया विशेष सत्र



**लखनऊ।** परिसीमन के साथ नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक लोक सभा में पारित नहीं होने के मामले में अब प्रदेश में इस पर चर्चा के लिए 30 अप्रैल को विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाया गया है। इसमें महिला सशक्तीकरण पर दोनों ही सदनों में अनवरत चर्चा होगी। इस विशेष सत्र में महिलाओं को ही बोलने का ज्यादा मौका दिया जाएगा। 18वीं विधान सभा में कुल 51 महिला सदस्य हैं, इनमें सर्वाधिक 30 सदस्य भाजपा की हैं। सपा की 15, अपना दल की चार, कांग्रेस व रालोद की एक-एक महिला सदस्य हैं। वहीं, 100 सीटों वाली विधान परिषद में मात्र चार महिला सदस्य हैं। इनमें तीन भाजपा व एक निर्दलीय हैं। यूं तो बुधवार 29 अप्रैल को विधान सभा व विधान परिषद की कार्यमंत्रणा समिति की अलग-अलग बैठक में विशेष सत्र का बिजनेस तय होगा, किंतु इतना तय माना जा रहा है कि महिला सदस्यों को ही बोलने का अधिक मौका दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार सबसे पहले संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना सदन में महिला सशक्तीकरण पर चर्चा का प्रस्ताव रखेंगे। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष व दलीय नेता भी इस पर अपने विचार रखेंगे। भाजपा की कोशिश यही है कि इस पर अधिक से अधिक महिला सदस्य ही बोलें। अंत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस विषय पर अपनी बात रखेंगे और महिलाओं के लिए डबल इंजन की सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को गिनाएंगे। भाजपा महिला आरक्षण पर विपक्ष खासकर कांग्रेस व सपा को घेरेगी। वहीं, शीतकालीन सत्र से लेकर अब तक सरकार छह अध्यादेश पास कर चुकी है। इनमें उत्तर प्रदेश लोक सेवा अधिकरण संशोधन अध्यादेश, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता संशोधन अध्यादेश, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता द्वितीय संशोधन अध्यादेश, उप्र वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय अध्यादेश, उप्र दंड विधि (अपराधों का शमन और विचारणों का उपशमन) संशोधन अध्यादेश तथा उप्र निजी विश्वविद्यालय संशोधन अध्यादेश शामिल हैं। इन सभी अध्यादेश की जानकारी सरकार सदन को देगी।

### यूपी पंचायत चुनाव में देरी होने पर सामने आने लगी अनोखी मांग

**लखनऊ।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो पाने की तस्वीर साफ होते ही पंचायत प्रतिनिधियों की बेचैनी बढ़ गई है। मंगलवार को योजनाओं की जानकारी देने के लिए आयोजित क्षेत्र पंचायत प्रमुखों कार्यशाला पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाने का अखाड़ा नजर आया। जिसके बाद मंच से पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखा जाएगा। पूरी कोशिश होगी कि सरकार कार्यकाल बढ़ाने पर राजी हो जाए। अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री को करना है। पंचायती राज निदेशालय में क्षेत्र पंचायत प्रमुखों के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मंत्री ने प्रमुखों से कहा कि मैं आप लोगों की भावनाओं को समझ रहा हूं, इसका कद्र किया जाएगा। कार्यकाल बढ़ाने के लिए आप लोगों की बातें मुख्यमंत्री के समक्ष पूरी ताकत के साथ रखने का काम होगा। उन्होंने ब्लाक प्रमुख संघ से राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रशासक समिति के गठन के माध्यम से कार्यकाल बढ़ाए जाने के लिए जारी आदेशों की प्रति के साथ प्रस्ताव देने को कहा। प्रमुखों को आश्वासन दिया कि जल्द ही 10 लाख की जगह 15 लाख रुपये तक की योजनाओं को स्वीकृत करने का अधिकार उन्हें दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री के जिले में पहुंचने की सूचना प्रमुखों को भी मिले इसकी व्यवस्था की जाएगी। पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि पंचायत चुनाव पर इलाहाबाद हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा है।हाईकोर्ट के निर्णय का इंतजार किया जा रहा है। हम पंचायत चुनाव कराने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम स्थल पर मंत्री के पहुंचने से पहले मंच से ब्लाक प्रमुख प्रमुख संघ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने प्रमुख सचिव अनिल कुमार से कार्यकाल समाप्त होने पर मौजूदा क्षेत्र पंचायतों को ही प्रशासक नियुक्त करने की मांग की। राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड की तरह प्रशासक समिति का गठन करने का सुझाव दिया। मंच से पदाधिकारी कार्यकाल बढ़ाने का मुद्दा पूरे दमखम से रखें इसके लिए हाल में बैठे प्रमुखों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। बहस भी हुई। दबाव बनाया कि सिर्फ कार्यकाल बढ़ाने पर ही बात हो। संघ के प्रदेश अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह 'सेनानी' के संबोधन के दौरान इस कदर टोका टोकी की गई कि उन्हें कहना पड़ा कि जो अपने को अधिक सक्षम समझ रहा है, वह मंच पर आ जाए।

# आंध्र प्रदेश में खुलेगा गूगल डेटा सेंटर

**● 15 अरब डॉलर के निवेश से बनेगा AI हब; हजारों नौकरियों के अवसर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू ने विशाखापत्तनम के पास 15 अरब डालर (लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपये) के गूगल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डाटा सेंटर का शिलान्यास किया और कहा कि यह भारत के लिए एक विकास इंजन होगा। मुख्यमंत्री ने इस गूगल डाटा सेंटर को एशिया की सबसे बड़ी ऐसी सुविधा बताया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह डाटा सेंटर एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हब के रूप में उभरेगा।

**15 अरब डॉलर का गूगल डाटा सेंटर**

विशाखापत्तनम के तारलुवाड़ा में गूगल क्लाउड इंडिया एआइ डेटा सेंटर के शिलान्यास समारोह में मंगलवार को नायडू ने कहा कि एक गीगावाट क्षमता वाला डाटा सेंटर भारत की डिजिटल संरचना विकास में महत्वपूर्ण कदम के रूप में उभरेगा। यह देश के सबसे बड़े एआइ डाटा सेंटर में से एक होने की उम्मीद है और उन्नत एआइ क्लाउड अवसंरचना और बड़े पैमाने पर डाटा भंडारण क्षमताएं प्रदान करेगा। हालांकि राज्य सरकार ने 6.5 गीगावाट की कुल क्षमता के साथ 'मल्टी-गीगावाट डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र' विकसित करने के लिए दीर्घकालिक योजना बनाई है। नायडू ने कहा कि यह परियोजना सितंबर, 2025 में शुरू की गई थी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसे 28 सितंबर, 2028 को उद्घाटन करेंगे। उन्होंने सभी हितधारकों से अपील की कि वे समय सीमा (23 सितंबर, 2028) से छह महीने पहले इस सुविधा का निर्माण पूरा करें। मुख्यमंत्री के अनुसार, गूगल डेटा सेंटर युवाओं के लिए हजारों नौकरियों का सृजन करेगा। यह सुविधा तारलुवाड़ा, अदविवरम और रामबिली गांवों में 600 एकड़ में स्थापित होगी।

**'हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु बुलेट ट्रेन से जुड़ेंगे'**

मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि रेलमंत्री वैष्णव ने लगभग सात से आठ वर्षों में चार दक्षिण भारतीय शहरों को बुलेट ट्रेन से जोड़ने का वादा किया है। उन्होंने संकेत दिया कि बुलेट्र ट्रेन से हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु जैसे शहरों और अमरावती के ग्रीनफील्ड शहर को केवल एक घंटा व 10 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। भोगापुरम हवाई अड्डे का उद्घाटन जुलाई में पीएम मोदी करेंगे। विशाखापत्तनम से 60 किमी पूर्वोत्तर में स्थित भोगापुरम गांव में हवाई अड्डा जीएमआर समूह बना रहा है।

**देश में सर्वर, चिप्स के निर्माण का आग्रह**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश आइटी सेवाओं में अग्रणी देश के रूप में उभरा है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर निर्माण में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने आइटी कंपनियों से देश में सर्वर, ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) और चिप्स का निर्माण करने का आग्रह किया और इसे गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई तक पहुंचाने का अनुरोध किया। वैष्णव ने विशाखापत्तनम से समुद्री केबल बिछाने के लिए गूगल का धन्यवाद किया, जो यूरोप, पश्चिम एशिया, अफ्रीका व अमेरिका को जोड़ने वाली वैश्विक कनेक्टिविटी बढ़ाएगा।

# बड़ा बाजार में अतिक्रमण हटाया





**● लंबे कानूनी संघर्ष के बाद जिले के दुल्लभछड़ा में अतिक्रमण हटाया**

**●परिवार को जमीन वापस मिली**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि-** लंबे समय से चल रही कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा के बड़ा बाजार क्षेत्र में एक परिवार को उसकी अपनी जमीन वापस मिल गई। प्रशासन की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर संबंधित जमीन को कब्जामुक्त कराया गया। सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2007 में श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दुल्लभछड़ा बड़ा बाजार के बेणुरंजन देव और अब्दुल हमीद के बीच जमीन को लेकर मामला जिला अदालत में दायर किया गया था। यह मामला बेणुरंजन देव द्वारा दर्ज कराया गया था। उनका आरोप था कि अब्दुल हमीद ने उनकी जमीन पर अवैध कब्जा कर लंबे समय से उसका उपयोग किया। लंबे समय तक दोनों पक्षों के साक्ष्य और प्रमाणों के आधार पर सुनवाई चलने के बाद हाल ही में अदालत ने बेणुरंजन देव के पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बाद गत 27 अप्रैल, सोमवार की शाम पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में जेसीबी मशीन की मदद से उक्त जमीन पर बने अब्दुल हमीद के अवैध मकान को ध्वस्त कर दिया गया और जमीन वास्तविक मालिक को सौंप दी गई। हालांकि, संपर्क न हो पाने के कारण इस मामले में दोनों पक्षों की प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी।

## रूस-चीन के सामने फीकी पड़ी अमेरिका की ताकत

**● हाइपरसोनिक मिसाइलों का नहीं कोई तोड़**

**ईरान युद्ध के बीच पेंटागन का बड़ा कबूलनामा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** अमेरिका में एक सीनियर पेंटागन अधिकारी ने कांग्रेस (अमेरिकी संसद) की सुनवाई के दौरान माना कि अमेरिकी सेना के पास अभी रूस और चीन जैसे दुश्मनों के हाइपरसोनिक हथियारों या एडवांस्ड क्रूज मिसाइलों के खिलाफ कोई डिफेंस लाइन नहीं है। अमेरिका की स्पेस पॉलिसी के लिए युद्ध के असिस्टेंट सेक्रेटरी मार्क बर्कविट्ज अमेरिकी सीनेट की आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सामने अगली पीढ़ी के 'गोल्डन डोम' मिसाइल डिफेंस सिस्टम पर सुनवाई के दौरान बोल रहे थे, जिसे अमेरिका में विकसित किया जा रहा है।

**अमेरिका के पास नहीं रूस-चीन से लड़ने की ताकत**

अमेरिका की स्पेस पॉलिसी के लिए युद्ध के असिस्टेंट सेक्रेटरी मार्क बर्कविट्ज ने अमेरिकी सीनेट को यह भी बताया कि दुश्मन देश अब 'नॉन-बैलिस्टिक खतरे' विकसित कर रहे हैं, जिनमें हाइपरसोनिक और लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें शामिल हैं, जिन्हें अमेरिका को खतरे में डालने के लिए डिजाइन किया गया है। मार्क बर्कविट्ज से अमेरिका की मौजूदा मिसाइल डिफेंस क्षमताओं के बारे में बताने के लिए कहा गया, तो उन्होंने कहा, 'आज, हमारे पास जमीन पर आधारित एक बहुत ही सीमित, सिंगल-लेयर होमलैंड डिफेंस सिस्टम है, जिसे खास तौर पर उत्तर कोरिया से होने वाले छोटे पैमाने के हमले के खिलाफ डिजाइन किया गया था।' मार्क बर्कविट्ज ने आगे बताया, 'हमारे पास किसी भी अन्य बैलिस्टिक मिसाइल हमले का मुकाबला करने की बहुत सीमित क्षमताएं हैं। अगर हम एडवांस्ड क्रूज मिसाइलों की बात करें तो आज हमारे पास हाइपरसोनिक हथियारों या क्रूज मिसाइलों के खिलाफ भी कोई डिफेंस नहीं है।' यह कड़ा आकलन चीन, रूस, ईरान और उत्तर कोरिया जैसे देशों की बढ़ती सैन्य क्षमताओं को लेकर चिंताओं के बीच आया है, जिससे वॉशिंगटन को अपने होमलैंड मिसाइल डिफेंस में बड़ी कमियों को स्वीकार करने पर मजबूर होना पड़ा है।


## यूपी के किसानों के खाते में अगले महीने आएंगे 122.28 करोड़ रुपये

**लखनऊ।** खराब मौसम से फसल नुकसान झेल रहे किसानों को राहत देने के लिए प्रदेश सरकार चार मई को 122.28 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि उनके खातों में भेजेगी। यह भुगतान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किया जाएगा। इसमें खरीफ 2025 के बकाया 105.16 करोड़ रुपये और रबी 2025-26 के 17.11 करोड़ रुपये शामिल हैं। खरीफ 2025 के लिए कुल 730.04 करोड़ रुपये देय थे, जिसमें से 624.88 करोड़ रुपये पहले ही दिए जा चुके हैं। इससे पहले 21 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'वन-क्लिक' के जरिए 285 करोड़ रुपये 2.51 लाख किसानों को दिए थे। 2017-18 से अब तक 67.86 लाख किसानों को 5755.68 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति मिल चुकी है। योजना में धान, गेहूं, दालें, तिलहन और आलू जैसी फसलें शामिल हैं। किसानों को कम प्रीमियम देना पड़ता है। जो खरीफ पर दो प्रतिशत, रबी पर 1.5 प्रतिशत और नकदी फसलों पर अधिकतम पांच प्रतिशत है, बाकी खर्च सरकार उठाती है। कृषि सांख्यिकी एवं फसल निदेशक बीमा सुमिता सिंह के अनुसार, प्रदेश के सभी जिलों में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से यह राशि वितरित की जाएगी।

## सोनी पल पर शुरू हो रही साहस और भक्ति के प्रतीक 'संकट मोचन हनुमान

**● इस धारावाहिक की शानदार स्टार कास्ट ने इन पौराणिक किरदारों को पूरी सच्चाई और जीवंतता के साथ पर्दे पर उतारने का काम किया है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




__दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट__

**ब्यूरो प्रयागराज।** भारत का लोकप्रिय एंटरटेनमेंट चैनल सोनी पल, जो अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रमों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है, ने गर्व और उत्साह के साथ संकट मोचन हनुमान के प्रसारण की घोषणा की है। यह एक कालजयी पौराणिक धारावाहिक है, जो पीढ़ियों से लोगों को प्रेरित करता रहा है। सोनी पल पर इसके शुरू होने के साथ दर्शकों को भगवान हनुमान की साहसिक यात्रा को एक बार फिर नए अंदाज में देखने का अवसर मिलेगा। इस महाकाव्य के केंद्र में भक्ति, शक्ति और साहस के सच्चे 'सुपरहीरो' भगवान हनुमान हैं। उनकी जीवन यात्रा वीरता और अटूट निष्ठा से भरी है, जो हर पीढ़ी के दर्शकों को गहराई से जोड़ती है और उन्हें आस्था, धर्म व निस्वार्थ सेवा जैसे शाश्वत मूल्यों की याद दिलाती है। यह कहानी भगवान हनुमान की उस अद्भुत यात्रा को दिखाती है, जहाँ वे निडर रक्षक के रूप में सामने आते हैं। भगवान राम के प्रति उनकी भक्ति असीम है और बुराई के खिलाफ उनका साहस बेजोड़ है।

शानदार दृश्यों और दमदार कहानी के साथ यह सिर्फ एक धारावाहिक नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक अनुभव है, जो दिल और आत्मा को छू जाता है। इस धारावाहिक की शानदार स्टार कास्ट ने इन पौराणिक किरदारों को पूरी सच्चाई और जीवंतता के साथ पर्दे पर उतारने का काम किया है। गगन मलिक भगवान राम के रूप में गरिमा और मर्यादा को दर्शाते हैं; देब्लिना चटर्जी, माता सीता की करुणा और शक्ति को खूबसूरती से प्रस्तुत करती हैं। वहीं निर्भय वाधवा भगवान हनुमान की दिव्य ऊर्जा को जीवंत करते हैं और सौरव गुर्जर रावण के रूप में दमदार अभिनय करते नजर आते हैं। ये सभी कलाकार मिलकर एक ऐसी दुनिया रचते हैं, जो जादुई होने के साथ-साथ हमारी परंपराओं से गहराई से जुड़ी हुई है। भगवान हनुमान को परम रक्षक और दिव्य सुपरहीरो के रूप में प्रस्तुत करने वाला संकट मोचन हनुमान, अपने शाश्वत संदेश और यादगार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने का वादा करता है। सोनी पल दर्शकों को इस दिव्य यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है, जहाँ भगवान हनुमान की गाथा एक बार फिर टीवी स्क्रीन पर लौट रही है, जो पहले से कहीं ज्यादा शक्तिशाली, प्रेरणादायक और प्रासंगिक है। यह शो 4 मई से रात 9 बजे, दर्शकों को हनुमान जी की कहानी को फिर से जीने और भक्ति की भावना को दोबारा महसूस करने का मौका देगा।

# श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में भीषण आग

**● मवेशियों को बचाने में सदानंद सिन्हा गंभीर रूप से झुलसे**

**●इलाके में दहशत, फायर ब्रिगेड स्टेशन की मांग को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**श्रीभूमि:** श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दुल्लभछड़ा के पास स्थित आदर्श कृष्णनगर गांव में एक भीषण अग्निकांड की घटना सामने आई है। सी.वी.पी. स्कूल के पूर्व दिशा में स्थित पूर्व पत्रकार जगदानंद सिन्हा के गौशाला में बीती रात करीब 2 बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने गौशाला के विभिन्न हिस्सों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही जगदानंद सिन्हा के बड़े भाई सदानंद सिन्हा मवेशियों को बचाने के लिए आगे बढ़े। इस दौरान वे गंभीर रूप से झुलस गए। बताया जा रहा है कि उनके शरीर का अधिकांश हिस्सा आग में जल गया है। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत नजदीकी दुल्लभछड़ा अस्पताल ले जाया गया। लेकिन वहां पर्याप्त उपचार सुविधा न होने के कारण उनकी हालत बिगड़ने लगी, जिसके बाद उन्हें सिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। संचार संबंधी समस्याओं के चलते बाद में उन्हें आनन-फानन में माकुंदा अस्पताल स्थानांतरित किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इधर, आग की खबर फैलते ही रात करीब 2:30 बजे स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया, जिसमें वे काफी हद तक सफल भी रहे। बाद में रात 2:45 बजे राताबाड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। रामकृष्णनगर फायर सर्विस विद्यानगर के रास्ते रात 3:15 बजे घटनास्थल पर पहुंचकर आग को पूरी तरह नियंत्रित किया गया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है और घटना की जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में क्षेत्र में कई अग्निकांड की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। इसी को लेकर स्थानीय निवासियों ने दुल्लभछड़ा में शीघ्र फायर ब्रिगेड स्टेशन स्थापित करने की मांग करते हुए प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है।

## पंजाब में आया 150 की रफ्तार से बॉलिंग करने वाला गेंदबाज

**● राजस्थान ने तूफानी बल्लेबाज को किया बाहर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने मंगलवार को मुल्लांपुर में खेले जा रहे आईपीएल-2026 के मैच में मेजबान पंजाब किंग्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। इस मैच में दोनों टीमों ने दो-दो बदलाव किए हैं। पंजाब ने अभी तक एक भी मैच नहीं गंवाया है। उसने सात मैच खेले हैं जिसमें से छह में उसे जीत मिली है तो वहीं एक मैच रद हुआ है। वहीं राजस्थान ने आठ मैचों में से पांच में जीत और तीन में हार झेली है। इस मैच में राजस्थान पंजाब के विजयी रथ को रोकना चाहेगी।

**पंजाब ने दिया तूफानी गेंदबाज को मौका**

पंजाब की टीम ने इस मैच में दो बदलाव किए हैं। लगातार अपनी फील्डिंग से निराश करने वाले शशांक सिंह को बाहर किया गया है। उनकी जगह सूर्यांश शेडगे आए हैं। एक और बदलाव टीम ने किया है। तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को बाहर जाना पड़ा है। उनकी जगह लॉकी फर्ग्यूसन टीम में आए हैं जो लगातार 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकने का दम रखते हैं। उन्होंने आईपीएल में गुजरात टाइटंस से खेलते हुए 157 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। ऐसे में राजस्थान के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा। देखना होगा कि 15 साल के वैभव सूर्यवंशी इस तूफानी गेंदबाज का सामना कैसे करते हैं।

**राजस्थान ने भी किए दो बदलाव**

वहीं राजस्थान ने भी अपनी प्लेइंग-11 में दो बदलाव किए हैं। उसने फॉर्म से जूझ रहे तूफानी बल्लेबाज शिमरॉन हेटमायर को बाहर का रास्ता दिखाया है। उनकी जगह श्रीलंका के दासुन शनाका आए हैं। वहीं रवि बिश्नोई की जगह यश पुंजा को मौका दिया है।

## माहौल बिगाड़ने की राजनीति में जुटी सपा,अखिलेश यादव के बयान पर श्रम मंत्री का पलटवार

**लखनऊ।** गाजीपुर में युवती की मौत के मामले में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर श्रम मंत्री अनिल राजभर ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सपा पर माहौल खराब करने का आरोप लगाया। कहा कि सपा और उसके मुखिया संवेदनशील मामलों में भी राजनीति करने से पीछे नहीं हटते। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा पूर्वांचल का सामाजिक माहौल खराब करने में लगी हुई है। मंत्री ने कहा कि सपा की गिद्ध नजर हमेशा ऐसे मामलों पर रहती है, जहां से राजनीतिक फायदा लिया जा सके। सपा का मकसद पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना नहीं, बल्कि समाज में तनाव पैदा कर अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करना है। उन्होंने दावा किया कि पीड़ित युवती के पिता स्वयं हाथ जोड़कर अपील कर चुके हैं कि उनकी बेटी की मौत पर राजनीति न की जाए। पीड़ित परिवार सरकार और प्रशासन की कार्रवाई से संतुष्ट है तथा मामले में लगातार निगरानी रखी जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। माहौल खराब करने वालों, अफवाह फैलाने वालों और शांति भंग की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पटना में NEET की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

**हॉस्टल के रूम से मिला सुसाइड नोट**



**पटना।** एसके पुरी थाना क्षेत्र के नागेश्वर पथ स्थित एक हॉस्टल (नालंदा रेसीडेंसी) में नीट (NEET) की तैयारी कर रहे मुजफ्फरपुर के छात्र श्रेयम ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। दो साल से अपार्टमेंट में रहने वाले श्रेयम के शव के पास से डिब्बा और सुसाइड नोट मिला। रूममेट परीक्षा के लिए घर गया है। बगल के छात्र अंश ने बताया, पिछले 3 दिनों से वह असामान्य रूप से शांत था। कल देर रात तक बातचीत सुनाई दी। सुबह दरवाजा न खुलने पर तोड़ा तो बेड पर लाश मिली। हॉस्टल मालिक के अनुसार वह दो साल से रह रहा था। फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची थी।

## थानों में सीसीटीवी के लिए फंड के इस्तेमाल के मुद्दे पर बैठक बुलाए केंद्र, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**● राज्यों द्वारा फंड के इस्तेमाल के पहलू पर विचार-विमर्श करने के लिए छह मई को एक बैठक बुलाई जाए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी लगाने के लिए राज्यों द्वारा फंड के इस्तेमाल के पहलू पर विचार-विमर्श करने के लिए छह मई को एक बैठक बुलाई जाए। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने अमिकस क्यूरी और वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ देव से कहा कि केंद्र सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बैठक करें। पीठ ने कहा- 'हम चाहते हैं कि अमिकस द्वारा आयोजित की जाने वाली बैठक में केंद्रीय गृह सचिव या उनके नामित व्यक्ति और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिव भाग लेंगे।' यह मुद्दा तब सामने आया जब देव ने राज्यों द्वारा फंड के उपयोग का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि केंद्र शासित प्रदेशों में केंद्र 100 प्रतिशत फंड देता है, जबकि पहाड़ी राज्यों में 90 प्रतिशत और अन्य राज्यों में 60 प्रतिशत फंड केंद्र द्वारा दिया जाता है। पीठ ने कहा- ''राज्यों से फंड के उपयोग पर प्रतिक्रिया क्यों नहीं मिल रही है?' शीर्ष अदालत ने सुझाव दिया कि अमिकस इस मुद्दे पर केंद्र, राज्यों और संघ शासित प्रदेशों के साथ बैठक बुला सकता है। मामले की सुनवाई अगली सुनवाई 13 मई को होगी और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

# भारी तनाव से गुजर रहा देश की एयरलाइन इंडस्ट्री

**● सरकार से ATF सस्ता करने की लगाई गुहार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

एअर इंडिया, स्पाइस जेट और इंडिगो ने सरकार से एटीएफ (जेट ईंधन) सस्ता करने और संचालन को सुचारु रूप से चालू रखने के लिए वित्तीय मदद मांगी है। एटीएफ विमानन कंपनी के परिचालन खर्च का लगभग 40 प्रतिशत होता है। पश्चिम एशिया में उथल-पुथल ने तेल की कीमतों को बढ़ा दिया है। साथ ही, एयरस्पेस पर पाबंदियों ने विमानन कंपनियों की परिचालन लागत (खासकर लंबी दूरी के मार्गों पर) बढ़ा दी है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआइए) ने नागर विमानन मंत्रालय से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के संचालन में एक जैसी फ्यूल प्राइसिंग सिस्टम लागू करने को कहा है।

**जेट फ्यूल की कीमतों में वृद्धि से विमानन कंपनियों को नुकसान-फेडरेशन**

फेडरेशन ने कहा कि जेट फ्यूल की कीमतों में बहुत ज्यादा वृद्धि और क्रूड व एटीएफ के बीच ज्यादा अंतर होने से विमानन कंपनियों का संचालन चुनौतीपूर्ण हो गया है। फेडरेशन ने कहा, 'एटीएफ की कीमत में बिना वजह वृद्धि से एयरलाइंस को बहुत ज्यादा नुकसान होगा और इससे विमानों को खड़ा करने की नौबत आ जाएगी।' 26 अप्रैल को लिखे पत्र में फेडरेशन ने कहा, 'ऑपरेशन जारी रखने और मौजूदा हालात से निपटने के लिए हम सरकार से तुरंत वित्तीय मदद की गुजारिश करते हैं।' साथ ही, फेडरेशन ने एटीएफ पर 11 प्रतिशत उत्पाद शुल्क को कुछ समय के लिए खत्म करने की मांग की है।

**दिल्ली में जेट फ्यूल पर 25 तो तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 29% का वैट**

पिछले महीने, सरकार ने घरेलू संचालन के लिए एटीएफ की कीमत में वृद्धि को 15 रुपये प्रति लीटर तक सीमित कर दिया था। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय संचालन के लिए कीमत 73 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ा दी गई थी।

विमानन कंपनियों ने कहा कि इस फैसले से घरेलू संचालन के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय परिचालन को भी काफी नुकसान हुआ है और अप्रैल में विमानन क्षेत्र को काफी नुकसान हुआ है। एफआइए के मुताबिक, देश के सबसे बड़े विमानन हब दिल्ली में जेट फ्यूल पर दूसरा सबसे ज्यादा 25 प्रतिशत का वैट लगता है जबकि तमिलनाडु में यह सबसे ज्यादा 29 प्रतिशत है। दूसरे बड़े शहर, जैसे मुंबई, बेंगलुरू, हैदराबाद और कोलकाता में यह 16 प्रतिशत से 20 प्रतिशत के बीच है। ये छह शहर भारत में विमानन क्षेत्र के 50 प्रतिशत से ज्यादा ऑपरेशंस को कवर करते हैं।